डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 28.09.2020 से 04.10.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-39 ▶ मूल्य ₹10.00

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में विद्यार्थी हुये लाभान्वित

हर कदम पर विद्यार्थियों का साथ देगी राज्य सरकार - मुख्यमंत्री

"विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़ने की हरसंभव कोशिश करें, राज्य सरकार हर कदम पर उनका साथ देगी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने, उनका हौसला बढ़ाने तथा प्रतिस्पर्धी भाव पैदा करने के लिये मध्यप्रदेश में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना पुनः आरंभ की जा रही है। कोरोना संक्रमण के चलते विद्यार्थियों को यह प्रोत्साहन वर्चुअल आधार पर दिया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लैपटॉप क्रय करने के लिये 16 हजार 208 विद्यार्थियों के बैंक खाते में राशि अंतरित की।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन किया पर कभी हिम्मत नहीं हारी। अपनी प्रतिभा के बल पर संगठन खड़ा किया और विश्व को एक नया विचार दिया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जीवन भी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से निकले श्री मोदी के संगठन कौशल की सराहना करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में नये गौरवशाली, वैभवशाली, संपन्न, समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। आने वाली पीढ़ी आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ अपनी रुचि और प्रवृत्ति के क्षेत्र में आगे बढ़े। श्री चौहान ने कहा कि व्यक्ति जो भी लक्ष्य निर्धारित करता है और उसे प्राप्त करने का रोडमैप विकसित कर दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहता है, तो उसे सफलता अवश्य मिलती है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए विद्यार्थियों का जीवन निर्माण आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत मुझे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाना है। इसके लिए आपके जीवन का निर्माण आवश्यक है। श्री चौहान ने छात्रों से स्वतंत्र सोच, सतर्क मस्तिष्क, अहंकार शून्यता और धैर्य रखते हुए हिम्मत तथा उत्साह के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'मन के हारे हार है-मन के जीते जीत' के मंत्र को सदा ध्यान रख अनुसरण करना चाहिए।

योजना पुनः आरंभ करने के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

श्री चौहान ने इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप भोपाल के छह विद्यार्थियों क्रमशः रजनीश सिंगरोले, सुमित शुक्ला, अंचल जैन, अंजली मिश्रा, इलमा खान और शैल्या सिंह को प्रशस्ति पत्र तथा चेक प्रदान किए। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए योजना को पुनः आरंभ करने पर मुख्यमंत्री का आभार माना। कार्यक्रम को आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने भी संबोधित किया।

वर्ष 2020 में लैपटॉप के लिए प्रदान किए जाएंगे 101 करोड़ रुपये

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2009 में आरंभ हुई थी। प्रारंभ में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लैपटॉप लेने के लिए राशि प्रदान की जाती थी। वर्ष 2013 से अशासकीय विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ प्रदान किया जाने लगा। इस बार वर्ष 2020 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 हजार 542 विद्यार्थियों को 25 हजार प्रति विद्यार्थी के मान से 101 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा रही है।

(शेष पृष्ठ 30 पर)

आई.टी.आई.

पुनः रजिस्ट्रेशन के लिए तिथि 30 सितम्बर तक बढ़ी

भोपाल, मध्यप्रदेश के शासकीय और निजी आई.टी.आई. में रजिस्ट्रेशन तथा च्वॉइस फिलिंग के लिए अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है। आई.टी.आई. के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 21 सितम्बर से प्रारंभ है। शासकीय आई.टी.आई. में भी रजिस्ट्रेशन और च्वॉइस फिलिंग की तिथि 25 सितम्बर से 30 सितम्बर निर्धारित की गई है। निजी आई.टी.आई. के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वॉइस फिलिंग के लिए मध्यप्रदेश ऑनलाइन पोर्टल अब 16 अक्टूबर तक खुला रहेगा। जिससे जो छात्र पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं कर सके हैं, वे इस अवधि में रजिस्ट्रेशन और च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं।

शासकीय आई.टी.आई. में अब तक कुल 14 हजार 574 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। इसमें क्रॉस ट्रेनिंग स्किल में 14 हजार 235, इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट समिति में 213 तथा ड्यूअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग में 136 बच्चों को प्रवेश मिला है।

फसल बीमा योजना नए स्वरूप में लाई जाएगी

खंडवा, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पुनासा स्थित स्टेडियम में विकास कार्यों के लोकार्पण के कार्यक्रम में खंडवा जिले की मुंदी और किल्लोद नगर परिषद को तहसील का दर्जा देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने संत सिंगाजी स्थल को प्रदेश का धार्मिक पर्यटन स्थल भी घोषित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में फसल बीमा योजना एक नए स्वरूप में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुनासा माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन योजना का पुनः आकलन कर छूटे हुए गांवों को जोड़ा जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में दीन-दुखियों और गरीबों के लिए संबल योजना उनका हक है।

खास ख़बर

पत्रकार बीमा योजना में आवेदन करने की तिथि बढ़ी

भोपाल, राज्य शासन द्वारा पत्रकारों के लिए क्रियान्वित पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2020 किया गया है। मध्यप्रदेश के पत्रकार, फोटोग्राफर एवं कैमरामैन के स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के आवेदन अब 30 सितम्बर, 2020 तक संबंधित बीमा कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण।
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं।
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा।
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण।

भरे जायेंगे रिक्त पद

शासकीय विभागों में रिक्त पद भरने की प्रक्रिया होगी शुरू

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित एक बैठक में गृह, राजस्व, लोक निर्माण, जेल, शिक्षा और अन्य विभागों में रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। प्रदेश में शिक्षकों के लगभग 15 हजार और अन्य विभागों के 10 हजार पद मिलाकर लगभग 25 हजार पदों के लिए भर्ती अनुमानित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यों के सुचारु संचालन के लिए विभागों में खाली पड़े पदों को भरने की कार्यवाही पूर्ण की जाए। इस संबंध में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, लोक सेवा आयोग और विभागीय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही संपादित की जाए।

श्री चौहान ने पदों की भर्ती के संबंध में विभागीय स्तर पर भी समीक्षा कर समग्र रूप से संपूर्ण प्रक्रिया अपनाए जाने के निर्देश दिए। रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में आवश्यक नियमों और प्रक्रियाओं के पालन का ध्यान रखते हुए प्रक्रिया पूरी की जाए। एक अनुमान के अनुसार करीब 10 हजार पदों के लिए पीईबी द्वारा आगामी महीनों में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इन पदों में गृह विभाग के अंतर्गत पुलिस आरक्षक के 3272 पद, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के 863 पद, गृह विभाग में आरक्षक रेडियो संवर्ग के 493 पद, राजस्व निरीक्षक के 372 पद, कौशल संचालनालय में आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी के 302 पद शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों में शीघ्र लेखक, सहायक ग्रेड-3, स्टेनो टायपिस्ट, स्टेनोग्राफर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सांख्यिकी अधिकारी और भृत्य, चौकीदार, वार्ड बॉय, क्लीनर, वाटरमैन और कुक जैसे पदों की भर्ती की जाएगी।

- **दिसम्बर 2020 में प्रस्तावित है प्राथमिक शाला शिक्षक पात्रता परीक्षा।**
- **इस परीक्षा के लिये 6.57 लाख आवेदन हुये हैं प्राप्त।**
- **तकनीकी शिक्षा संचालनालय, पशुपालन विभाग और कृषि विभाग की विभिन्न परीक्षाएं आयोजित करेगा पीईबी।**

सबको साख-सबका विकास

सहकारिता से साकार करेंगे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सपना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सबको साख - सबका विकास कार्यक्रम में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित करते हुये।

भोपाल, भारतीय संस्कृति का मूल भाव है - सभी सुखी हों। यही भाव सहकारिता का भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण सहकारिता से जुड़े भाई-बहन पूर्ण करेंगे। हमें मध्यप्रदेश की तस्वीर भी बदलनी है और यहां की जनता की तकदीर भी बदलनी है। प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को विराट स्वरूप प्रदान किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित सबको साख - सबका विकास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सहकारी आंदोलन को मरने नहीं देगी। सरकार के खजाने से जो राशि सहकारी संस्थाओं को दी जा रही है, वो कृषकों को अल्पावधि ऋण प्रदान करने में उपयोगी होगी।

(शेष पृष्ठ 30 पर)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

19 सितम्बर

दिल्ली हाईकोर्ट ने स्कूलों के गरीब छात्रों को गैजेट और इंटरनेट उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

● दिल्ली हाईकोर्ट ने गैर अनुदान प्राप्त, निजी और सरकारी स्कूलों को आदेश दिया है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई के लिये जरूरी गैजेट और इंटरनेट पैकेज उपलब्ध कराएं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे गैजेट्स और डिजिटल उपकरणों के साथ ही इंटरनेट पैकेज की लागत ट्यूशन फीस का हिस्सा नहीं है और इन्हें गरीब बच्चों को निःशुल्क ही उपलब्ध कराया जाना चाहिये। कोर्ट ने गरीब और वंचित विद्यार्थियों की पहचान करने और उपकरणों की आपूर्ति करने की सुचारु प्रक्रिया के लिये तीन सदस्यीय समिति गठित करने का निर्देश दिया।

● केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा कि ऑक्सीजन की अन्य राज्यों के बीच में आपूर्ति को किसी तरह से प्रतिबंधित नहीं करें। केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय भल्ला ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस संबंध में पत्र लिखा। पत्र में कहा गया कि कुछ राज्य ऑक्सीजन संयंत्रों से दूसरे प्रदेशों को ऑक्सीजन की आपूर्ति पर अंकुश लगा रहे हैं। केंद्र ने कहा कि ऑक्सीजन संयंत्रों पर केवल प्रदेश में स्थित अस्पतालों को आपूर्ति करने की शर्त नहीं होनी चाहिये।

● इंजीनियरिंग और तकनीक जैसे विषयों में डिप्लोमा कर चुके छात्रों को लेटरल एंट्री से बीई (बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग) तथा बीटेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) जैसे अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग कोर्स में अब आसानी से प्रवेश मिल सकेगा। कोई भी तकनीकी संस्थान ऐसे छात्रों को प्रवेश देने से मना नहीं कर सकेगा। इस संबंध में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने प्रचलित नियमों को और सख्त कर दिया है।

20 सितम्बर

मौसम के सटीक पूर्वानुमान के लिये विमान खरीदेगी सरकार

● मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था को ज्यादा सटीक बनाने के लिये केंद्र सरकार 250 करोड़ रुपये का विमान खरीदेगी। यह जानकारी केंद्रीय भू-विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने लोकसभा में दी।

डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में मौसम संबंधी प्रक्रियाओं के लिये विशेष अनुसंधान विमान खरीदने की योजना है। यह विमान वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा। इस विमान की मदद से मौसम संबंधी विभिन्न आंकड़ों का विश्लेषण संभव हो सकेगा। डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि यह विमान वायु प्रदूषण का आकलन करने और स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संबंधी अध्ययन में भी सहायक होगा।

● बेलारूस में सरकार विरोधी प्रदर्शन लगातार बढ़ते जा रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के बाद से शुरू हुये इन प्रदर्शनों से हालात बेकाबू होने लगे हैं। प्रदर्शनों को रोकने के लिये सेना को सड़क पर उतारा गया है। बेलारूस की विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको को जीता हुआ मानने से इनकार कर दिया है। इसके बाद से ही जनता राष्ट्रपति के विरुद्ध सड़कों पर उतर गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति लुकाशेंको ढाई दशक से बेलारूस के राष्ट्रपति हैं।

● सीरिया में अपनी ताकत बढ़ाने की दिशा में अमेरिका काम कर रहा है। अमेरिका ने सीरिया में अतिरिक्त फोर्स तथा हथियारों की तैनाती की है। अमेरिका ने यह कदम सीरिया में रूस की बढ़ती ताकत को देखते हुये उठाया है। अमेरिका ने कहा कि सीरिया में तैनात रूसी सैनिक अमेरिकी सैनिकों को जानबूझकर निशाना बना रहे हैं। इसी कारण फौज की संख्या बढ़ाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खात्मे के बाद से अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैनिकों को वापस बुला लिया था।

21 सितम्बर

अमेरिका ने कोरोना टेस्टिंग गाइडलाइन में किया बदलाव

● अमेरिका ने कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान के लिये टेस्टिंग गाइडलाइन में बड़ा बदलाव किया है। अमेरिका में अब बिना लक्षण वाले लोगों का भी कोरोना टेस्ट किया जायेगा। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, कोरोना संक्रमित व्यक्ति से 6 फीट के दायरे में कम से कम 15 मिनट के लिये संपर्क में आये सभी लोगों को कोरोना टेस्ट कराना जरूरी होगा। उल्लेखनीय है कि सीडीसी ने कोरोना गाइडलाइन्स में दूसरी बार बदलाव किया है। इससे पहले सीडीसी ने कहा था कि जिन लोगों में कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं हैं, उन्हें टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद अमेरिका के कई राज्यों ने सीडीसी की गाइडलाइन खारिज कर दी थी।

● अफगानिस्तान में सरकार और आतंकी संगठन तालिबान के बीच होने वाली शांति वार्ता से पहले अफगान सेना ने बड़ी कार्यवाही करते हुये कई आतंकवादियों को मार गिराया है। अफगान सेना ने देश के उत्तरी हिस्से के कुंदुज प्रांत के खनबाद जिले के सैयद रमजान गांव पर हवाई हमले किये। अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, हवाई हमले में 30 तालिबानी लड़ाके मारे गये हैं। बताया जा रहा है कि खनबाद जिला तालिबान के नियंत्रण में है।

● ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा बनाई जा रही कोरोना वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल पुणे में शुरू हो गया है। ट्रायल के तहत 150 से 200 वॉलिंटियर्स को इस वैक्सीन का डोज दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले इस वैक्सीन का प्रतिकूल असर दिखने के बाद इसका ट्रायल रोक दिया गया था। इसके बाद 15 सितम्बर को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीजीसीआई) ने इस वैक्सीन का ट्रायल शुरू करने की मंजूरी दी।

22 सितम्बर

हरडा ने बीमा कंपनियों को वीडियो आधारित केवाईसी की अनुमति दी

● भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों को ग्राहकों की वीडियो आधारित केवाईसी करने की अनुमति प्रदान की है। इस फैसले से बीमा कंपनियां ग्राहकों की केवाईसी की अनिवार्यता को ऑनलाइन पूरा कर सकेंगी। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां एप विकसित कर केवाईसी की प्रक्रिया को ऑनलाइन या वीडियो के माध्यम से पूरा कर सकती हैं। इरडा ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से केवाईसी की प्रक्रिया को सुगम और उपभोक्ता अनुकूल बनाना है। इरडा ने कहा कि वीडियो केवाईसी में सत्यापन की पूरी जिम्मेदारी बीमा कंपनी की होगी। बीमा कंपनियों को तय नियमों के तहत सॉफ्टवेयर और सुरक्षा ऑडिट भी कराना होगा।

● अफगानिस्तान में तालिबान और सेना के बीच एक बार फिर संघर्ष बढ़ने लगा है। तालिबानी आतंकवादियों ने अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों पर हमला किया है। इस हमले में 9 अफगान सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई है, इनमें तीन पुलिस अफसर भी शामिल हैं। यह हमला काबुल से 245 किलोमीटर दूर एक सुरक्षा चौकी पर हुआ। हमले के बाद अफगान सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की और सभी हमलावरों को मार गिराया। इस हमले पर तालिबान ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

● कैंसर का इलाज करा रहे मरीजों के लिये कोरोना संक्रमण घातक हो सकता है। यह बात एक अध्ययन में कही गई है। अध्ययन से पता चला है कि कोरोना संक्रमण के दौरान कैंसर का इलाज कराने से मरीज की मौत होने की आशंका बढ़ जाती है। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी के शोधकर्ताओं ने किया है। इस अध्ययन में यह पता लगाया गया था कि कोरोना से ग्रसित कैंसर मरीजों का इलाज कराने से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

23 सितम्बर

आतंकी घटनाओं के शिकार लोगों के आश्रितों को मिलेगा नीट परीक्षा में कोटा

● आतंकी घटनाओं के शिकार लोगों के आश्रितों को अब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कोटा मिलेगा। केंद्र सरकार ने कहा कि एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये होने वाली नीट परीक्षा में आतंकवाद प्रभावितों को कोटा मिलेगा। यह फैसला वर्ष 2020-21 के शैक्षणिक सत्र पर भी लागू होगा। यह कोटा मेडिकल प्रवेश के लिये सीटों के केंद्रीय पूल में से दिया जायेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवाद के शिकार लोगों के परिवारों से केंद्रीय पूल के तहत एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये आवेदन मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नीट परीक्षा 13 सितम्बर को आयोजित की गई थी, जिसमें 15.9 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था।

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी अभ्यास-हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) विमान का सफल परीक्षण किया। यह एक गैस टरबाइन इंजन और स्वचलित नेविगेशन सिस्टम है। इस विमान में खुद को नियंत्रित करने और निर्देश देने के लिये फ्लाइट कंट्रोल कम्प्यूटर स्थापित किया गया है। डीआरडीओ ने बताया कि इस विमान पर विभिन्न रडारों और इलेक्ट्रो ऑप्टिक सिस्टम से नजर रखी गई है। इस विमान का उपयोग विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन के लिये लक्ष्य के तौर पर किया जा सकता है।

24 सितम्बर

स्कूल ड्रॉपआउट रोकने के लिये देशभर में खुलेंगे इनोवेटिव शिक्षा केंद्र

● देशभर में प्रत्येक वर्ष कई स्कूली विद्यार्थी बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। इन स्कूली ड्रॉपआउट को रोकने के लिये केंद्र सरकार देशभर में इनोवेटिव शिक्षा केंद्र खोलने जा रही है। यह शिक्षा केंद्र नई शिक्षा नीति के तहत खोले जायेंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों में विद्यार्थियों की ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिये शिक्षा के वैकल्पिक मॉडल को अपनाया जायेगा। इसके लिये देशभर में इनोवेटिव शिक्षा केंद्र स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के जरिये ऐसे छात्रों को फिर से शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा, जो विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक कारणों से पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं।

● काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईसीएसई) कक्षा दसवीं और बारहवीं की कंपार्टमेंट और सुधार परीक्षाएं 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित करेगा। इन परीक्षाओं के परिणाम 17 अक्टूबर को घोषित किये जायेंगे। सीआईसीएसई ने परीक्षा के लिये गाइडलाइन भी जारी की है। गाइडलाइन के तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

● भारतीय दवा कंपनी भारत बायोटेक ने नाक के जरिये ली जाने वाली एक विशेष वैक्सीन विकसित करने के लिये अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ समझौता किया है। इस वैक्सीन को कोरोफ्लू नाम दिया गया है। भारत बायोटेक के अध्यक्ष कृष्णा एला ने बताया कि यह वैक्सीन शरीर में डालने में सरल है। इसके लिये सीरिंज जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। इसका प्रभावी नेजल डोज न केवल कोरोना से बचायेगा, बल्कि एंटीबॉडी बनाकर अन्य रोगों से भी बचायेगा। इस समझौते के तहत भारत बायोटेक के पास अमेरिका, यूरोप और जापान को छोड़कर सभी बाजारों में वैक्सीन वितरित करने का अधिकार होगा।

25 सितम्बर

किसानों के लिये सेंट्रलाइज्ड फार्म मशीनरी परफॉर्मेंस टेस्टिंग पोर्टल लॉन्च

● कृषि मशीनरी परीक्षण संस्थानों की सेवाओं में सुधार और मशीनों के परीक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिये केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल का नाम सेंट्रलाइज्ड फार्म मशीनरी परफॉर्मेंस टेस्टिंग पोर्टल रखा गया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने यह पोर्टल लॉन्च किया। श्री तोमर ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में मशीनरी का उपयोग बढ़ा है, जिससे फसल के क्षेत्र, फसल की विविधता और कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से निर्बाध तरीके से कृषि मशीनों के परीक्षण के लिये आवेदन करने और परीक्षण की निगरानी रखने की सुविधा मिलेगी।

● गोवा में आयोजित होने वाला 51वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव स्थगित हो गया है। यह महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होना था। अब यह महोत्सव 16 से 24 जनवरी 2021 तक आयोजित किया जायेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि देश में कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुये अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को स्थगित करने का फैसला लिया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

राष्ट्रीय पोषण माह में पोर्टल पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन

भोपाल, पोषण अभियान अंतर्गत पूरे सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनका उद्देश्य पोषण जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके अंतर्गत www.mygov.in पोर्टल पर स्कूली बच्चों के लिये भोजन और पोषण से संबंधित क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित है। पोषण क्विज में खाद्य और पोषण के विषयों पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। ये प्रश्न प्रतिभागियों को गर्भवती महिलाओं, माताओं और बच्चों के समग्र विकास, पर्याप्त पोषण के बारे में जानने और जागरूक करने के लिए तैयार किए गए हैं। अधिकतम सही उत्तरों की संख्या के आधार पर विजेताओं के नाम घोषित किए जायेंगे।

Requirements
Academic Positions for B.A.LL.B (5 Years Integrated), LL.B.(3 Years) :-
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Political Sc., Hindi, History, Economics & English-Lit . & all Law subjects.
Admin Staff : • Registrar • Scholarship Staff • Office Assistant • Librarian • Book Lifter • PR / Admission / Marketing Officer
Qualification As per UGC / BCI / DHE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates
Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 5 days from the date of advertisement or mail : registrarsslc@gmail.com Mob.: 9717265930
S & S LAW COLLEGE
(Approved by BCI, New Delhi & D.H.E. Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinda Manor, opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Datoda, Khandwa Road, Near Choki Dhani, Indore (M.P.) 452020 20 sterling combine
R-44453/2020

वर्ष 37, अंक 39 28.09.2020 से 04.10.2020
रोज़गार और निर्माण
rojgaarnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वार्यगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

स्ट्रीट वेंडर्स को ब्याज मुक्त कर्ज के साथ परिचय पत्र भी मिलेंगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स के व्यवसाय को मजबूत आधार देने के लिये उन्हें 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त कर्ज देने की योजना अमल में लाई गई है। सभी वेंडर्स अपना कार्य सम्मानजनक ढंग से कर सकें, इसलिये इन सभी को परिचय पत्र प्रदान किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी कंपनियों को छोटे व्यवसाइयों का व्यवसाय छीनने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने पथ विक्रेताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आपकी मेहनत पर विश्वास है। इसलिये मैं आपके ऋण की गारंटी ले रहा हूं और इस ऋण का ब्याज भी सरकार ही चुकायेगी। मुख्यमंत्री ने यह बातें भोपाल स्थित मिंटो हॉल में ग्रामीण लघु व्यवसायियों (स्ट्रीट वेंडर्स) के ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सब्जी और फल बेचने वाले, चाट की दुकान लगाने वाले, पान की दुकान चलाने वाले, मनिहारी की छोटी दुकान चलाने वाले, मोची, नाई, धोबी और अन्य इसी तरह के कार्य करने वाले लघु व्यवसायी कोविड-19 के कारण आर्थिक दिक्कतों में थे। इनकी समस्याएं इस योजना से हल करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार ने जुलाई माह में योजना की रूपरेखा बनाई। सिर्फ ढाई महीने की अवधि में आज प्रदेश के 20 हजार ग्रामीण पथ विक्रेताओं को ऋण राशि मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से मध्यप्रदेश के स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने योजना की जानकारी देते हुये बताया कि हितग्राहियों द्वारा 10 हजार रुपये का ऋण चुकाने पर आगामी वर्ष दोगुनी राशि देने का योजना में प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स से कहा कि आपकी जिंदगी बदलना ही हमारी जिंदगी का मकसद है। मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण प्रदान करने वाली पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुये बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की सराहना की है। देश के कुल हितग्राहियों में से 66 प्रतिशत हितग्राही मध्यप्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र में योजना की सफलता को देखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने पर विचार किया जाये। प्रदेश में कामगार सेतु पोर्टल के माध्यम से 8 लाख 52 हजार पंजीयन हो चुके हैं। सभी स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु व्यवसायियों की रोजी-रोटी की चिंता दूर करने के साथ ही उन्हें उनके स्थान से न हटाने के संबंध में भी निकायों को निर्देश दिये जायेंगे। सौंदर्यीकरण के नाम पर इन मेहनतकश वेंडर्स को उनके व्यवसाय करने के स्थान से हटाने का कार्य नहीं किया जायेगा। पथ विक्रेताओं के साथ मिलकर पथ को साफ और सुंदर रखने के लिये कॉपरेटिव स्ट्रीट मैनेजमेंट अर्थात सहयोगी पथ प्रबंधन की बात भी हमें सोचनी होगी, जिसमें पथ विक्रेताओं को अपना सामान बेचने का अधिकार होगा। पथ विक्रेताओं को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में भी शामिल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पथ विक्रेताओं को ऋण प्राप्त होगा उन्हें जनपद पंचायत से पहचान पत्र भी जारी किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदौर, शहडोल और गुना के पथ विक्रेताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बातचीत की। इंदौर के सांवेर जनपद के ग्राम पंचायत रिंगनौदिया के श्री मुकेश से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोन मिल गया है, अब किश्त ठीक से चुकाना, ताकि फिर दोगुनी राशि का लोन ले सको। इस पर मुकेश ने कहा कि निश्चित रूप से हम नियमित किश्त चुकायेंगे और ब्याज तो मामा भरेगा। श्री मुकेश सब्जी का ठेला लगाते हैं। मुकेश ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी बेटी अस्वस्थ रहती है। इस बातचीत में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने श्री सिलावट को कहा कि वे मुकेश की बेटी का इलाज करायें और उपयुक्त विशेषज्ञ की सलाह लें। स्ट्रीट वेंडर योजना मध्यप्रदेश में इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिये बहुत ही फायदेमंद साबित हो रही है। प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा ग्रामीण पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित किये गये हैं। ये सभी मेहनतकश और ईमानदार लोग हैं। अपना कर्ज समय पर चुकायेंगे और आने वाले दिनों में अपने व्यवसाय को और बेहतर करेंगे।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- द्वीप-3 छिछले पानी के केंद्रीय समुद्रताल (लेगून) सहित निम्न वृत्ताकार द्वीप प्रवाल वलय कहलाते हैं। प्रवाल द्वीप वलय संभवतः प्रवाल द्वीप विकास में अंतिम चरण को दर्शाते हैं। जब चारों ओर प्रवाल की रचना वाले द्वीप डूब जाते हैं तो प्रवाल मंडल पानी के ऊपर बचा रहता है, जबकि द्वीप पानी के नीचे अंतर्ध्यान हो जाता है। कालांतर में प्रवालीय चूना-पत्थर की भित्ति का जब अपक्षय हो जाता है और उस पर मिट्टी निकल आती है तब चिड़ियों या हवा द्वारा वहां लाये गये बीज अंकुरित होकर वनस्पति का उत्पादन करते हैं। ऐसी स्थिति में प्रवाल भित्ति निवास के योग्य क्षेत्र बन जाता है, यही वास्तव में प्रवाल द्वीप है। प्रवाल द्वीप वलय के दो भाग होते हैं- 1. केंद्रीय समुद्री भाग (जलीय क्षेत्र), 2. इर्द-गिर्द की भित्तीय भूमि। कभी-कभी जलीय भाग भू-धरातल से कहीं अधिक विशाल होता है। मध्य प्रशांत महासागर के मार्शल द्वीप समूह में कवाजेलिन इसका उदाहरण हैं। दूसरी ओर केंद्रीय प्रशांत महासागर में लाइन द्वीप समूह में क्रिसमस द्वीप एक प्रवाल द्वीप वलय है। इसका समुद्रताल (लेगून) सापेक्षिक रूप से नगण्य है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितम्बर

स्थानीय संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को जानने का अवसर

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

यात्रा और जगह का परिवर्तन मन को नया जोश प्रदान करता है रोमन दार्शनिक सेनेका का यह कथन बिलकुल सही है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति यात्रा के माध्यम से जितना सीखता है वह जीवन की कोई भी किताब नहीं सिखा सकती है। नए अनुभव, नई यादें हमें जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए मनुष्य ने अपने विकास के सभी महत्वपूर्ण पड़ाव यात्रा के माध्यम से ही पार किए हैं, इसलिए कहा भी जाता है कि जीवन सिर्फ चलने का नाम है। विश्व पर्यटन दिवस यात्रा को ही पूरी तरह समर्पित है।

2020 की थीम

पर्यटन दिवस की यह विशेषता है कि लोगों को विभिन्न तरीकों से जागरूक करने के लिए पर्यटन दिवस हर वर्ष एक विशेष थीम पर मनाया जाता है। पूरे विश्व में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2020 में विश्व पर्यटन दिवस टूरिज़्म एंड रूरल डेवलपमेंट पर केन्द्रित है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से ग्रामीण जीवन में सुधार, महिलाओं एवं बच्चों की सेहत एवं विकास तथा शिक्षा में सुधार में सहयोग हो सकेगा। यूएन-डब्ल्यूटीओ के महासचिव ज़ुरब पोलोलिकाश्विली ने कहा कि, पर्यटन ग्रामीण समुदायों को अपनी अनूठी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संभालने में मदद करता है, परियोजना संरक्षण, विलुप्त होती प्रजातियों, परंपराओं या स्वादों को इसके माध्यम से सहेजा जा सकेगा।

विश्व पर्यटन दिवस की शुरुआत

विश्व में पर्यटन के बढ़ते महत्व और इसकी लोकप्रियता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 1980 से 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितम्बर का दिन चुना गया, क्योंकि इस दिन 1970 में यूएनडब्ल्यूटीओ के कानूनों का निर्माण हुआ जिन्हें विश्व पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जाता है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य विश्व पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक करना है। पर्यटन अन्तर्राष्ट्रीय समुदायों के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रभावित करता है।

स्थानीय पर्यटन में संभावना

भारत में हरियाली, बर्फ, पहाड़, नदियां, झरने, रेगिस्तान, वन्य जीव और आदिवासी संस्कृति, लंबे समुद्र तट समेत वह सब कुछ है, जो हम विश्व के अलग-अलग कोनों में देखने के लिए जाते हैं। भारत की संस्कृति और विविधता के कारण यह संपूर्ण विश्व के एक बहुत बड़े भूभाग की विविधता को अपने अंदर समेटा हुआ सा प्रतीत होता है। यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं छिपी हुई हैं। प्रत्येक शहर और राज्य के पास विरासत, वास्तुकला और अनुभव के संदर्भ में बहुत कुछ है जो उसे पर्यटन के नजरिये से विशेष बनाता है। भारत में घरेलू पर्यटन की जबरदस्त संभावनाएं हैं और आर्थिक विकास में योगदान बढ़ाने के लिए हमारे पर्यटन स्थलों की जानकारी को प्रभावी और आकर्षक संचार प्रणाली से पर्यटकों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है।

पर्यटन को बढ़ाने में टेक्नोलॉजी का प्रयोग

टेक्नोलॉजी ने हमारी जिंदगी को आज हर तरफ से आसान बनाया है। ऐसा कोई सेक्टर नहीं है, जिसमें टेक्नोलॉजी ने अपनी उपस्थिति दर्ज न करायी हो। पर्यटन को डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से और वर्चुलाइजेशन (वीआर) द्वारा और अधिक रोचक बनाने के साथ पर्यटकों की तादाद बढ़ायी जा सकती है। ऑगमेंटेट रियलिटी (एआर) जैसे टूल, जो वीडियो, ग्राफिक व जीपीएस जैसे डेटा को सुपरईपोज्ड करके पर्यटन के वास्तविक अनुभव को और बेहतर कर सकते हैं। इससे देखने वाले को आसपास के वातावरण के साथ ही वास्तविकता से आगे का अनुभव कराया जा सकता है। भारत के संदर्भ में उदाहरण के लिए सांची आने वाला कोई भी पर्यटक अपने स्मार्ट फोन पर एआर एप्लीकेशन का इस्तेमाल करके मौजूदा स्तूप को तो देख ही सकता है, साथ ही वह एक समानांतर दृश्य भी देख सकता है कि अशोक के समय के बौद्ध भिक्षुओं द्वारा पूजा-प्रार्थना व ध्यान करते हुए कैसा लगता रहा होगा। जब वह परिसर में घूमता है तो वह यहां पर ब्राह्मी लिपि में लिखी बातों के अनुवाद को पहले से सेट की गई भाषा (उदाहरण के लिए जापानी या सिंहली) में भी देख सकता है। जैसे, अगर मध्यप्रदेश के नक्शे पर स्मार्ट फोन को चंदेरी के ऊपर ले जाते हैं तो इसमें वहां का इतिहास और अन्य रोचक बातें दिख सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल से इन अनुभव को ज्यादा पर्सनल किया जा सकता है। सरकार विभिन्न निजी कंपनियों को वर्चुअल टूरिज़्म एप डिजाइन करने की अनुमति दे सकती है। इसके अलावा सरकार उन्हें पर्यटन स्थलों की शूटिंग की अनुमति, उपलब्ध ऐतिहासिक साहित्य, कलात्मक वस्तुओं और मल्टीमीडिया इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच दे सकती है। निजी कंपनियां एआर/वीआर सामग्री बनाकर उसे पब्लिक प्राइवेट साझेदारी के तहत होने वाली आय को शेयर करते हुए उपलब्ध करा सकती हैं। इससे कुल राजस्व में वृद्धि होगी, पर्यटन तो बढ़ेगा और अंततः पर्यटन स्थल के विकास और संरक्षण में सुधार होगा।

पर्यटन के नए स्वरूप

पिछले कुछ वर्षों में देखा जाए तो पर्यटन में भी कई बदलाव दिखाई दिए हैं जैसे पहले लोग सिर्फ देश में ऐतिहासिक स्थल घूमने आते थे, लेकिन अब इको टूरिज़्म, रूरल टूरिज़्म, मेडिकल टूरिज़्म जैसे कई क्षेत्र विकसित हो गए हैं। शहरों की आवो-हवा में रहने वाले लोगों के लिए इको टूरिज़्म या रूरल टूरिज़्म बेहतर है।

साहित्य और पर्यटन

बिहार के पत्रकार और लेखक गिरिन्द्रनाथ झा ने हिंदी के महान साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु के जन्म स्थान औराही हिंगना गांव जो पूर्णिया जिले में स्थित है। उसके करीब स्थित अपने गावं चनका को ग्रामीण पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया है। वह इस यात्रा के दौरान पर्यटकों को रेणु की नगरी की भी यात्रा कराते हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश में महान व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की जन्मभूमि जमानी, राष्ट्र कवि माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मभूमि बाबई माखननगर आदि को भी विकसित किया जा सकता है। ऐसे में साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों के लिए अपने पसंदीदा कवि और लेखक के जीवन को जानने का जहां अवसर मिल सकता है, तो वहीं उनकी विरासत को सहेजने से स्थानीय लोगों के लिए यह एक रोज़गार का माध्यम भी हो सकता है। यानी अपने आसपास स्थित साहित्यिक केन्द्र, धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्र को स्थानीय स्तर पर भी पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

महिलाओं में बढ़ता सोलो ट्रेवलिंग का चलन

एक वक्त था जब महिलाएं पुरुषों के बिना घर से अकेले नहीं निकलती थीं, लेकिन बदलते वक्त और आर्थिक आज़ादी ने उन्हें अकेले यात्रा करने का आत्मविश्वास और अधिकार दिया है। बुजुर्ग महिला तीर्थयात्री ही नहीं युवा महिलाएं भी अपना बैग पैक करके अकेले ट्रेवलिंग पर निकल जाती हैं देश-दुनिया को जानने। ऐसे में टेक्नोलॉजी ने उन्हें सेफ्टी में मदद की है, तो प्रशासन भी महिलाओं के अकेले यात्रा को लेकर उनके हित में कदम उठाने में जुटा हुआ है। पर्यटन सीखने, जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा भरने का सबसे सहज और सरल तरीका है।

(फोटो गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के व्याख्याता के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक
01/2020/25.09.2020

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 07.11.2020

आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16.11.2020

महत्त्वपूर्ण

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग हेतु विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है:- **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता**
संबन्धित विषय में एम.डी. की उपाधि।
अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जायेंगे। आवेदन पत्र **दिनांक 08.10.2020 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 07.11.2020 (रात्रि 12:00 बजे)** तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर भरे जा सकते हैं।
3. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र में उल्लेखित भुगतान विवरण से यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क भुगतान हो चुका है। उक्त ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबन्धित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं उपस्थिति पत्रक (आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर उपलब्ध) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में दिनांक **16.11.2020** तक जमा कराएं। आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें एवं तदनुसार पर्याप्त समय पूर्व आवेदन पत्र भरें।
4. आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन पत्रों में दिनांक **13.10.2020** से दिनांक **09.11.2020** तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रु. **50/-** त्रुटि सुधार शुल्क देय होगा। आवेदक त्रुटि सुधार हेतु एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन सरसरी तौर पर अमान्य किए जायेंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा।
5. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनायें, ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही आवश्यक होने पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिये गए **e-mail Address** तथा मोबाइल नंबर पर **e-mail** तथा **SMS Alert** भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करें।
6. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आयें और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।
7. उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक **25181/2019** के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्रमांक	विषय	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या				
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	व्याख्याता संहिता सिद्धांत	3	1	2	3	0	9	1	0	1	1	0
2.	व्याख्याता रचना शरीर	2	0	4	4	0	10	1	0	1	1	0
3.	व्याख्याता क्रिया शरीर	2	0	1	1	0	4	1	0	0	0	0
4.	व्याख्याता द्रव्यगुण	1	0	1	1	0	3	0	0	0	0	0
5.	व्याख्याता रसशास्त्र	5	0	1	0	0	6	2	0	0	0	0
6.	व्याख्याता अगद तंत्र	5	0	1	0	0	6	2	0	0	0	0
7.	व्याख्याता रोग निदान	4	0	1	0	0	5	1	0	0	0	0
8.	व्याख्याता स्वस्थवृत्त	2	0	1	0	0	3	1	0	0	0	0
9.	व्याख्याता कायचिकित्सा	5	0	3	3	0	11	2	0	1	1	0
10.	व्याख्याता स्त्रीरोग एवं प्रसूति तंत्र	4	0	0	0	0	4	1	0	0	0	0
11.	व्याख्याता कौमारभृत्य	2	0	0	0	0	2	1	0	0	0	0
12.	व्याख्याता शल्यतंत्र	2	0	0	0	0	2	1	0	0	0	0
13.	व्याख्याता शालाक्य तंत्र	5	0	0	0	0	5	2	0	0	0	0
14.	व्याख्याता पंचकर्म	3	0	1	0	0	4	1	0	0	0	0
15.	व्याख्याता आर्गेनन ऑफ मेडिसिन	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
16.	व्याख्याता होम्योपैथी फार्मेसी	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
17.	व्याख्याता होम्योपैथी मटेरिया मेडिका	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
18.	व्याख्याता प्रैक्टिस ऑफ मेडिसिन	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
19.	व्याख्याता आबस्टेट्रिक्स एण्ड गायनेकोलाजी	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
20.	व्याख्याता रिपर्टरी	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
21.	व्याख्याता मुआलेजात	0	0	1	0	0	1	0	0	0	0	0
22.	व्याख्याता जहारियात	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
23.	व्याख्याता इल्मुल अमराज व सरीरियात	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
24.	व्याख्याता इल्मुल अदविया (मुफ़रदात)	1	0	1	0	0	2	0	0	0	0	0
25.	व्याख्याता अमराजे निसवां	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
26.	व्याख्याता इलाज बित तदबीर	1	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0

दो **पद का विवरण**

पद का नाम	:	**व्याख्याता आयुष (विभिन्न विषय)**
विभाग का नाम	:	आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन
श्रेणी	:	राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
पद स्थिति	:	अस्थायी
वेतनमान	:	रुपये 56100-177500 तथा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।
पद के मुख्य कर्तव्य	:	**शैक्षणिक कार्य**

तीन **शैक्षणिक अर्हता** : **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता**
संबन्धित विषय में एम.डी. की उपाधि।
अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
विशेष :
(1) उक्त अर्हतायें विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 07.11.2020 तक** अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जायेंगे। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा निर्धारित अर्हता में संबन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ संस्कृत का पर्याप्त ज्ञान अपेक्षित है जिसका परीक्षण आयोग द्वारा साक्षात्कार के स्तर पर किया जाएगा।
(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुये ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुये शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप -
(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा ऑनलाइन परीक्षा की स्थिति में ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुये पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जायेंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जायेगी।

(3) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिये आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।

(4) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) हेतु आरक्षित पद केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) हेतु आरक्षित है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के रूप में मान्य हैं, आरक्षण हेतु पात्र नहीं हैं। उन्हें अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जायेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा की वे क्रीमीलेयर में नहीं आते।

(5) मध्यप्रदेश के बाहर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थी अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।

(6) **जिन विषयों में किसी आरक्षित वर्ग हेतु पद आरक्षित नहीं है उनमें संबन्धित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जाएगा एवं उन्हें संबन्धित आरक्षित वर्ग को देय आयु सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा। व्याख्याता मुआलेजात विषय हेतु केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे।**

(7) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

चार मध्यप्रदेश सिविल सेवायें (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान हैं तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिये आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छः आयु सीमा :- 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो

सात आयु संगणना तिथि :- 01.01.2021
आयु सीमा में दी गयी अन्य छूटों के लिए **परिशिष्ट-1** देखें।

आठ अधिवार्षिकी आयु :- 62 वर्ष

नौ चयन प्रक्रिया :-
चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार संख्या में पात्र अभ्यर्थियों को तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा :-

पदों की संख्या	साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या
1	2
एक पद के लिए	12 उम्मीदवारों तक
2-3 पदों के लिए	24 उम्मीदवारों तक
4-6 पदों के लिए	36 उम्मीदवारों तक
7-9 पदों के लिए	48 उम्मीदवारों तक
10 पद और ऊपर के लिए	50 उम्मीदवारों तक या पदों की संख्या के 5 गुना

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित श्रेणी हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप :-

(1) आवश्यक होने पर लिखित परीक्षा ऑनलाइन पद्धति से आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 5 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय **"रोज़गार एवं निर्माण"** समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में आवेदकों को परीक्षा शुल्क का पृथक से भुगतान करना होगा। चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग का चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस आवेदन प्रक्रिया :- उक्त पद हेतु आवेदन पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट-2** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनायें, प्रारंभिक परीक्षा तथा मुख्य परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in, www.mppscdemo.in** तथा **www.mppsc.com** एवं **रोज़गार और निर्माण** समाचार पत्र में प्रकाशित किये जायेंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिये गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की बेवसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

बारह आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(1) आयु सीमा की छूटें **परिशिष्ट-1**

(2) आवेदन पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-2**

सचिव

परिशिष्ट-1

(एक) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में अनुज्ञेय छूट

(1) **मध्यप्रदेश शासन,** सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा **उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।**

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

स्पष्टीकरण :-
भूतपूर्व सैनिक से अभिप्रेत है 'मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985' के नियम 2 (ग) में यथा परिभाषित भूतपूर्व सैनिक।

(दो) प्रोत्साहनस्वरूप दी गयी छूटें :-

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।

टीप :- (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहनस्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

नोट :- (01) उपरोक्त **परिशिष्ट-1** (एक) (1 से 2) (दो) (1 एवं 2) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) आवेदकों को उपरोक्त सभी छूटें देय होंगी किन्तु समस्त छूटों को शामिल करते हुये भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन आवेदकों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे
1. www.mponline.gov.in, 2. www.mppsc.com, 3. www.mppsc.nic.in

2. आवेदक mponline के स्थापित अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरकर कियोस्क पर ही आवेदन/परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र की भली-भांति जांच कर सुनिश्चित कर लें कि भुगतान हो चुका है। mponline के अधिकृत कियोस्कों की सूची **www.mponline.gov.in, www.mppsc.com** तथा **www.mppsc.nic.in** पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध है।

श्री चौहान ने कहा कि अब किसानों को विपणन के विकल्प मिल रहे हैं। किसानों की आय समर्थन के लिए ही पी.एम. किसान स्कीम भी लागू की गई। केंद्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में बजट में भी उल्लेखनीय वृद्धि की। वर्ष 2020-21 में 1 लाख 34 हजार 399.77 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया जो पूर्व वर्ष 1 लाख 30 हजार 485.21 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके पूर्व वर्ष में भी आवंटन बढ़ाया गया था। केंद्रीय बजट 2018-19 में उत्पादन लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया था। अधिकांश फसलों की बुवाई में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। रबी सीजन 2020 में गत माह तक देश में 3.9 करोड़ मीट्रिक टन की खरीदी की गई। किसानों को समर्थन मूल्य पर 75 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

आदिम जाति कल्याण विभाग में योजनाओं का कम्प्यूटराइजेशन

भोपाल, आदिम जाति कल्याण विभाग में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ ऑनलाइन डी.बी.टी. (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से दिये जाने के लिये योजनाओं का कम्प्यूटराइजेशन किया गया है। इस काम के हो जाने से हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में योजनाओं का भुगतान किया जा रहा है।

योजनाओं में हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण के अंतर्गत आदिवासी वर्ग के 9 लाख 40 हजार हितग्राहियों का प्रोफाइल पंजीकरण किया गया है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 78 हजार 688 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति की 115 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान डी.बी.टी. के माध्यम से उनके आधार लिंक बैंक खाते में किया गया है।

विभाग की एक अन्य आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में 29 हजार 871 विद्यार्थियों को 36 करोड़ 76 लाख रुपये की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से उनके बैंक खातों में भुगतान की गई है। प्रतिभा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 34 विद्यार्थियों को 9 लाख रुपये की राशि उनके बैंक खातों में भुगतान की गई है। शिक्षक प्रोफाइल पंजीकरण के अंतर्गत अध्यापक संवर्ग के 55 हजार अध्यापकों का विभाग में ऑनलाइन संविलियन आदेश जारी किया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग की छात्रावास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 1563 विभागीय छात्रावासों में 57 हजार 274 विद्यार्थियों को करीब 75 करोड़ रुपये की राशि ऑनलाइन भुगतान किये जाने के लिये ऑनबोर्ड की गई है।

वनाधिकार उत्सव

विकास के अवसर पाना आदिवासी समुदाय का अधिकार - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित वनाधिकार उत्सव कार्यक्रम में हितग्राहियों को वनाधिकार-पत्र वितरित करते हुये।

भोपाल, बचपन से ही मैंने आदिवासी भाई-बहनों की पीड़ा और संघर्ष को देखा है। उनकी स्थिति में सुधार के लिये मन में बचपन से ही तड़प रही है। हमने हमेशा सुनिश्चित किया कि प्रदेश के आदिवासी भाई-बहनों का कभी कोई नुकसान न हो। उनके मान-सम्मान से कोई समझौता न हो। हमारी यह विचारधारा है कि जो समाज में सबसे नीचे है, सबसे गरीब है, वही हमारा भगवान है और उसे आगे लाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह सरकारी व्यवस्था हर गरीब के साथ न्याय करने और जनता की बेहतर सेवा के लिये है। जीवन जीने के सभी संसाधन और विकास के अवसर बराबरी से पाना आदिवासी भाई-बहनों का अधिकार है। राज्य शासन उन्हें यह अधिकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 'वनाधिकार उत्सव' को संबोधित करते हुये कहीं।

प्रदेश में 112 प्रतिशत बढ़ी ट्रायबल स्कूलों की संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण और विकास के लिये राज्य सरकार निरंतर सक्रिय है। सम्पूर्ण प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया गया है। हमारी कोशिश है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के हर बालक-बालिका को पढ़ाई के सभी मौके मिलें। प्रदेश में आश्रम, शालाएं, छात्रावास और एकलव्य विद्यालय बड़ी संख्या में स्थापित किये गए हैं। आदिम जाति कल्याण का बजट 2003-04 में केवल 635 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 7 हजार 384 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले 15 साल में ट्रायबल हाईस्कूलों की संख्या में 112 प्रतिशत, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 81 प्रतिशत, खेल परिसर में 85 प्रतिशत और प्री तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

राज्य शासन शिक्षा के लिये हरसंभव व्यवस्था कर रहा है। छात्रवृत्ति की प्रक्रिया को सरल किया गया है। छात्रावासों में व्यवस्थाएं बेहतर और पारदर्शी हों, इसके लिये छात्रावास प्रबंधन में बच्चे एवं पालकों को भागीदार बनाते हुए सतर्कता बढ़ायी गयी। राज्य शासन जल्द ही सीनियर छात्रावास और महाविद्यालयीन छात्रावास भी आरंभ करेगा। प्रदेश के 50 ट्रायबल आदिवासी हाईस्कूलों का हायर सेकेण्डरी स्कूलों में उन्नयन किया जायेगा। हमारा प्रयास यह है कि अनुसूचित वर्ग के बच्चे भी कम्प्यूटर सीखें। इसके लिये 33 एकलव्य विद्यालयों में 7 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से आईटी केंद्र और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष बनाये जा रहे हैं। विद्यालयीन भवनों के निर्माण के साथ-साथ 50 करोड़ रुपये की लागत से 25 नये छात्रावास भवनों का निर्माण जारी है।

हर पात्र को मिलेगा वनाधिकार-पत्र

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार 23 हजार हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टों का वितरण करने जा रही है। प्रत्येक आदिवासी भाई-बहन को उसका अधिकार दिलाना हमारी सरकार का कर्तव्य है। प्रदेश में वर्ष 2006 के पहले से काबिज प्रत्येक आदिवासी को पट्टा दिलाया जाएगा। पुराने कब्जाधारियों को पट्टा दिलाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

स्व-सहायता समूह बनाएं लोकल को वोकल

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती के साथ हमें आय उपार्जन के दूसरे तरीकों की तरफ भी ध्यान देना होगा। लघु उद्योग स्थापित करने के लिये राज्य शासन प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कर रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में स्व-सहायता समूह बड़ी ताकत बनकर उभर रहे हैं।

उन्होंने होशंगाबाद जिले के केसला के महिला स्व-सहायता समूह का उल्लेख करते हुए कहा कि मुर्गी पालन और मुर्गी दाना बनाने के व्यवसाय से समूह को तीन करोड़ की आय हुई। अनूपपुर और डिण्डौरी के स्व-सहायता समूहों की श्री चौहान ने प्रशंसा करते हुए आदिवासी बहनों-माताओं को स्व-सहायता समूह बनाने के लिये प्रेरित किया।

नियमित रूप से हो क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रत्येक जिले में नियमित रूप से क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठकें की जाएं। स्थानीय स्तर पर धर्मगुरुओं, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, चिकित्सकों, व्यापारियों आदि की सलाह तथा उन्हें विश्वास में लेकर कोरोना नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। कोरोना पर नियंत्रण के लिए गाइडलाइन में आवश्यकतानुसार व्यवस्था की जाएगी। व्यापारिक संगठनों को भी कोरोना से बचाव के लिए विभिन्न नियंत्रण स्वयं लागू करने की पहल करनी होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना टेस्टिंग को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ-साथ निजी चिकित्सालयों का भी क्षमतावर्धन किया जा रहा है। जिला प्रशासन समाज के सहयोग और जनसामान्य को विश्वास में लेकर कोरोना की स्थिति को नियंत्रण में रख सकता है। श्री चौहान ने जिलों के प्रभारी अधिकारियों को जिलों की स्थिति पर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

लगातार नजर रखने और जिला प्रशासन को सतत रूप से आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। होम आइसोलेशन व्यवस्था तथा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से प्रभावी मॉनीटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

मोबाइल फीवर क्लीनिक सक्रिय किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी जगह फीवर क्लीनिक्स सक्रिय हैं। इसके साथ ही मोबाइल फीवर क्लीनिक आरंभ किए जाएंगे। जिससे कि कोरोना के मरीजों की जल्दी से जल्दी जांच कर उनकी प्रभावी चिकित्सा सुनिश्चित की जा सके। श्री चौहान ने प्रदेश में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की अधिक से अधिक भर्ती करने तथा आवश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

जबलपुर पर दें विशेष ध्यान

श्री चौहान ने कोरोना के बढ़ रहे प्रकरणों को देखते हुए जबलपुर की विशेष रूप से समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि जबलपुर का पॉजीटिविटी रेट 8.11 प्रतिशत है जो कि राज्य की पॉजीटिविटी दर 5.87 प्रतिशत से काफी अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय सहित निजी अस्पतालों में कोरोना के लिए अधिक से अधिक बिस्तरों की व्यवस्था की जाए।

केन-बेतवा लिंक परियोजना जल्द लेगी आकार

भोपाल, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार करने के लिए सरकार कृत-संकल्पित है। श्री वाजपेयी की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शुभारम्भ 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' की शुरुआत से होगा। यह अनूठी परियोजना देश की पहली योजना होगी। यह बात जल-संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने केंद्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और उत्तरप्रदेश के जल-संसाधन मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह के साथ वर्चुअल बैठक में कही। केंद्रीय जल-संसाधन मंत्री श्री शेखावत ने कहा कि परियोजना की लागत लगभग 45 हजार करोड़ रुपये आयेगी, जिसका 90 प्रतिशत व्यय केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

श्री शेखावत ने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिये केंद्रीय प्राधिकरण का गठन किया जायेगा, जो राज्यों के बीच जल और बिजली के बंटवारे के लिये आवश्यक कार्य करेगा। उन्होंने मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के मंत्रियों को दो दिवस में कार्य-योजना केंद्र को भेजने के निर्देश दिये हैं। मीटिंग में परियोजना के संबंध में प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। साथ ही पूर्व में तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि परियोजना के पूर्ण होने पर दोनों राज्यों को प्रतिवर्ष 10 हजार करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा।

निवाड़ी में शुरू होगा एमएसएमई कार्यालय

भोपाल, नवगठित निवाड़ी जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यालय अब पूरी क्षमता के साथ काम शुरू कर देगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कार्यालय के लिए महाप्रबंधक सहित 14 पदों को मंजूरी दी है। निवाड़ी कार्यालय स्थापित करने के लिए एक महाप्रबंधक, दो प्रबंधक, दो सहायक प्रबंधक, एक निज सहायक, दो सहायक वर्ग-2, तीन सहायक वर्ग-3, भृत्य के दो और एक चौकीदार सहित कुल 14 पद स्वीकृत किए गए हैं। उक्त पद को विभाग द्वारा मुख्यालय और टीकमगढ़ में स्वीकृत अमले के युक्तियुक्तकरण से निवाड़ी जिले में अधिकारी-कर्मचारियों को पदस्थ किया जायेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सरकारी खरीद में स्व-सहायता समूहों को मिलेगी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्व-सहायता समूहों के विपणन के लिये विकसित पोर्टल का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, सशक्त महिलाएं ही प्रदेश को सशक्त बनाएंगी। केवल बड़े उद्योग आने से कोई प्रदेश बड़ा नहीं बनता। घर-घर की आत्मनिर्भरता से आत्मसम्मान और विश्वास पैदा होता है। कोरोना काल में महिलाओं के स्व-सहायता समूहों ने देश के सामने नई मिसाल प्रस्तुत की है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा और इसका विस्तार होगा। अब-तक 33 लाख महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं। हमें अगले तीन साल में 33 लाख और महिलाओं को समूहों से जोड़कर आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर करना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में आयोजित स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

ऋण सीमा 300 करोड़ रुपये से बढ़कर हुई 1400 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्व-सहायता समूहों की सहायता और मार्गदर्शन के लिये सदैव तत्पर है। बैंकों के माध्यम से ऋण सीमा 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1400 करोड़ रुपये कर दी गई है। यह भी निर्णय लिया गया है कि बैंक ब्याज दर चार प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। इसके ऊपर का ब्याज राज्य सरकार देगी। श्री चौहान ने बैंकर्स को आश्वस्त करते हुये कहा कि स्व-सहायता समूहों का रिपमेंट 97 प्रतिशत से ज्यादा है। उनको दिया गया लोन सबसे अधिक सुरक्षित है।

हर विपदा से बचाने में सक्षम हैं महिलायें

श्री चौहान ने कहा कि बहन-बेटियों को समाज में बराबरी का स्थान दिलाने के लिये राज्य सरकार हर पहलू पर कार्य कर रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरुआत हो या स्कूलों में पढ़ाई के लिये दी जाने वाली सुविधाएं, लक्ष्य यही है कि महिलाओं को बराबरी का स्थान मिले। आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिये स्व-सहायता समूहों से महिलाओं को जोड़ा गया है, यह पहल एकता में शक्ति के सिद्धांत पर की गयी। मुख्यमंत्री ने एकता में बल पर एक प्रेरक प्रसंग भी समूह की महिलाओं को सुनाया। श्री चौहान ने कहा कि हमारी परंपरा में बहन-बेटी का सम्मान सर्वोपरि है। धार्मिक मान्यता में भी महिलाओं को सर्व शक्तिमान माना गया। प्रदेश की महिलाओं ने कोरोना काल में यह सिद्ध करके दिखा दिया कि वे हर विपदा से बचाने में सक्षम हैं। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाये गये मास्क और पीपीई किट ने आम लोगों और सरकार की बहुत सहायता की। समूहों द्वारा तैयार सामग्री स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल स्टोर्स और अस्पतालों द्वारा खरीदी गई।

सरकारी खरीद में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी खरीद में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाले रेडी-टू-ईट पोषण आहार का उत्पादन और वितरण भी स्व-सहायता समूह करेंगे। शाला स्तर पर गणवेश का कार्य भी स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित किया जाएगा। इसमें स्व-सहायता समूहों को पूर्ण स्वायत्तता दी जाएगी।

परिवेश के अनुरूप चुनें गतिविधि

श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं की पढ़ाई और सशक्तिकरण से परिवार और समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने शिवपुरी, शहडोल, बैतूल, होशंगाबाद, डिण्डोरी के स्व-सहायता समूहों में सक्रिय महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर अन्य स्व-सहायता समूहों को भी पहल करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकल को वोकल बनाने पर लगातार काम कर रहे हैं। महिला समूहों को भी अचार, चटनी, पापड़ के साथ-साथ उनके परिवेश में उपलब्ध अन्य सामग्रियों व लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादन और आर्थिक गतिविधियां आरंभ करना चाहिए।

आगर, बड़ौद, सुसनेर एवं नलखेड़ा में औद्योगिक क्षेत्र का किया जायेगा विस्तार

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी है। प्रदेश सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, किसान भाई चिन्ता न करें। किसानों की फसल नुकसान की भरपाई बीमा राशि एवं मुआवजा प्रदान कर की जायेगी। किसानों की सोयाबीन की फसल में जो नुकसान हुआ है उसका भी आकलन करवाया जायेगा। सरकार किसानों की हरसंभव मदद करेगी। आगर जिले में विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आगर, बड़ौद, नलखेड़ा एवं सुसनेर में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। छोटी-छोटी औद्योगिक इकाई लगवाई जाएंगी, जिससे बेरोज़गारों को रोज़गार के अवसर मुहैया हो सकें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आगर-मालवा जिले के बड़ौद कृषि उपज मंडी में निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 22 लाख किसानों के खाते में फसल बीमा की 4688 करोड़ रुपये की राशि जमा की गई है। जिन किसानों को बीमा राशि कम मिली है तथा बीमा कम्पनी के लाभ से संतुष्ट नहीं हैं, उनकी जांच करवाने के निर्देश भी जिला प्रशासन को दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कृत-संकल्पित है। 'गरीब की थाली, कभी न रहे खाली' की अवधारणा के साथ प्रदेश के सभी पात्र परिवारों को खाद्यान्न पर्ची बनवाकर वितरित की गई, उन्हें अब एक रुपये किलो की रियायती दर से राशन मिलेगा। जो गरीब भाई-बहन अब भी खाद्यान्न पात्रता पर्ची से वंचित हैं, उन्हें भी लाभ दिया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि आगामी तीन वर्षों में किसी गरीब का कच्चा मकान नहीं रहेगा, सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के मकान बनवाकर दिए जाएंगे। अगले तीन सालों में सभी गांवों में नल जल योजना के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। किसानों को भी सिंचाई के लिए भरपूर पानी की व्यवस्था की जाएगी।

आयुष्मान योजना कार्डधारी

कोरोना मरीजों के लिये बीस फीसदी बेड रखे जायें आरक्षित

जबलपुर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में जबलपुर में हुई बैठक में निजी अस्पताल संचालकों ने कोविड मरीजों के लिये आरक्षित बिस्तरों में से 20 प्रतिशत बिस्तरों को आयुष्मान योजना के कार्डधारी कोरोना मरीजों को उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की है। श्री सारंग ने कोरोना मरीजों के उपचार के लिये आरक्षित किये गये बिस्तरों में से कम से कम 20 प्रतिशत बिस्तरों पर आयुष्मान योजना के कार्डधारियों को प्राथमिकता देने को निजी अस्पताल संचालकों से कहा। बैठक में निजी अस्पताल संचालकों ने कोरोना मरीजों के उपचार के लिये तय की गई दरों को सूचना पटल पर प्रदर्शित करने की बात भी स्वीकार की।

श्री सारंग ने अपेक्षा की कि जबलपुर के निजी अस्पताल अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए इस महामारी से लड़ने में शासन का पूरा सहयोग करेंगे और जनता की सेवा और शहर के हितों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना के प्रत्येक मरीज को निःशुल्क उपचार मिले, इसके लिये मेडिकल और विक्टोरिया अस्पताल की क्षमता लगातार बढ़ाई जा रही है। श्री सारंग ने मेडिकल एवं विक्टोरिया अस्पताल सहित रेलवे और मिलिट्री अस्पताल तथा निजी अस्पतालों में कोरोना मरीजों के उपचार की सुविधाओं तथा आईसीयू एवं ऑक्सीजन सपोर्टेड बिस्तरों की उपलब्धता का ब्यौरा प्राप्त किया।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने बैठक में मौजूद निजी अस्पताल संचालकों से कहा कि उन्हें अस्पताल की क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में बिस्तर खाली होने पर आने वाले हर मरीज को भर्ती किया जाना चाहिये। केवल आर्थिक स्थिति के आधार पर किसी तरह का भेदभाव न हो, इसका उन्हें ध्यान रखना होगा। श्री सुलेमान ने निजी अस्पताल संचालकों से कहा कि कोरोना मरीजों के उपचार के लिये शासन द्वारा तय गाइडलाइन और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करें।

फसल बीमा में न्यूनतम राशि का निर्धारण किया जाएगा

भोपाल, मध्यप्रदेश में किसानों को फसल बीमा योजना का यथोचित लाभ दिलाए जाने के लिए जल्द ही न्यूनतम बीमा राशि का निर्धारण किया जाएगा। वर्तमान में भी प्रयास किए जा रहे हैं कि किसानों को सम्मानजनक राशि का भुगतान बीमा योजना अंतर्गत किया जाए।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश के विभिन्न अंचलों के जिलों में औसतन रूप से किसानों को फसल बीमा योजना का न्यूनतम लाभ बेहतर तरीके से दिया गया है। अनूपपुर जिले में औसतन 5 हजार 268 रुपये, बैतूल में 10 हजार 804 रुपये, बुरहानपुर में 49 हजार 360 रुपये, धार में 16 हजार 362 रुपये, हरदा में 20 हजार 728 रुपये, होशंगाबाद में 16 हजार 772 रुपये, इंदौर में 19 हजार 664 रुपये, झाबुआ में 1 हजार 228 रुपये, पूर्वी निमाड़ खंडवा में 10 हजार 232 रुपये, पश्चिम निमाड़ खरगोन में 3 हजार 397 रुपये, सीहोर में 13 हजार 999 रुपये, शहडोल में 5 हजार 774 रुपये और उमरिया जिले में 5 हजार 763 रुपये औसतन प्रति किसान बीमा राशि का भुगतान किया गया है।

प्रदेश में किसानों को सम्मानजनक न्यूनतम बीमा राशि के भुगतान के लिए आवश्यक निर्णय लिए जा कर बीमा राशि के भुगतान की प्रक्रिया को निर्धारित कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

स्थाई पट्टे से बैंक ऋण और भूखण्डों का अंतरण होगा संभव

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। मंत्रिपरिषद ने नगरीय क्षेत्रों की शासकीय भूमि के धारकों का धारणाधिकार प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- धारणाधिकार के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में स्थित शासकीय भूखण्डों के ऐसे अधिभोगियों को जो उनके अधिभोग में 31 दिसम्बर 2014 या उसके पूर्व निर्विवाद रूप से आधिपत्य में रह रहे हैं और वर्तमान में भी आधिपत्य में चले आ रहे हैं, उन्हें चिन्हांकित कर यथोचित प्रब्याजी और भू-भाटक लेकर 30 वर्षीय स्थाई पट्टे जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।
- इसके लिये ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जिसके अनुक्रम में जिला कलेक्टर द्वारा जांच उपरांत पात्र लोगों को पट्टे दिये जा सकेंगे।
- राज्य शासन के उपयोग की भूमि, नदी, नालों, धार्मिक संस्था, पार्क, खेल मैदान, सड़क, गली या अन्य सामुदायिक उपयोग की भूमियों के मामले में पट्टे नहीं दिये जाएंगे।
- इस प्रक्रिया में ऐसे विशेष प्रकरणों जिनमें अधिभोग की भूमि कभी शासकीय तथा कभी निजी भूमि स्वामी हक में दर्ज रही हैं। ऐसे मामलें में जिला कलेक्टर से प्रस्ताव प्राप्त होने पर राज्य शासन की स्वीकृति के बाद पट्टे दिये जा सकेंगे।
- इससे अधिभोगियों को अपने अधिभोग के भूखण्ड के पट्टे प्राप्त हो सकेंगे, जिससे वे भूखण्डों का बेहतर उपयोग करने के लिये बैंक से ऋण प्राप्त कर सकेंगे और भूखण्डों को अंतरण भी कर सकेंगे। ऐसे व्यवस्थापन से राज्य शासन को प्रब्याजी तथा भू-भाटक के रूप में राजस्व प्राप्त होगा।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश नजूल भूमि निवर्तन निर्देश-2020 को अनुमोदन प्रदान किया। इन निर्देशों के जारी होने से भूमि प्रबंधन तथा निवर्तन की प्रक्रिया स्पष्ट तथा व्यवस्थित होगी। इससे भूमि का मैदानी स्तर पर अभिलेख संधारण आसान होगा।
- शासकीय भूमि के निवर्तन की प्रक्रिया में तेजी आने से राज्य की आय में वृद्धि होगी।
- राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 4 क्रमांक 1 के अंतर्गत मध्यप्रदेश नजूल निवर्तन निर्देश 2020 में नये प्रावधान भी सम्मिलित किये गए हैं।
- नजूल भूमि की परिभाषा को व्यापक बनाया गया है तथा समस्त नजूल भूमि की जानकारी लैंड बैंक के नाम से वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जायेगी।
- ई-ऑक्शन की प्रक्रिया द्वारा भू-स्वामी के हक में निवर्तन की व्यवस्था की गई है। पुल-पुलिया के साथ ही कन्वेयर बेल्ट या रोपे ट्राली लगाने के लिये लायसेंस और गौशालाओं के लिए लायसेंस का प्रावधान किया गया है।
- शासकीय भूमि के निवर्तन के लिये त्रि-स्तरीय समितियों जिला, संभाग, राज्य स्तरीय समितियों के गठन का प्रावधान किया गया है। अस्थाई पट्टों का प्रावधान समाप्त किया जाना तथा पूर्व में जारी अस्थाई पट्टों का स्थाई में परिवर्तन और आवासीय भूमि के स्थाई पट्टेदारों द्वारा उनके पट्टे के भू-स्वामी हक में परिवर्तन कराने संबंधी प्रावधान भी किये गये हैं।
- मध्यप्रदेश नजूल भूमि रेल मार्ग, हाईवे, केंद्रीय विद्यालय पंचायती राज संस्थानों के कार्यालय आदि के लिये शून्य प्रब्याजी पर भूमि आवंटन, सामाजिक सांस्कृतिक और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को रियायती दर पर भूमि आवंटन, पूंजी निवेशकों को संबंधित विभाग की नीति के अनुसार भूमि आवंटन, शासकीय परियोजनाओं के लिये निजी भूमि से शासकीय भूमि के विनिमय संबंधी मामलों में पूर्व प्रावधानों को यथावत रखते हुए समेकित किया गया है।
- स्थानीय निकाय या नगरीय निकाय को भूमियां भूमि-स्वामी हक में अंतरित होंगी।
- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना की समय अवधि 30 जून 2020 से 30 अक्टूबर 2020 तक बढ़ाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने आबकारी नीति वर्ष 2020-21 में संशोधन और मंत्रिसमूह द्वारा की गयी अनुशंसाओं पर मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये आदेशों का अनुसमर्थन किया। वर्ष 2020-21 की शेष अवधि के लिये मदिरा दुकानों के पुनर्निष्पादन के संबंध में लिये गये निर्णय और उस पर वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का भी मंत्रिपरिषद ने अनुसमर्थन किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मेडिकल रीइंबर्समेंट योजना

मेडिकल कॉलेज के स्वशासी अधिकारी एवं कर्मचारी होंगे पात्र

भोपाल, मध्यप्रदेश के शासकीय स्वशासी चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के समान ही मेडिकल रीइंबर्समेंट प्रदान किए जाने की स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के लागू हो जाने से शासकीय स्वशासी मेडिकल कॉलेज के स्वशासी संस्था के अधीन नियुक्त हुए 10 हजार से अधिक डॉक्टर एवं कर्मचारी लाभान्वित होंगे ।

यह स्वीकृति आदेश चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग के दिशा-निर्देशों एवं हस्तक्षेप के बाद जारी किए गए। कोविड-19 महामारी में कार्य कर रहे स्वशासी संस्था के अधीन नियुक्त डॉक्टर्स, नर्सिंग पैरामेडिकल, टेक्नीशियन एवं अन्य स्टाफ के लिए 3 हजार प्रति वर्ष के मेडिकल रीइंबर्समेंट का प्रावधान था। जबकि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के लिए इलाज, उपचार एवं जांच का पूर्णरूपेण मेडिकल रीइंबर्समेंट किए जाने का मध्यप्रदेश सिविल सेवा चिकित्सा परिचर्या नियम, 1958 का प्रावधान लागू है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा मेडिकल कॉलेज की स्वशासी संस्था के अधीन नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में व्याप्त इस विसंगति का तत्काल संज्ञान लिया गया।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री के प्रयासों से चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालयों में कोरोना महामारी में फ्रंटलाइन योद्धा के रूप में काम करने वाले डॉक्टर एवं हेल्थ केयर वर्कर स्टाफ के लिए इस आदेश के लागू होने से मेडिकल रीइंबर्समेंट की सौगात दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा मेडिकल कॉलेज के स्वशासी कर्मचारियों के लिए शासन के समान ही मेडिकल रीइंबर्समेंट की योजना लागू किए जाने की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही थी।

इसी दिशा में अगली कड़ी में मेडिकल कॉलेज में कार्य करने वाले जूनियर डॉक्टर के लिए भी कोविड-19 महामारी के दौरान संक्रमित होने पर जीवन रक्षक दवाइयों का रीइंबर्समेंट किये जाने का निर्णय लिया गया है।

चिकित्सा महाविद्यालयों के शासकीय अस्पतालों में कार्य कर रहे जूनियर डॉक्टर कोरोना संक्रमित होने पर उनके उपचार में लगने वाली महंगी जीवन रक्षक दवाइयों के व्यय का राज्य शासन द्वारा रीइंबर्समेंट किया जाएगा। दूरगामी नीति के रूप में जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा छात्रों के लिए मेडिकल कॉलेज में उनके अध्ययन अवधि के दौरान चिकित्सा छात्र बीमा की योजना लागू की जाएगी।

चिकित्सा छात्र बीमा योजना का स्वरूप तैयार कर इसको लागू किए जाने के संबंध में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा निर्णय लिया गया है एवं जल्द ही इस योजना को भी लागू किया जाएगा।

मध्यप्रदेश में 306 जल संरचनाओं को मिली मंजूरी

भोपाल, मध्यप्रदेश के इंदौर एवं उज्जैन संभाग के सात जिलों की ग्रामीण आबादी को नलजल योजना के अन्तर्गत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति किए जाने की योजना पर अमल प्रारंभ हो गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 309 करोड़ 51 लाख 95 हजार रुपये की स्वीकृति जारी की गई है और इन जिलों में जल संरचनाओं के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।

इंदौर संभाग के अन्तर्गत इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा तथा बुरहानपुर में 300 जल संरचनाओं के लिए जहां 302 करोड़ 36 लाख 86 हजार रुपये वहीं उज्जैन संभाग के मंदसौर जिले की 6 जल संरचनाओं के लिए 7 करोड़ 15 लाख 9 हजार रुपये रेट्रोफिटिंग योजना में स्वीकृत किए गये हैं।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए वर्ष 2023 तक का लक्ष्य रखा गया है।

मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की पूरी ग्रामीण आबादी को दृष्टिगत रखकर विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त डिजाइन एवं ड्राइंग का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिला एवं संभाग इकाइयों द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

एक जिला एक उत्पाद योजना

प्रत्येक जिले के एक उत्पाद को व्यापक रूप से किया जायेगा प्रचारित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कृषि अधोसंरचना निधि योजना का मिशन मोड में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत 'एक जिला एक उत्पाद' योजना प्रारंभ की गई है। इसमें प्रत्येक जिले के एक उत्पाद को बढ़ावा देकर व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा। जिलों में पैदा होने वाली फल-सब्जी और फसलों की ग्रेडिंग, पैकिंग तथा बेहतर मार्केटिंग के लिये अगले चार साल में 7 हजार 440 करोड़ रुपये खर्च कर आवश्यक नेटवर्क विकसित किया जायेगा। हमारा उद्देश्य है कि किसान को उसके उत्पाद का वाजिब मूल्य मिले।

कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन के लिए राज्य सरकार हरसंभव कदम उठाएगी। जिलावार 17 कृषि उत्पादों और तकनीकी रूप से आवश्यक 36 गतिविधियों का चिन्हांकन कर लिया गया है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन के लिये तकनीकी विशेषज्ञों, कृषि वैज्ञानिकों और वित्तीय तथा व्यापार प्रबंधकों की सेवायें ली जाएंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आयोजित मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर कृषि मिशन-एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

अधिकतम दो करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी और ब्याज में तीन प्रतिशत की छूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादों से संबंधित इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर कृषि मिशन कार्यालय की स्थापना की गई है। इसमें कृषि, सहकारिता, मत्स्य पालन, उद्यानिकी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को पदस्थ किया जा रहा है। यह मिशन अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की क्रेडिट गारंटी देगा, ब्याज में तीन प्रतिशत तक की छूट का भी प्रावधान रहेगा। यह मिशन राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा सिंगल विण्डो फैसेलिटी के रूप में कार्य करेगा। इसके तहत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना, निवेश क्षेत्र व एक्सपोर्ट क्लस्टर की पहचान, जिला स्तर पर विस्तृत प्रशिक्षण तथा गतिविधियों व सूचनाओं को डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराना आदि कार्य किए जाएंगे।

'ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म' से जुड़ेंगे किसान

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 17 जिलों से विभिन्न योजनाओं की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। पांच मॉडल डी.पी.आर. भी तैयार हैं। इफ्को द्वारा स्वर्ण आहार इकाई प्रदेश में स्थापित करने के लिए रुचि प्रकट की गई है। मिशन के तहत प्रदेश में 150 किसान काउंटर खोले जाएंगे, इनमें ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से किसानों को जोड़ा जाएगा।

पारदर्शिता और पात्र व्यक्तियों का चयन आवश्यक

श्री चौहान ने कहा कि कृषि से संबंधित इन गतिविधियों से प्रदेश में रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने मिशन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि इन गतिविधियों में किसान उत्पादक संगठनों के साथ-साथ स्व-सहायता समूहों को भी जोड़ा जाए। अनुदान वितरण में पारदर्शिता और पात्र व्यक्तियों का चयन सुनिश्चित किया जाए।

जिलावार होगी फल-सब्जियों की मार्केटिंग

'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के अंतर्गत आगर-मालवा तथा राजगढ़ में संतरा, अलीराजपुर में सफेद मूसली, अनूपपुर, बालाघाट, सीधी तथा उमरिया में आम, अशोकनगर तथा गुना में धनिया, बड़वानी, दमोह, धार, सागर, सतना, झाबुआ, कटनी, रायसेन तथा शिवपुरी में टमाटर, बैतूल में काजू, भिण्ड, छिंदवाड़ा, देवास, ग्वालियर, मुरैना, उज्जैन और इंदौर में आलू, भोपाल तथा श्योपुर में अमरूद, बुरहानपुर में केला, छतरपुर, रीवा और शहडोल में हल्दी, जबलपुर में हरी मटर, मंदसौर, रतलाम और दतिया में लहसुन, पन्ना में आँवला, हरदा तथा खरगोन में मिर्च, होशंगाबाद में नींबू, शाजापुर व खण्डवा में प्याज और टीकमगढ़ तथा निवाड़ी में अदरक की ग्रेडिंग, सोर्टिंग तथा आवश्यकतानुसार राइपनिंग, कोल्ड स्टोरेज कोल्ड चेन सुविधा विकसित की जाएगी।

कृषि उत्पादों के भंडारण एवं मार्केटिंग के लिए 36 परियोजनाएं

प्रदेश में आत्मनिर्भर कृषि मिशन के तहत कृषि उत्पादों में वैल्यू एडिशन के लिए आधुनिकतम तकनीक पर आधारित 36 परियोजनाओं को जोड़ा गया है।

इनमें बेयरहाउस, प्याज भंडारण सुविधा, होपर बॉटम सायलो, ग्रेडिंग एवं सोर्टिंग, लहसुन, उबत बीज, कोदो कुटकी, सफेद मूसली, मूंगफली, टमाटर, धनिया की ग्रेडिंग तथा पैकेजिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, संतरा, कद्दू की ग्रेडिंग एवं स्टोरेज, आलू कोल्ड स्टोरेज, केला राइपनिंग स्टोरेज सेंटर, टमाटर एवं लहसुन सॉस उत्पादन इकाई, सीताफल प्रोसेसिंग यूनिट, सोया उद्योग यूनिट, आम आधारित उद्योग, मिनी राईस मिल, कम्बाइन हार्वेस्टर, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, केला टिशू कल्चर, कृषि सेवा केंद्र/कॉमन सर्विस सेंटर, कृषि व्यवसाय विकास केन्द्र, ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म, इफ्को बाजार, अजवाइन यूनिट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, एल.पी.जी. एजेंसी, पेट्रोल पम्प, बायो-डीजल, पशु आहार यूनिट तथा गुड़ की क्यूब उत्पादन इकाई शामिल हैं।

साइबर क्राइम चुनौती का डटकर मुकाबला करेगी पुलिस - गृह मंत्री

इंदौर, मध्यप्रदेश की पुलिस साइबर क्राइम का डटकर मुकाबला करेगी। यह बात गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में 7 करोड़ 98 लाख रुपये से तैयार किये गये नवीन एवं आधुनिक तकनीक से लैस नवीन कंट्रोल-रूम के शुभारंभ एवं लोकार्पण अवसर पर कही।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि साइबर क्राइम वर्तमान में चुनौती बनकर उभरा है, जिससे निपटने के लिये पुलिस को भी आधुनिक संसाधनों से लैस करना जरूरी हो गया है। सरकार आवश्यकतानुसार जरूरी उपाय किया जाना सुनिश्चित कर रही है। साइबर क्राइम की चुनौती से पुलिस महकमा डटकर मुकाबला कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस का नवीन कंट्रोल-रूम इंदौर में अपराध नियंत्रण में मील का पत्थर साबित होगा।

अजा-अजजा के पीड़ितों को अनुग्रह राशि वितरित

डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम में अनुसूचित-जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत 89 पीड़ित परिवारों को 95 लाख 45 हजार रुपये की अनुग्रह राशि वितरित की। उन्होंने कहा कि शासन सर्वांगीण हित के लिये समानता में विश्वास करता है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास ध्येय वाक्य के साथ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत पीड़ित परिवारों को एफआईआर दर्ज होने पर निर्धारित राशि का 25 प्रतिशत, न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने पर 50 प्रतिशत और न्यायालय से दोष सिद्ध पाये जाने पर शेष 25 प्रतिशत राशि दिये जाने के प्रावधान हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवारों को प्रत्येक स्तर पर न्याय दिलाने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाये।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा इंदौर में नवीन पुलिस कंट्रोल रूम का लोकार्पण करते हुये।

मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने अनुकूल वातावरण बनाया जाए

अधोसंरचना विकास कार्यों में लायी जायेगी तेजी

भोपाल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुये कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिये उद्योगों के अनुकूल वातावरण बनाया जाये। नये तथा वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये अधोसंरचना विकास कार्यों में तेजी लाई जाये। उद्योगपतियों के साथ एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ई.ओ.आई.) किये जायें। उनकी भूमि व अन्य जरूरतों के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाएं जुटाना भी सुनिश्चित की जायें।

बैठक में श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने 'भोपाल-इंदौर कॉरिडोर', 'अटल प्रोग्रेस वे' के आसपास प्रस्तावित नवीन औद्योगिक क्षेत्रों में निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पीथमपुर 4 तथा 5 प्रोजेक्ट की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उद्योगों के लिये लैण्डपूल में उपलब्ध भूमि व भारत सरकार को बल्क फार्मा तथा मेडिकल क्षेत्र से संबंधित भेजे जाने वाले प्रस्तावों की भी समीक्षा कर निर्देश दिये। बैठक में मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन की जोनवार समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, लैण्डपूलिंग, स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार, औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन, औद्योगिक क्षेत्रों का संधारण, निवेश की स्थिति तथा आगामी दिनों के लिये प्रस्तावित कार्ययोजना की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि नये 19 औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों की जरूरतों के अनुसार सभी अधोसंरचनात्मक निर्माण एवं विकास कार्य सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने कहा कि उद्योगों में निवेश को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाये जिससे प्रदेश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोज़गार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

डॉक्टर नीना मल्होत्रा

इटली में भारत की राजदूत नियुक्त

राजनयिक डॉक्टर नीना मल्होत्रा को इटली में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय की जानकारी के अनुसार भारतीय विदेश सेवा की 1992 बैच की अधिकारी वर्तमान में दिल्ली स्थित मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर पदस्थ हैं।

बायोनिक आई

दृष्टिहीनता से छुटकारा दिलाने वैज्ञानिकों ने बनाई

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बायोनिक आई का आविष्कार किया है। यह आँख गहन शोध के बाद बनाई गई है। इसका सफल परीक्षण हो गया है। अब इसे मनुष्य के दिमाग में लगाने की तैयारी चल रही है। शोधकर्ताओं के प्रमुख प्रोफेसर लाओरी ने दावा किया है कि वायरलेस ट्रांसमीटर चिप की मदद से इसे मस्तिष्क में फिट किया जायेगा। इसमें कैमरे के साथ एक हेडगियर फिट है, जो आस-पास की सूक्ष्म गतिविधियों पर नजर रखेगा।

जर्मन संसद के सामने

विरोध प्रकट करने रखीं 13000 कुर्सियां

ग्रीस के लेस्बोस द्वीप पर बने कैंपों से शरणार्थियों को बचाने की मांग को लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने जर्मनी की संसद के सामने करीब 13000 खाली कुर्सियां रखकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि शरणार्थियों को बेहद भीड़-भाड़ और दयनीय हालत वाले कैंपों से निकालकर जर्मनी के शहरों सहित अन्य स्थानों पर शरण दी जाये।

स्वदेशी लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का

ऊंचे और बर्फीले इलाके में हुआ ट्रायल

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा तैयार किया गया स्वदेशी लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) सेना में ऑपरेशन सेवा के लिये तैयार है। इसने हिमालय की पहाड़ियों में ऊंचाई वाले और गर्म वातावरण में अपना ट्रायल सफलतापूर्वक कर लिया है। इसका ट्रायल लेह में (समुद्र तल से 3300 मीटर ऊपर) मानक से ऊंचे तापमान पर हुआ है।

टायरों की धूल रोकने

ब्रिटेन के छात्रों ने बनाई डिवाइस

वाहनों के टायरों से निकलने वाली धूल पर्यावरण के लिये बड़ी समस्या है। इसे रोकने बनाई गई डिवाइस के लिये ब्रिटेन के शोधकर्ताओं को डायसन अवॉर्ड दिया गया है। ब्रिटेन में छात्रों के समूह ने एक छोटी डिवाइस

तैयार की है, जो धूल के इन हानिकारक कणों को अवशोषित कर लेती है। टायरों के पास लगने वाली यह डिवाइस इलेक्ट्रोस्टैटिक्स और एयरो डायनेमिक्स सिद्धांत पर काम करती है। आने वाले समय में यह डिवाइस दुनियाभर में पर्यावरण को धूल रहित रखने में मददगार साबित होगी।

मैक्सिको में

आतिशबाजी कर मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मैक्सिको में 210वां स्वतंत्रता दिवस आतिशबाजी के साथ मनाया गया। 153 साल में पहली बार कोविड-19 के कारण कोई बड़ा आयोजन नहीं किया गया। मैक्सिको सरकार ने सिर्फ आतिशबाजी और फ्लाइंग पास्ट के जरिये आजादी का यह दिवस मनाया। ज्ञात रहे कि मैक्सिको 24 अगस्त 1810 को स्पेन से आजाद हुआ था। करीब 11 साल बाद 16 सितम्बर 1821 को मैक्सिको की आजादी को मान्यता प्राप्त हुई थी।

फेस्टिवल ऑफ लाइट्स

बर्लिन में 90 ऐतिहासिक इमारतों को रंगीन रोशनी से सजाया गया

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 16वां फेस्टिवल ऑफ लाइट्स मनाया गया। इस बार फेस्टिवल की थीम 'ट्रूगेदर वी शाइन' रखी गई थी। बर्लिन सहित 86 स्थानों पर स्थित 90 ऐतिहासिक इमारतों को खूबसूरत रंग-बिरंगी लाइट्स से सजाया गया। बर्लिन का यह फेस्टिवल दुनिया में बेहतरीन रोशनी के पर्व के तौर पर जाना जाता है। इसमें तकरीबन 20 लाख लोग शामिल होते हैं। इस बार कोविड-19 के कारण भीड़ कम ही देखी गई।

अनिल धस्माना

नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष बने

रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व चीफ अनिल धस्माना को नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (एनटीआरओ) का नया अध्यक्ष बनाया गया है। एनटीआरओ पर भू-स्थानिक और सैटेलाइट तस्वीर की जिम्मेदारी होती है। धस्माना पूर्व इंटेलिजेंस ब्यूरो ऑफिसर सतीश झा की जगह पदस्थ हुये हैं। धस्माना 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और पाकिस्तान मामलों के विशेषज्ञ हैं।

नाओमी ओसाका

यूएस ओपन चैंपियन फ्रेंच ओपन से हटीं

जापान की तिलाड़ी नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने हैमस्ट्रिंग के कारण ग्रैंड स्लैम से हटने का फैसला किया है। 22 साल की ओसाका से पहले वर्ल्ड नंबर-1 और गत विजेता एश्ले बार्टी भी हट चुकी हैं। आयोजकों के अनुसार कोविड-19 को देखते हुये अब 5 हजार फैंस को ही एंट्री दी जायेगी।

आईआईटी बॉम्बे के छात्रों ने

ऑनलाइन क्लासेस के लिए 2-G स्पीड पर चलने वाला एप बनाया

आईआईटी बॉम्बे के छात्र बिलाल अवीदी और मुबीन मसूदी ने मिलकर 2-जी स्पीड पर बिना किसी परेशानी के ऑनलाइन क्लासेस के लिए एक एप तैयार किया है।

यह एप बिल्कुल मुफ्त है और बिना विज्ञापन के चलता है। यह एप शिक्षकों के साथ ही ऑनलाइन क्लास लेने वाले बच्चों के लिए काफी मददगार साबित हुआ है। 2-जी सेवा पर ऑनलाइन लर्निंग की सुविधा देने वाले इस एप के बारे में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ट्वीट कर जानकारी दी। यह उन क्षेत्रों में मददगार है, जहां कनेक्टिविटी और इंटरनेट की धीमी गति एक समस्या है।

मयंती लैंगर

आईपीएल से बाहर हुईं मशहूर स्पोर्ट्स एंकर

भारत की मशहूर फीमेल स्पोर्ट्स एंकर मयंती लैंगर को आईपीएल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने एंकर लिस्ट से बाहर कर दिया है। माना जा रहा है कि वे 13वें सीजन में एंकरिंग नहीं करेंगी। लैंगर ने इंडियन क्रिकेट लीग से स्पोर्ट्स एंकरिंग की शुरुआत की थी। उसके बाद से ही वे दुनिया की टॉप स्पोर्ट्स एंकर में गिनी जाने लगी थीं।

जापान में

शतायु लोगों की संख्या 80 हजार पार

जापान में यह पहला मौका है जब वहां 100 अथवा इससे अधिक आयु के लोगों की संख्या 80 हजार के पार हो गई है। जापान सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक वर्ष के दौरान 9176 लोग 100 वर्ष की आयु में पहुंचे हैं और इन्हें मिलाकर शतायु व्यक्तियों की संख्या 80,450 हो गई है। शतायु लोगों की कुल आबादी में महिलाओं का 88.2 प्रतिशत हिस्सा है।

रियाल

ईरान की मुद्रा में भारी गिरावट

ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने कहा है कि वाशिंगटन से बढ़े आर्थिक दबाव की वजह से ईरान की स्थानीय मुद्रा रियाल की कीमत एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तेहरान में दुकानों पर घटकर 2,72,500 तक आ गई है। जून से अब तक डॉलर के मुकाबले रियाल के मूल्य में 30 फीसदी से अधिक गिरावट दर्ज की गई है। ज्ञात रहे कि साल 2015 में वैश्विक शक्तियों के साथ ईरान के समझौते के समय एक डॉलर 32,000 रियाल के बराबर था।

ताजमहल

पर्यटकों के लिये 188 दिन बाद खुला

आगरा स्थित विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के दरवाजे पर्यटकों के लिये 188 दिन बाद शर्तों के साथ खुल गये हैं। पहले दिन भारतीयों के साथ कई विदेशी पर्यटक भी ताज का दीदार करने पहुंचे। एक विदेशी पर्यटक ने ताज के सामने स्थित डायना बेंच पर बैठकर भारतीय अंदाज में अभिवादन करते हुये प्रेम के इस प्रतीक को अपनी यादों में संजो लिया।

ऑस्ट्रेलिया के समुद्र तट पर

रेत में फंसी पायलट व्हेल

ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया स्थित समुद्र तट पर रेत में कई पायलट व्हेल फंस गई हैं। इसमें 300 से अधिक व्हेल की मौत भी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया के मरीन कंजर्वेशन विभाग ने मछलियों को बचाने के लिये बड़े स्तर पर बचाव अभियान शुरू किया है। रेत में फंसने और अनुकूल वातावरण की कमी से इनकी मौत हो गई है और कुछ बेहोशी की हालत में निर्जीव जैसी पड़ी हुई देखी गई हैं।

प्रज्ञा शेखावत

अमेरिकी एयरफोर्स में बनीं लेफ्टिनेंट

झुंझुनूं जिले के जाखल गांव की प्रज्ञा शेखावत का अमेरिकी एयरफोर्स में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। उनके माता-पिता 1992-93 में अमेरिका में बस गये थे। प्रज्ञा के बड़े भाई सुवीर भी अमेरिकी एयरफोर्स में कैप्टन के पद पर कार्य कर रहे हैं। वे वेस्ट वर्जीनिया के मोरगन टाउन में रहते हैं।

स्मृति शेष

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस गिंसबर्ग का निधन

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की न्यायधीश जस्टिस रुथ बेडर गिंसबर्ग का 87 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। उन्हें महिला अधिकार और सामाजिक न्याय का पुरोधा माना जाता है। अमेरिका की शीर्ष अदालत में न्यायधीश के पद पर पहुंचने वाली गिंसबर्ग दूसरी महिला जस्टिस थीं।

प्रसिद्ध रवींद्र संगीत गायिका पूर्वा दाम का निधन

प्रसिद्ध रवीन्द्र संगीत गायिका पूर्वा दाम का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। ख्याति प्राप्त संगीत गायिका सुचित्रा मित्रा की शिष्या दाम ने अपने गीतों से वर्षों तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया था। उन्हें 2013 में पश्चिम बंगाल के संगीत सम्मान से नवाजा गया था।

नवाब वाजिद अली शाह के प्रपौत्र प्रिंस कौकब का निधन

अवध के आखिरी नवाब वाजिद अली शाह के प्रपौत्र प्रिंस कौकब कदर का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से वाजिद अली शाह के साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान पर उर्दू में डॉक्टरेट किया था। वे 1963-64 में कोलकाता में हुई पहली विश्व स्नूकर चैंपियनशिप के चीफ रेफरी भी रहे थे।



कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जॉन टर्नर का निधन

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जॉन टर्नर का टोरंटो में 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 1984 में कनाडा का 17वां प्रधानमंत्री बनाया गया था। 1929 में इंग्लैंड में जन्मे टर्नर बचपन में ही कनाडा आ गये थे। 1962 में उन्होंने कनाडा की राजनीति में प्रवेश किया था।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर सदाशिव पाटिल का निधन

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर सदाशिव पाटिल का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सदाशिव ने भारत के लिये एकमात्र टेस्ट दिसम्बर 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वह रणजी में महाराष्ट्र के लिये खेलते थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

दिमाग में इरादों का खाका तैयार करें और प्रयासों की कूची से रंग भर दें – विल्मोर मूर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र. 1, सागर

फोन नं. : 07582-222296, ई-मेल आई.डी. : eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-04/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक : 02.09.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी।
1.	2020_PWDRB_105111_2	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग देवरी के गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू., डिपॉजिट कार्य रंगाई।	सागर	4000000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
2.	2020_PWDRB_105153_1	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग देवरी के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू., डिपॉजिट कार्य।	सागर	4000000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
3.	2020_PWDRB_105156_1	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग देवरी के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई एवं पुताई कार्य।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
4.	2020_PWDRB_105245_1	उपसंभाग देवरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पैच एवं हेलीपेड मरम्मत कार्य।	सागर	3000000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
5.	2020_PWDRB_105246_1	उपसंभाग खुरई के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पैच एवं हेलीपेड मरम्मत कार्य।	सागर	3000000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
6.	2020_PWDRB_105248_1	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग देवरी के अंतर्गत वर्षा ऋतु के दौरान विभिन्न मार्गों, पुल-पुलियों पर आपदा/बाढ़ आदि से हुई क्षति में रेस्टोरेशन का आकस्मिक कार्य एवं वार्षिक संधारण विशेष मरम्मत कार्य।	सागर	3000000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
7.	2020_PWDRB_105286_1	उपसंभाग देवरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पैच मरम्मत/क्षतिग्रस्त मार्गों हेतु मुरूम डस्ट एवं मेटल का प्रदाय	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
8.	2020_PWDRB_105289_1	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग देवरी के अंतर्गत चिकित्सालय एवं उससे संबंधित भवनों के समस्त आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट कार्य।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
9.	2020_PWDRB_105358_1	उपसंभाग खुरई के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पैच मरम्मत/क्षतिग्रस्त मार्गों हेतु मुरूम डस्ट एवं मेटल का प्रदाय	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
10.	2020_PWDRB_105372_1	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग खुरई के अंतर्गत चिकित्सालय एवं उससे संबंधित भवनों के समस्त आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट कार्य।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
11.	2020_PWDRB_105374_1	लो.नि.वि., उपसंभाग खुरई के बीना सेक्सन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू डिपॉजिट रंगाई एवं पुताई कार्य सहित।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
12.	2020_PWDRB_105375_1	लो.नि.वि., उपसंभाग खुरई के मालथोन सेक्सन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट रंगाई एवं पुताई कार्य सहित।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
13.	2020_PWDRB_105377_1	लोक निर्माण विभाग, मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत जी.ए.डी. कॉलोनी एवं आस-पास के आवासीय भवनों में रंगाई एवं पुताई कार्य।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
14.	2020_PWDRB_105378_1	लोक निर्माण विभाग, मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, वाणिज्य कर एवं अन्य विभागों के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई एवं पुताई कार्य।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
15.	2020_PWDRB_105404_1	लोक निर्माण विभाग, मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत न्यू ऑफिसर्स कॉलोनी एवं उससे संबंधित आस-पास के आवासीय भवनों में रंगाई एवं पुताई कार्य।	सागर	2500000/-	50000/-	5000/-	06 माह	मुख्य अभियंता लो.नि.वि., सागर
				42000000/-				

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 03.09.2020 समय 10.30 से **दिनांक 28.09.2020 समय 5.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड के लिफाफे उपरोक्त उल्लेखित मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. परिक्षेत्र सागर के कार्यालय में भारतीय डाक तार विभाग के स्पीडपोस्ट द्वारा ही दिनांक 30.09.2020 को सायंकाल 5.00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-14300/44411/2020 **लो.नि.वि. (भ./स.), संभाग क्र. 1, सागर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बुरहानपुर

E-mail : eephed_bur@rediffmail.com, Phone : 07325-241085

क्र. 1520/निविदा/लोस्वायांवि/2020 बुरहानपुर, दिनांक : 17.09.2020

निम्नलिखित कार्य की ऑनलाइन निविदा सूचना क्र. 11/2020-21 ई-टेंडरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (http://mptenders.gov.in/nicgep/app) आमंत्रित है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. Design and Construction of Retrofitting Work of Water Supply schemes under jal Jeevan Mission in Villages - (1) KHAIRMAL, (2) NIMBAPUR, (3) MELCHUKA, (4) KHODARI, (5) BIJORI, (6) MONDRA, (7) GOLKHEDA, (8) DHAWATI, (9) KARKHEDA, (10) KALAPAT, (11) DALMAHU, (12) DARIYAPUR RYT, (13) NIMNA, (14) CHAKBARA, (15) HAIDARPUR, (16) SHEKHAPURMAL, (17) SAMARIYA, (18) MACHGANV, (19) MANJRODKALA, (20) KHAIRKHEDA, (21) TUKAITHAD, (22) SONUD, (23) BADIKHEDA, (24) NANDURAKHURD, (25) KANAPUR, (26) NANANAGARI, (27) SHEKHAPURKAM, (28) GHANSHYAMPURA Block Burhanpur

ऑनलाइन टेण्डर नंबर	निविदा की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
2020_PHED_108072_1	427.98	428000/-	15000/-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. Retrofitting Work of Piped Water Supply schemes including design and construction at Villages - (1) KARDALI, (2) SHEKHAPUR RYT, (3) SAIKHEDA KALA, (4) BASALI, (5) GULAI Blokc KHAKNAR

2020_PHED_108072_2	175.79	175800/-	12500/-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. Retrofitting Work of Piped Water Supply schemes including design and construction at Villages - (1) TELIYATHAD, (2) DHABA, (3) RAHAMANPURA Blokc KHAKNAR

2020_PHED_108072_3	94.82	94820/-	10000/-

नोट - 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी। विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
सूत्र के अनुसार ब्याज होगा
$=\frac{17500\times10\times1}{100}=1750$
दूसरे वर्ष के अंत में मूलधन हो जायेगा = 17500 + 1750 = 19250
तीसरे वर्ष के लिये मूलधन होगा 19250 - 10000 = 9250
सूत्र के अनुसार तीसरे वर्ष के लिये ब्याज होगा $\frac{9250\times10\times1}{100}=925$
पूरा ऋण चुकाने के लिये देय राशि होगी 9250 + 925 = 10175

(12) रवि, जो कि एक प्रबंधक है, अपने चार कारीगरों को जोड़ी में काम करवाना चाहता है। कोई भी जोड़ी 5 घंटे से अधिक काम नहीं करती है। निखिल और सोमेश ने 5 घंटे एक साथ काम किया। लोकेश तथा अमित ने दो घंटे एक साथ काम किया। लोकेश, निखिल के साथ काम नहीं करना चाहता है। रवि, सोमेश के साथ किसको काम पर लगाये ताकि सभी श्रमिक कार्य जारी रख सकें -
(अ) लोकेश (ब) अमित
(स) निखिल
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (अ) लोकेश

व्याख्या - चूंकि निखिल और सोमेश पहले एक साथ काम कर चुके हैं, अतः कोई जोड़ा 5 घंटे से ज्यादा काम नहीं करता है। सोमेश, लोकेश के साथ काम करेगा, क्योंकि लोकेश निखिल के साथ काम नहीं करना चाहता है।

(13) पीयूष रु. 1,00,000 को दो भागों में विभाजित करता है तथा दो अलग-अलग योजनाओं में निवेश करता है। पहले भाग पर 10 प्रतिशत और दूसरे भाग पर 12 प्रतिशत लाभ प्राप्त होता है। यदि लाभ के प्रतिशत की अदला-बदली कर दी जाये तो वह पहले से 120 रुपये कम प्राप्त करता है। दोनों योजनाओं में निवेश का अनुपात है -
(अ) 37:63 (ब) 47:53
(स) 50:50 (द) 40:60

उत्तर - (द) 47:53

व्याख्या - माना कि योजना 1 में निवेश की राशि x है।
योजना 2 में निवेश की राशि = (1,00,000 - x)
प्रश्न के अनुसार
x का 10% + (1,00,000 - x) का 12% =
x का 12% + (1,00,000 - x) का 10% + 120 है।
हल करने पर
x = 1880 x 100/4 = 47000 निवेश की राशि है, प्रथम योजना में।
53000 निवेश की राशि है, द्वितीय योजना में।

(14) सैंकड़ों ग्रामीण जिला प्रशासन द्वारा नहर निर्माण के लिये भूमि अधिग्रहण करने के निर्णय के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यद्यपि, भूमि अधिग्रहण पूर्णतः विधि सम्यक प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया है। साथ ही ऐसा करना समय की मांग भी है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंप दिया है कि यदि उनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया तो वे जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस स्थिति में जिलाधिकारी को क्या करना चाहिये -
(अ) भूमि अधिग्रहण के निर्णय की पुनरीक्षा करना
(ब) स्थानीय पुलिस को जिलाधिकारी कार्यालय में और उसके बाहर सुरक्षा प्रबंध बढ़ाने के लिये निर्देश देना
(स) भूमि अधिग्रहण की नीति और उसके उद्देश्यों के संबंध में आश्वासन देने के लिये ग्रामीणों के प्रतिनिधि समूह के साथ बैठक करना
(द) उच्चाधिकारियों को वास्तविक स्थिति बताना ताकि भावी कार्यवाही के बारे में निर्णय लिया जा सके

उत्तर - (स) भूमि अधिग्रहण की नीति और उसके उद्देश्यों के संबंध में आश्वासन देने के लिये ग्रामीणों के प्रतिनिधि समूह के साथ बैठक करना

व्याख्या - चूंकि भूमि अधिग्रहण पूर्णतः विधि एवं विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया है, अतः ग्रामीणों को इस निर्णय को समझाना तथा उनका विश्वास प्राप्त करना सर्वाधिक प्रभावशील निर्णय होगा।

(15) यदि 200 से 800 तक सभी संख्याएं लिखी जायें, तो ऐसी कितनी संख्याएं आती हैं, जिनमें सैकड़े का अंक, दहाई के अंक से तथा दहाई का अंक, इकाई के अंक से बड़ा है -
(अ) 56 (ब) 57
(स) 58 (द) 59

उत्तर - (अ) 56

(16) किसी परिवार में केवल चार सदस्य हैं A, B, C और D तथा उनमें केवल एक जोड़ा है। संबंध के कथन निम्नानुसार हैं -
(अ) A कहता है, B मेरी पुत्री है
(ब) B कहता है, C मेरे पिता है
(स) C कहता है, D मेरी मां है
D, B से किस प्रकार संबंधित है -
(अ) दादी (ब) साली
(स) मां (द) दादा

उत्तर - (अ) दादी

(17) कुछ छात्र हड़ताल में शामिल नहीं थे। यदि यह कथन सही है, तो निम्न में से कौन सा/कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से सही हैं -
(अ) कुछ जो हड़ताल में शामिल थे, वे छात्र थे
(ब) कुछ जो हड़ताल में शामिल नहीं थे, वे छात्र थे
(स) कम से कम एक छात्र हड़ताल में शामिल था
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (ब) कुछ जो हड़ताल में शामिल नहीं थे, वे छात्र थे।

व्याख्या - कथन अ और ब गलत है, क्योंकि नकारात्मक कथन से हम सकारात्मक निष्कर्ष नहीं निकाल सकते हैं।

(18) तीन पूर्णांक संख्याएं A, B तथा C का गुणनफल 600 है, C = 5 है तथा A तथा B का औसत x है। x का न्यूनतम संभव मान क्या होगा -
(अ) 11 (ब) 14.5
(स) 13 (द) 21.5

उत्तर - (अ) 11

व्याख्या - A x B x C = 600, A x B x 5 = 600
A x B = 120
A और B के संभावित मान हैं - (1, 120) (2, 60) (3, 40) (4, 30) (5, 24) (6, 20) (8, 15) (10, 12)
x का न्यूनतम मान = $\frac{10+12}{2}=11$

(19) आप एक बहुत ही सच्चे, ईमानदार अधिकारी हैं और आप अपनी सत्यनिष्ठा, सख्ती तथा कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिये जाने जाते हैं। आप के कार्य करने के नजरिये को लेकर आपके कई वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारी आपके प्रति नाखुश रहते हैं तथा विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर अन्य के साथ सहयोग भी नहीं करते हैं। अपने सहकर्मियों के व्यवहार में आये इस परिवर्तन को आपने महसूस भी किया है। इस स्थिति में आपकी क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिये -
(अ) अपने कार्य करने के तरीके का आत्मनिरीक्षण करेंगे ताकि दूसरे लोग आपके साथ कार्य करने में सहमत महसूस हों
(ब) अपनी कार्यशैली और कार्य के प्रति नजरिये में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे
(स) अपनी विशिष्ट कार्यशैली के बारे में अपने सहकर्मियों को समझायेंगे
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (अ) अपने कार्य करने के तरीके का आत्मनिरीक्षण करेंगे ताकि दूसरे लोग आपके साथ कार्य करने में सहमत महसूस हों।

व्याख्या - चूंकि उपरोक्त परिस्थिति में समस्या, आपके उच्चाधिकारी, अधीनस्थ और आप स्वयं भी महसूस करते हैं कि आपकी कार्यप्रणाली दूसरों से सहयोग प्राप्त करने में कठिन है। अतः समाधान भी यही उचित होगा कि अपनी सच्चाई, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से समझौता किये बिना अपनी कार्यप्रणाली का आत्मनिरीक्षण किया जावे।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. ..... January is the first month of the year.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. Heena deposits money in ..... Bank of Baroda.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. Ranjan is ..... docile and honest man.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

4. Sameer helped ..... lady who was begging on the road.
(a) an (b) the
(c) no article (d) a

5. I like ..... both painting and photography.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. We do not have washing machine ..... home.
(a) in (b) with
(c) at (d) on

7. I learnt Hindi..... hostel.
(a) at (b) in
(c) by (d) from

8. The movie is ..... 3 pm to 6 pm.
(a) of (b) from
(c) with (d) at

9. Two rooms were booked ..... my family.
(a) on (b) of
(c) for (d) to

10. Ramu dived ..... the water.
(a) about (b) in
(c) on (d) into

11. His principal always comes ..... time in the college.
(a) on (b) with
(c) to (d) by

12. Raju climbed ..... the tree.
(a) of (b) by
(c) on (d) up

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. I can never ..... him.
(a) has been forgiving
(b) was forgiven
(c) forgive
(d) has forgiven

14. Ramesh ..... in the hospital yesterday.
(a) has admitted
(b) is admitted
(c) was admitted
(d) had admitted

15. The teacher ..... thirty answer books so far.
(a) had evaluated
(b) is evaluating
(c) was evaluating
(d) has evaluated

16. Tilak ..... in this school since 2013.
(a) teaches
(b) teaching
(c) is teaching
(d) has been teaching

17. Time ..... quickly.
(a) was passed
(b) passes
(c) is passing
(d) pass

18. Anjali ..... in the dance competition held in next week.
(a) is participation
(b) will participate
(c) participated
(d) would be participated

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. The police have arrested three people.
(a) The police had been arrested by three people.
(b) Three people have arrested by the police.
(c) Three people have been arrested by the police.
(d) The three people arrested by the police.

20. The pandemic has taught us many things.
(a) We are being taught many things by this pandemic.
(b) Many things we learnt from this pandemic.
(c) Many things we are taught by this pandemic.
(d) We have been taught many things by the pandemic.

21. Serve the poor people.
(a) The poor people be served.
(b) I request you to serve the poor people.
(c) You are requested to serve the poor people.
(d) Let the poor people be served.

22. New guidelines for Covid-19 are issued by the government.
(a) The government issued new guidelines for Covid-19.
(b) The government has issued new guidelines for Covid-19.
(c) The government issues new guidelines for Covid-19.
(d) Covid-19 has been issued new guidelines by the government.

23. Can anybody sanitize this room?
(a) Can this room be done sanitization by anybody?
(b) Can sanitization in this room be done by anybody?
(c) Can anybody properly be sanitized this room?
(d) Can this room be sanitized (by anybody)?

24. Arjun bribed the clerk.
(a) The clerk was bribed by Arjun.
(b) The bribe was given to clerk by Arjun.
(c) The clerk is bribed by Arjun.
(d) The clerk bribed Arjun.

25. They are cleaning the road.
(a) The road are cleaned by them.
(b) The road is being cleaned by them.
(c) The road was cleaned by them.
(d) The road was being cleaned by them.

Do as directed. (Question No. 26 to 30)

26. The gangster kept mum over his involvement in crimes. (Make it negative without changing the meaning)
(a) The gangster refused to say anything over his involvement in crimes.
(b) The gangster remained silent over his involvement in crimes.
(c) The gangster didn't say anything over his involvement in crimes.
(d) The gangster sealed his lips over his involvement in crimes.

27. Why should not people protest against unlawful activities? (Make it assertive)
(a) People should not protest against unlawful activities.
(b) Should not people protest against unlawful activities?
(c) People should protest against unlawful activities.
(d) People are advised to protest against unlawful activities.

28. She rejects the marriage proposal quite well. (Make it exclamatory)
(a) What a way of her rejecting the marriage proposal!
(b) What the marriage proposal is rejected by her!
(c) How very well the rejection she made of marriage proposal!
(d) How well she rejects the marriage proposal!

29. It is nice to meet you. (Make it exclamatory)
(a) Isn't it nice to meet you!
(b) What it is to meet you!
(c) What a nice it is to meet you!
(d) How nice to meet you!

30. Are we meant to spend all our time and money seeking pleasure? (Make it assertive)
(a) We are not good in spending all our time and money on seeking pleasure.
(b) It is not good to spend all our time and money seeking pleasure.
(c) We are not meant to spend all our time and money seeking pleasure.
(d) We are not fool to spend all our time and money in seeking pleasure.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Abjure
(a) Renounce
(b) Forsake
(c) Approve
(d) Reject

32. Compel
(a) Force (b) Absolve
(c) Induce (d) Require

33. Sullied
(a) Lustful
(b) Chaste
(c) Debased
(d) Dishonored

34. Docile
(a) Pliable (b) Obedient
(c) Passive (d) Obstinate

35. Glory
(a) Fame (b) Disgrace
(c) Beauty (d) Honour

Synonyms (Question No. 36 to 40)

36. Placid
(a) Peaceful (b) Angry
(c) Fuming (d) Lucid

37. Verbose
(a) Terse (b) Soothe
(c) Wordy (d) Concise

38. Dupe
(a) Pleasure
(b) Hoodwink
(c) Delight
(d) Praise

39. Adequate
(a) Insufficient
(b) Lacking
(c) Ample
(d) Scanty

40. Scorn
(a) Admiration
(b) Respect
(c) Approbation
(d) Ridicule

One word substitutions. (Question No. 41 to 45)

41. A person who is a centre of attraction.
(a) Centralist
(b) Fishmonger
(c) Elevationist
(d) Cynosure

42. One who doesn't express oneself freely.
(a) Dumb
(b) Introvert
(c) Extrovert
(d) Assertive

43. A person who is skilled in producing beautiful handwriting.
(a) Cartographer
(b) Manuscript
(c) Calligrapher
(d) Arsonist

44. A place in public building where people leave their luggage
(a) Lodge
(b) Hometown
(c) Cloakroom
(d) Wardrobe

45. A place where coins are made.
(a) Auditorium
(b) Mint
(c) Court
(d) Morgue

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. (a) Napotism
(b) Nepatism
(c) Nepoatism
(d) Nepotism

47. (a) Ensurance
(b) Eansurance
(c) Insuarance
(d) Insurance

48. (a) Gangstor
(b) Gangster
(c) Ganster
(d) Gengster

49. (a) Centuary
(b) Century
(c) Sentuary
(d) Sentury

50. (a) Mythology
(b) Miaythology
(c) Maithology
(d) Myathology

Answers

1. d, 2. c, 3. c, 4. b, 5. d, 6. c, 7. b, 8. b, 9. c, 10. d, 11. a, 12. d, 13. c, 14. c, 15. d, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. d, 21. d, 22. c, 23. d, 24. a, 25. b, 26. c, 27. c, 28. d, 29. d, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. b, 36. a, 37. c, 38. b, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. c, 45. b, 46. d, 47. d, 48. b, 49. b, 50. a.

Explanation

1. No article is placed before the name of month.
2. Article 'The' is placed before the names of banks.
30. Positive interrogatives are made negative assertive and vice-versa. Hence positive interrogative sentence is changed into negative assertive sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

समाज के सभी वर्गों को आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य

विदिशा, आदिम-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने विदिशा में 'सबको साथ-सबका विकास' के जिला-स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा है कि समाज के सभी वर्गों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिये अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किये हैं। किसानों को सशक्त बनाने के लिये उन्हें सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

आदिम-जाति कल्याण मंत्री ने कहा कि किसानों को परम्परागत खेती के साथ-साथ व्यावसायिक खेती, विशेष रूप से उद्यानिकी फसलों को लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को कृषि ऋण के अलावा पशुपालन व मत्स्य-पालन के लिये किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

विदिशा जिले में 7 हजार 31 किसानों को 63 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि साख के रूप में मंजूर की गई है। इसके साथ ही किसानों को करीब 36 करोड़ रुपये फसल ऋण के रूप में वितरित किये गये। कार्यक्रम में दुग्ध सहकारी समितियों के 1033 पशुपालकों को किसान क्रेडिट-कार्ड वितरित किये गये।

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितम्बर

देश के दिल मध्यप्रदेश में घूमने के लिये है बहुत कुछ

देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक मध्यप्रदेश को भारत का हृदय प्रदेश भी कहा जाता है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, जलवायु और संरचना ऐसी है कि पर्यटन के लिये यहां सालभर आया जा सकता है। यहां अलग-अलग विधाओं के कई रमणीय और आकर्षक पर्यटन स्थल हैं। प्रदेश में लगभग 450 पर्यटन केन्द्र हैं, जिन्हें चार प्रमुख श्रेणियों ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय महत्व के स्थान, प्राकृतिक सौंदर्य के स्थान, धार्मिक महत्व के स्थान और वन्य प्राणी पर्यटन स्थल में आप बांट सकते हैं। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, नर्मदा-ताप्ती उद्गम, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, ओरछा, मैहर, खजुराहो, सांची, भीमबेटका, माण्डू का किला, भेड़ाघाट, चचाई वाटर फॉल जैसे कई पर्यटन स्थल हैं। खजुराहो, सांची और भीमबेटका जैसे विश्व विरासत स्थल मध्यप्रदेश में हैं। मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट के रूप में भी जाना जाता है।

कोरोना महामारी संकट के बाद महीनों बंद रहीं पर्यटक गतिविधियों को पर्यटन विभाग द्वारा पुनः पटरी पर लाया जा रहा है। इसके लिये 'बफर में सफर' और 'इंतजार आपका' जैसे अभियान चलाने के साथ-साथ पर्यटकों को निगम के होटल तथा रेस्त्रां में विशेष छूट भी दी जा रही है। प्रदेश में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित सभी होटल और रेस्त्रां का संचालन केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय और राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई गाइड-लाइन और होटल और रेस्त्रां के लिये जारी एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन कराते हुये किया जा रहा है।

पर्यटन से ग्रामीण विकास को दिया जाये बढ़ावा

संयुक्त राष्ट्र ने 1980 से 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया था। विश्व पर्यटन दिवस के लिये 27 सितम्बर का दिन चुना गया, क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन (डब्ल्यूटीओ) का संविधान स्वीकार किया गया था। हर वर्ष इस दिन के लिये एक थीम तय की जाती है, इस वर्ष की थीम टूरिज्म एंड रूरल डेवलपमेंट "Tourism and Rural Development" तय की गई है। इस थीम को तय करने का उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है। ग्रामीण विकास में पर्यटन अहम भूमिका निभा सकता है। इससे युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को रोज़गार मिलेगा और उनके जीवन का स्तर बढ़ेगा।

इस बार कोरोना महामारी के कारण संयुक्त राष्ट्र पर्यटन को पुनः गति प्रदान करने के लिये सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियों पर जोर दे रहा है। विश्व पर्यटन संगठन के आंकड़े बताते हैं कि कोविड-19 महामारी की वजह से लगभग 100 से 120 मिलियन टूरिज्म जॉब्स पर खतरा मंडरा रहा है। 2020 की पहली छमाही में इंटरनेशनल टूरिस्ट्स के आंकड़ों में 65 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

पचमढ़ी हिल स्टेशन

सतपुड़ा पर्वत के पठार पर मौजूद पचमढ़ी अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिये प्रसिद्ध है। भीषण गर्मी में भी यहां शीतलता मिलती है। पचमढ़ी का शाब्दिक अर्थ है पांच कुटिया, जो यहां विद्यमान पांच गुफाओं की सूचक हैं। दंत कथा के अनुसार यहां पाण्डवों ने वनवास काल का एक वर्ष बिताया था। वहीं प्राचीन जानकार इन गुफाओं को बौद्धकालीन मानते हैं। प्रियदर्शिनी, हाड़ीखोह पचमढ़ी की सबसे प्रभावोत्पादक घाटी है। अप्सरा, विहार, रजत प्रपात, राजगिरि, लांजी गिरि, आईरीन सरोवर, डचेस फॉल, जटाशंकर, छोटा महादेव, महादेव, चौरागढ़, धूपगढ़, पांडव गुफायें, गुफा समूह, धुंआधार, डोरोथी डिप, अस्तांचल, बीनवादक की गुफा (हार्पर केव) तथा सरदार गुफा जैसी जगहें यहां देखने योग्य हैं।

सांची बौद्ध विरासत

भोपाल से 45 किलोमीटर की दूरी पर सांची स्थित है। यहां स्थित स्मारकों का निर्माण काल तृतीय शती ईसा पूर्व से बारहवीं शती ईस्वी तक का है। सांची के पुराने स्मारकों के निर्माण का श्रेय मौर्य सम्राट अशोक को जाता है, जिन्होंने अपनी विदिशा निवासी रानी की इच्छानुसार सांची की पहाड़ी पर स्तूप विहार एवं एकाश्म स्तम्भ का निर्माण कराया था। भारत सरकार के पुरा-सर्वेक्षण विभाग द्वारा सांची के निकटवर्ती स्थानों पर खुदाई में अन्य स्तूप श्रृंखला का भी पता चला है। यहां मौजूद भव्य स्तूप प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला की अनुपम कृति हैं। यहां के एक स्तूप में महात्मा बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों सारिपुत्र तथा महामौगलायन के अवशेष मिले थे। बौद्ध विहार, अशोक स्तंभ, महापात्र, गुप्तकालीन मंदिर तथा संग्रहालय यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

खजुराहो और ओरछा

यहां मौजूद स्मारक समूह यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल हैं। खजुराहो में पत्थरों पर तराशी गई सुंदर कलायें आपको देखने को मिलती हैं। मध्य युगीन भारत की शिल्प एवं वास्तुकला को दर्शाते यहां के मंदिरों का निर्माण चन्देल राजाओं ने करवाया था। मंदिरों की दीवारों पर देवताओं तथा मानव आकृतियों को इतने कलात्मक और भव्य तरीके से उकेरा गया है कि पर्यटक इन्हें देखते रह जाते हैं। कंदरिया महादेव, चौंसठ योगिनी, चित्रगुप्त मंदिर, लक्ष्मण मंदिर तथा मातंगेश्वर मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर, घंटाई मंदिर, आदिनाथ मंदिर, दूल्हादेव मंदिर तथा चतुर्भुज मंदिर के अलावा-बेनी सागर बांध और यहां मौजूद प्रपात भी दर्शनीय हैं।

ओरछा एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी है। यहां श्री राम जी को भगवान नहीं बल्कि राजा के रूप में पूजा जाता है। उनको महल में जगह दी गई है, उनका दरबार है और पुलिस द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर भी दिया जाता है। इस राज्य की स्थापना 16वीं सदी में बुन्देला राजाओं ने की थी। यहां रामराजा मंदिर, जहांगीर महल, राज महल, राय प्रवीण महल, चतुर्भुज मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, फूल बाग, दीवान हरदौल महल, सुन्दर महल, छत्रियां, शहीद स्मारक आदि हैं।

उज्जैन और मांडू

क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित इस शहर को पुराणों में उज्जयिनी, अवन्तिका, अमरावती, प्रतिकल्पा, कुमुद्वती आदि नामों से बताया गया है। उज्जैन का सिंहस्थ पर्व प्रत्येक बारह वर्षों के अंतराल पर मनाया जाता है। श्री कृष्ण-सुदामा ने यहीं सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। यहां महाकाल मंदिर परिसर, मंगलनाथ, काल भैरव, विक्रान्त भैरव, हरसिद्धि, चौसठ योगिनी, गढ़ कालिका, नगर कोट की रानी, गोपाल मंदिर, अनंत नारायण मंदिर, अंकपात, त्रिवेणी संगम पर नवग्रह मंदिर चिन्तामण गणेश, अवन्ति-पार्श्वनाथ मंदिर, ख्वाजा शकेब की मस्जिद, बोहरों का रोजा, जामा मस्जिद, टेकरी का स्तूप-स्थल, कालियादह महल, पीर-मत्स्येन्द्र की समाधि, जयसिंहपुरा, दिगम्बर जैन संग्रहालय, वाकणकर स्मृति जिला पुरातत्व संग्रहालय, भारतीय कला भवन, दुर्गादास राठौर की छत्री आदि दर्शनीय स्थल हैं।

प्राकृतिक मनोरम के अलावा मांडू को बाज बहादुर और रानी रूपमति की गाथा से भी जोड़ा जाता है। विन्ध्य पर्वतमाला की गोद में स्थित इस स्थल को मालवा के परमार राजाओं ने अपनी राजधानी बनाया था। यहां भरतीय वास्तुकला का भव्य उदाहरण देखने को मिलता है। मांडू का परकोटा में 12 दरवाजे हैं, जो रामपोल, तारापुर दरवाजा, जहांगीर दरवाजा, दिल्ली दरवाजा आदि नामों से जाने जाते हैं। यह निर्माण अपनी मजबूती के लिये प्रसिद्ध है। इसके अलावा यहां हिंडोला या जहाज महल, होशंगशाह का मकबरा, जामी मस्जिद, अशर्फी महल, रेचा कुंड, रूपमती मंडप, नीलकंठ महल, हाथी महल तथा लोहानी गुफायें आदि प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

ओंकारेश्वर तथा महेश्वर

ऊँ की आकृति वाला यह द्वीप प्राचीन काल से ही तीर्थ के तौर पर मान्य है। यहां नर्मदा-कावेरी के संगम पर स्थापित ज्योतिर्लिंग द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यहां ओंकार मांधाता, सिद्धनाथ मंदिर, चौबीस अवतार, सप्त मातृका मंदिर तथा काजल रानी गुफा जैसे दर्शनीय स्थल हैं। वहीं अर्जुन की प्राचीन राजधानी महिष्मति ही आधुनिक महेश्वर है। इसका उल्लेख रामायण तथा महाभारत में भी मिलता है। रानी अहिल्याबाई होलकर का किला यहां दर्शन योग्य है। महेश्वर के मंदिर तथा दुर्ग काफी प्रसिद्ध हैं। राजगदी और राजवाड़ा, घाट तथा मंदिर के अलावा महेश्वर की साड़ियां विख्यात हैं।

चित्रकूट और अमरकंटक

प्रकृति के बीच चित्रकूट में पर्यटक मानसिक शांति प्राप्त करते हैं। चित्रकूट ब्रम्हा, विष्णु, महेश के बाल अवतार का स्थान माना जाता है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण ने महर्षि अत्रि तथा सती अनुसूया के अतिथि बनकर यहाँ काफी समय गुजारा था। यहां मंदाकिनी नदी के तट पर घाटों की कतारें हैं, उनमें से सबसे प्रसिद्ध रामघाट है। इसके अलावा यहां कामदगिरि, जानकी कुण्ड, सती अनुसूया, स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, हनुमान धारा, भरत कूप आदि दर्शनीय स्थल हैं।

अनूपपुर जिले में मैकल पर्वतमालाओं में स्थित अमरकंटक नर्मदा और सोन नदियों का उद्गम स्थल है। यह ऋषि-मुनियों की तपोभूमि भी रहा है। यहां नयनाभिराम पर्यटन स्थल है। अमरकंटक में कई मन्दिर हैं। कपिलधारा जलप्रपात, सोन मुंग, माई की बगिया, कबीरा चौरा, भृगु कमण्डल और पुष्कर बांध देखने योग्य हैं।

ग्वालियर और शिवपुरी

विशाल ग्वालियर दुर्ग का निर्माण सन् 525 ई. में राजा सूरजपाल ने कराया था। ग्वालियर दुर्ग बलुआ पत्थर की सीधी चट्टानों पर खड़ा हुआ है। इसके अलावा ग्वालियर में गूजरी महल, मान मंदिर, सूरजकुंड, सास-बहू का मंदिर, जय विलास महल, रानी लक्ष्मीबाई की अश्वारोही मूर्ति, संग्रहालय, तानसेन की समाधि, गौस मोहम्मद का मकबरा, कला वीथिका, चिड़ियाघर, गुरूद्वारा, सूर्य मंदिर आदि दर्शनीय स्थल हैं। सिंधिया राजाओं की ग्रीष्मकालीन राजधानी रह चुकी शिवपुरी अपनी सुन्दर छतरियों के द्वारा राजसी विरासत की याद दिलाती है। शिवपुरी स्थित राष्ट्रीय उद्यान विभिन्न प्रकार की वनस्पति एवं विविध प्राणियों से समृद्ध है। हिरण की बहुलता वाले इस क्षेत्र में चिंकारा, भारतीय कलपूंछ और चीतल आसानी से दिख जाते हैं। इसके अलावा नीलगाय, सांभर, चौसिंघा, कृष्णमृग, रीछ और चीता भी यहां हैं। राष्ट्रीय उद्यान के अलावा यहां अभ्यारण्य के बीच ऊंचाई पर स्थित जॉर्ज कैसल, सख्या सागर, बोट क्लब, भदैया कुण्ड तथा तात्या टोपे की विशाल मूर्ति आदि अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान

बांधवगढ़ उद्यान में बाघों की संख्या अच्छी-खासी है। यहां 22 से अधिक स्तनपायी प्राणी और 250 से अधिक जातियों के पक्षी पाये जाते हैं। यहां एशियाई सियार, बंगाल लोमड़ी, भालू, बिज्जू, सफेद नेवला, धारीदार लकड़बग्घा, जंगली बिल्ली, तेंदुआ भी हैं। मंडला और बालाघाट जिले में स्थित कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। कान्हा लगभग विलुप्त हो चुके बारहसिंहा और बाघ के संरक्षण के लिये प्रसिद्ध है। यहां बाघ, बारहसिंहा, चीतल और सांभर मुख्य रूप से पाये जाते हैं। कान्हा कि मुख्य विशेषता इसके घने साल और सागोन के जंगल हैं। यहां बांस और खुले घास के मैदान भी पाये जाते हैं। इसके अलावा पन्ना राष्ट्रीय उद्यान, सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व क्षेत्र भी देखने योग्य हैं।

भोपाल के संग्रहालय और दर्शनीय स्थल

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सुन्दर मस्जिदें तथा महल हैं। भोपाल पांच पहाड़ियों पर बसा है तथा इसमें दो झीलें हैं। यहां ताज-उल-मस्जिद, जामा मस्जिद, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बिड़ला संग्रहालय, शौकत महल और सदर मंजिल, भारत-भवन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, राजकीय संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय, गांधी भवन, वन विहार, चौक, बड़ी और छोटी झील, मछली घर इत्यादि दर्शनीय स्थल हैं। भोपाल से कुछ दूर भोजपुर मंदिर तथा भीमबेटका है। भोजपुर स्थित भव्य शिव मंदिर को मध्य भारत का सोमनाथ कहा जाता है। वहीं विन्ध्य पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ भीमबेटका समूह मानव इतिहास का एक बहुमूल्य चित्र दर्शाता है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों में पिछले तीन वर्षों से मध्यप्रदेश लगातार बेस्ट स्टेट ऑफ एडवेंचर टूरिज्म का खिताब जीत रहा है। इसके अलावा भी पर्यटन से जुड़े कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुस्कार मध्यप्रदेश हासिल कर चुका है।
- वर्ल्ड टूरिज्म डे 2019 की मेजबानी भारत ने की थी।
- हर साल 25 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय पर्यटन दिवस (नेशनल टूरिज्म डे) मनाया जाता है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

जरूरतमंदों का सहारा है संबल योजना

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण को सर्वोपरि मानती है। संसाधनों का समान वितरण कर जरूरतमंद गरीबों को सहारा देने वाली संबल जैसी व्यावहारिक योजना को पूर्व सरकार ने बंद कर दिया था। जन्म के पूर्व से लेकर असामयिक मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने वाली संबल योजना पर निरंतर अमल किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हाल में आयोजित कार्यक्रम में संबल योजना के 3700 हितग्राहियों के खाते में 80 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का अंतरण करते हुये कहीं।

तीन साल में मिलेगा सभी को पक्का मकान

मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल संसाधनों के समान वितरण की योजना है। यह योजना गरीबों के लिए बहुत बड़ा सहारा बनी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार ने मुंह का निवाला भी छीन लिया था। गर्भवती बहनों के पोषण में उपयोगी लड्डू से उन्हें वंचित कर दिया गया था। पूर्व सरकार के इशारे पर योजना बंद हो गई थी। श्री चौहान ने कहा कि आने वाले तीन साल में सभी को पक्का मकान मिलेगा।

मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों से चर्चा के दौरान उन्हें संबल योजना के लाभ बताए और आश्वासन दिया कि आप लोग कभी चिंता न करना। यह योजना चालू रहेगी और आप लोगों को इसका लाभ मिलता रहेगा।

प्रदेश लौटे प्रवासी श्रमिकों को संबल से जोड़ा जाएगा

श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान में जो हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हैं उन्हें भी इसका लाभ दिलवाया जाएगा। जो प्रवासी श्रमिक कोविड-19 की समस्या के कारण प्रदेश में लौटे उन्हें भी संबल से जोड़ा जाएगा। इन श्रमिकों को भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल से जोड़कर भी लाभान्वित किया जाएगा। इन श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वास्तविकता है कि जिस परिवार में कोई दुःखद घटना होती है, कुछ दिन सभी लोग सहानुभूति व्यक्त करते हैं। वास्तविक पीड़ा प्रभावित व्यक्ति ही महसूस कर सकता है। ऐसे लोगों को सरकार से आर्थिक सहायता मिलना ही चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि गरीबों की योजना संबल के क्रियान्वयन के लिए धनराशि की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन हितग्राहियों को योजना का लाभ मिला है, वे आत्मनिर्भर हो सकेंगे।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

1. माखनलाल चतुर्वेदी की सर्वप्रथम रचना ब्रज भाषा में लिखी गई थी। यह किस पत्र-पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?
A) रसिक मित्र
B) धर्मवीर
C) प्रभा
D) सत्य-दीपक।

2. अंग्रेजी में प्रयोगवाद के जन्मदाता एक प्रसिद्ध कवि एवं आलोचक हैं?
A) आई.ए. रिचर्ड्स
B) टी.एस. इलियट
C) क्रोचे
D) पाउण्ड।

3. सन् 1959 में प्रकाशित 'तीसरा सप्तक' में किन सात कवियों की कविताएं सम्मिलित थीं?
A) प्रयाग नारायण त्रिपाठी, कीर्ति चौधरी, मदन वात्स्यायन, केदार नाथ सिंह, कुंवर नारायण, विजय देव नारायण साही, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
B) भवानी प्रसाद मिश्र, शकुन्तला माथुर, हरिनारायण व्यास, शमशेर बहादुर, नरेश मेहता, रघुवीर सहाय, धर्मवीर भारती
C) मुक्तिबोध, नेमिचन्द्र, भारत भूषण, प्रभाकर माचवे, गिरिजा कुमार माथुर, रामविलास शर्मा, अज्ञेय
D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

4. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा गलत है?
A) कितनी नावों में कितनी बार - अज्ञेय
B) चाँद का मुह टेढ़ा है - मुक्तिबोध
C) गीत फरोश - फिराक गोरखपुरी
D) अन्धा युग - धर्मवीर भारती।

5. नई कविता में कैक्टसवाद क्या है?
A) व्यंग्यात्मक कविताओं का एक युग
B) अश्लील कविताओं का एक अलग युग जिसे 'कैक्टसवाद' नाम दिया गया
C) नई कविता में प्रतीक रूप में अपनाया गया 'कैक्टस' जो अदम्य उत्साह, जीवनाकांक्षा और अनगढ़ता का प्रतीक है
D) नई कविता के उच्च कोटि के साहित्यकारों का एक मण्डल।

6. 'मेरा रूप तुम्हारा दर्पण' के रचयिता हैं?
A) बालस्वरूप राही
B) दुष्यंत कुमार
C) देवराज
D) नीरज।

7. यह कथन किसने कहा कि मैं प्रयोगवाद का अगुआ नहीं पिछलगुआ हूँ?
A) अज्ञेय
B) डॉ. जगदीश गुप्त
C) दिनकर
D) पन्त।

8. मैथलीशरण गुप्त की खड़ी बोली की प्रथम रचना 'हेमन्त' किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?
A) इन्दु
B) सरस्वती
C) आनन्द कादम्बिनी
D) नागरी प्रचारिणी।

9. हिन्दी काव्य साहित्य में 'मांसलवाद' के प्रवर्तक हैं?
A) डॉ. हरिवंश राय बच्चन
B) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल'
C) भगवती चरण वर्मा
D) डॉ. जगदीश गुप्त।

10. किस कृति में राधा को नवीन रूप में उपस्थित किया गया है?
A) उद्धव शतक
B) प्रिय प्रवास
C) सूरसागर
D) भंवरगीत।

11. किस भाषा में उपन्यास को 'कादम्बरी' कहते हैं?
A) संस्कृत
B) मराठी
C) गुजराती
D) कश्मीरी।

12. फारसी तिलस्मे होशरूबा उपन्यास पद्धति पर रचित किस उपन्यासकार के उपन्यास सर्वाधिक चर्चित हैं?
A) बाबू हरिकृष्ण जौहर
B) गंगाप्रसाद गुप्त
C) बाबू गुलाब राय
D) देवकीनन्दन खत्री।

13. 'राम-रहीम' नामक सामाजिक उपन्यास के लेखक हैं?
A) शिवपूजन सहाय
B) सुदर्शन
C) देवनारायण द्विवेदी
D) राधिकारमण प्रसाद सिंह।

14. इलाचन्द्र जोशी रचित 'जहाज का पंछी' किस कोटि का उपन्यास है?
A) घटना प्रधान
B) आत्म कथात्मक
C) चरित्र प्रधान
D) जासूसी।

15. किस उपन्यासकार को 'सर वाल्टर स्कॉट' की उपाधि मिली है?
A) वृन्दावनलाल वर्मा
B) मुन्शी प्रेमचन्द
C) जयशंकर प्रसाद
D) जैनेन्द्र।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यासकार फ्रायड के दर्शन से सर्वाधिक प्रभावित है?
A) अज्ञेय
B) जैनेन्द्र
C) भगवती चरण वर्मा
D) भगवती प्रसाद वाजपेयी।

17. नागार्जुन कृत 'बाबा बटेसरनाथ' किस तरह का उपन्यास है?
A) हास्य उपन्यास
B) मनोवैज्ञानिक उपन्यास
C) आंचलिक उपन्यास
D) राजनीतिक उपन्यास।

18. 'चन्द हसीनों के खतूत' किस प्रकार का उपन्यास है?
A) घटना प्रधान
B) पत्रात्मक
C) कथात्मक
D) आत्म कथात्मक।

19. 'यारों के यार' की लेखिका हैं?
A) आभा
B) शांति मेहरोत्रा
C) कृष्णा सोबती
D) मन्जु श्री।

20. भारत में सबसे पहला पाश्चात्य रंगमंच कहां स्थापित हुआ?
A) पश्चिम बंगाल
B) ओडिशा
C) महाराष्ट्र
D) उत्तरप्रदेश।

21. किस लेखक ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को आधार बनाकर 'कवि भारतेन्दु' नाटक की रचना की?
A) जगदीश चन्द्र माथुर
B) दशरथ ओझा
C) लक्ष्मी नारायण मिश्र
D) उपेन्द्रनाथ अश्क

22. गीति-नाट्य परम्परा के सर्वश्रेष्ठ नाटककार माने जाते हैं?
A) सुमित्रा नंदन पंत
B) उदयशंकर भट्ट
C) सेठ गोविंददास
D) सिद्ध कुमार।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एकांकी पद्य एकांकी की श्रेणी में आता है?
A) कृष्णा
B) सीता की माँ
C) राधाकृष्ण
D) स्वर्ग में विप्लव।

24. रेडियो नाटक की सफलता अवलम्बित रहती है?
A) सीमित पात्र संख्या पर
B) ध्वनि प्रधान संवादों पर
C) सीमित समयावधि पर
D) संगीत पर।

25. हिन्दी का सर्वप्रथम रेडियो नाटक है?
A) झीनी-झीनी बीनी चदरिया
B) राधा-कृष्ण
C) लक्ष्मी का स्वागत
D) रामभरोसे।

26. रेडियो एकांकी का दूसरा नाम है?
A) ध्वनि एकांकी
B) भ्रत्य एकांकी
C) आकाशवाणी एकांकी
D) फैंटेसी।

27. 'तो भला बतलाइए तो आप क्या है' नामक निबन्ध किस मनमौजी और मस्त लेखक ने लिखा है?
A) बेढ़व बनारसी
B) प्रताप नारायण मिश्र
C) हरिशंकर परसाई
D) जैनेन्द्र।

28. किस निबन्धकार ने 'श्रम' की अत्यंत भावपूर्ण व्याख्या कर श्रम को महत्व दिया, न कि अर्थ - अर्जन को?
A) डॉ. सम्पूर्णानन्द
B) अध्यापक पूर्ण सिंह
C) पदम सिंह शर्मा
D) शिव पूजन सहाय।

29. 'सटक सीताराम' नामक रचना जो व्यंग्य और विनोद प्रधान निबन्ध क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय देन है, के लेखक हैं?
A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
B) डॉ. संसार चन्द्र
C) रामकृष्ण शिलीमुख
D) कालिदास कपूर।

30. आलोचना को 'कला की सजगता' किसने कहा है?
A) मिडिलटन मरे
B) हर्बट रीड
C) नारमन फोरस्टर
D) वार्ड।

31. 'रेखाचित्र' विधा के संबंध में कौन-सा कथन असत्य प्रतीत होता है?
A) रेखाचित्र की सीमाएं निश्चित होती हैं
B) रेखाचित्र में शब्द ही रेखाएं हैं और उन्हीं के सहारे चित्र खींचा जाता है
C) रेखाचित्र सत्य - काव्य है
D) रेखाचित्र की अभिव्यक्ति में सरलता अधिक होती है।

32. 'ज्ञानोदय' के संस्मरण अंक में प्रकाशित अपने एक लेख में किसने यह दावा किया है कि वे हिन्दी के प्रथम संस्मरण और रेखाचित्र - लेखक हैं?
A) राहुल सांकृत्यायन
B) महताब अली
C) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'
D) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'।

33. किस ग्रंथ में चन्द्रशेखर आज़ाद, सरदार भगत सिंह, राजगुरु आदि से संबंधित संस्मरण संकलित हैं?
A) चेतना के बिम्ब
B) यश की धरोहर
C) गहरी उभरी रेखाएं
D) जिन्दगी मुस्कराई।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा संस्मरण-संग्रह सर्वाधिक चर्चित रहा है?
A) जिन्दगी मुस्कराई
B) ज्यादा अपनी कम पराई
C) मंटो मेरा दुश्मन
D) पथ के साथी।

35. यात्रा साहित्य से संबंधित वह कौन-सी पुस्तक है, जो अपने ढंग की हिन्दी की एक मात्र पुस्तक है?
A) ठेले पर हिमालय
B) आखिरी चट्टान
C) एक बूंद सहसा उछली
D) घुमक्कड़ शास्त्र।

36. निम्नलिखित में से किसने अपनी वृहत आत्मकथा लिखी, जिसके चार खण्ड प्रकाशित हुए, यह आत्मकथा-लेखन के इतिहास में एक साहस-पूर्ण और मौलिक प्रयास है, इसके लेखक हैं?
A) हरिवंश राय बच्चन
B) वृन्दावनलाल वर्मा
C) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी
D) राहुल सांकृत्यायन।

37. 'कलम का सिपाही' नामक पुस्तक में किसकी प्रमाणिक जीवनी लिखी गई है?
A) जयशंकर प्रसाद
B) मुन्शी प्रेमचन्द
C) वृन्दावनलाल वर्मा
D) सुमित्रा नंदन पंत।

38. निराला कृत निम्नलिखित कृतियों में से कौन-सी कृति जीवनी के अधिक निकट है?
A) भक्त ध्रुव
B) बिल्लेसुर बकरिहा
C) कुल्ली भाट
D) सुकुल की बीवी।

39. 'आँख की किरकिरी' उपन्यास के लेखक हैं?
A) रवीन्द्रनाथ टैगोर
B) मुन्शी प्रेमचन्द
C) बंकिम चन्द
D) चतुर सेन शास्त्री।

40. प्रथम महिला कथाकार बंग महिला का वास्तवित नाम था?
A) श्रीमती राजेन्द्र बाला घोष
B) यशोदा देवी
C) प्रियतमा बोस
D) चन्द्रिका बोस।

41. जैनेन्द्र के उपन्यासों का मेरुदण्ड है?
A) द्वन्दवाद
B) आत्मपीड़न का दर्शन
C) फ्रायड का काम दर्शन
D) गांधीवादी दर्शन।

42. प्रयोगवादी उपन्यास 'परन्तु' के लेखक हैं?
A) धर्मवीर भारती
B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
C) प्रभाकर माचवे
D) विष्णु प्रभाकर।

43. निम्नलिखित में से किस उपन्यास में मधुवा जीवन का विशद् चित्रण किया गया है?
A) दुःखमोचन
B) बलचनमा
C) नई पौध
D) वरुण के बेटे।

44. किस उपन्यास में ब्रज के नटों का जीवन चित्रित किया गया है?
A) हौलदार
B) कब तक पुकारूं
C) जंगल के फूल
D) सती मैया का चौरा।

45. निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी पत्रात्मक शैली में लिखी गई है?
A) आत्माराम
B) बूढ़ी काकी
C) दो सखियां
D) शांति।

46. 'सांध्य काकली' किसका कविता संग्रह है?
A) महादेवी वर्मा
B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
C) जय शंकर प्रसाद
D) सुमित्रा नंदन पंत।

47. 'माटी की मूरतें' में संग्रहित हैं?
A) संस्मरण
B) कविताएं
C) रेखाचित्र
D) निबंध।

48. 'कुछ आप बीती, कुछ जग बीती' के लेखक हैं?
A) अम्बिका दत्त व्यास
B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
C) छविनाथ पाण्डेय
D) उपेन्द्रनाथ अश्क।

49. 'मेरी पृथ्वी परिक्रमा' किसका रिपोर्ताज है?
A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
B) डॉ. रांगेय राघव
C) शिव प्रसाद गुप्त
D) भगवान दीन दुबे।

उत्तरमाला

1. A,	2. B,	3. A	4. C
5. C,	6. A,	7. A,	8. B
9. B,	10. B,	11. B,	12. D
13. D,	14. B,	15. A,	16. B
17. C,	18. B,	19. C,	20. A
21. C,	22. B,	23. A,	24. B
25. B,	26. A,	27. B,	28. B
29. B,	30. A,	31. C,	32. D
33. B,	34. A,	35. D,	36. A
37. B,	38. A,	39. A,	40. A
41. B,	42. C,	43. D,	44. B
45. C,	46. B,	47. C,	48. B
49. C			

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

सफलता हमेशा सबके साथ होती है, बस प्रयासों के प्रति जागरूक रहें।

मैडम भीकाजी कामा जयंती : 24 सितम्बर

देश के बाहर तिरंगा फहराकर देखा था आजादी का सपना

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपना विशेष महत्व है। इस प्रतीक के माध्यम से हमने अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजादी दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया है। इसके सम्मान के लिए न जाने कितने गुमनाम शहीदों ने कुर्बानियां दी हैं। आज भी भारतीय सेना इसकी प्रतिष्ठा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने के लिए तत्पर रहती है। आम भारतीय भी राष्ट्रीय पर्वों व अन्य खुशी के मौकों पर तिरंगे को पूरी आन-बान और शान से लहराते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश को आजादी मिलने से पहले इस झंडे को फहराना ही अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का प्रतीक माना जाता था और ऐसा करने वालों को सख्त दंड से गुजरना पड़ता था फिर भी आजादी के दीवाने ऐसा करने से पीछे नहीं हटते थे। ऐसी ही एक साहसी महिला थीं मैडम भीकाजी कामा।

वे भारतीय मूल की फ्रांसीसी नागरिक थीं, जिन्होंने लंदन, जर्मनी तथा अमेरिका का दौरा कर भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में माहौल बनाया। साथ ही उन्होंने पहली बार देश से बाहर जर्मनी के स्टुटगार्ट नगर में 22 अगस्त 1907 को हुई 'इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस' में स्वतंत्र भारत का भावी झंडा फहराया था। जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। उस सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिनिधियों के देशों के झंडे फहराए गए थे और भारत के लिए ब्रिटेन का झंडा था, यह देखकर मैडम कामा को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा और उसको नकारते हुए उन्होंने भारत की ओर से एक प्रतीकात्मक झंडा बनाया और वहां फहराया। ये भारत के आज के झंडे से अलग, आजादी की लड़ाई के दौरान बनाए गए कई अनौपचारिक झंडों में से एक था।

झंडा फरहाने के बाद मैडम कामा ने एक शानदार भाषण भी दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था - 'देखो ये भारत का झंडा है, यही भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, इसे सलाम करो।' मैडम कामा ने विदेश में रहकर भी भारतीय क्रांतिकारियों की भरपूर मदद की थी। उनके ओजस्वी लेख और भाषण क्रांतिकारियों के लिए अत्यधिक प्रेरणा स्रोत बने। मैडम कामा को भीकाजी और भिकाई जी, दोनों नाम से जाना जाता था।

विदेश में रहकर स्वतंत्रता के लिये किये कार्य

मैडम भीकाजी कामा का जन्म 24 सितम्बर 1861 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता सोहराबजी एक प्रसिद्ध व्यापारी थे। वे बड़े उदार और देशप्रेमी थे। उनकी मां जैजीबाई सुशिक्षिता और ऊंचे विचारों की थीं। मैडम कामा का पालन पोषण बड़े लाड़-प्यार के साथ हुआ था। उन्होंने आम भारतीयों से अलग अंग्रेजी माध्यम में अच्छी शिक्षा प्राप्त की थी। उनका विवाह 1885 में एक प्रसिद्ध और धनी व्यापारी रुस्तमजी कामा के साथ हुआ था। इतनी सुविधाओं के बीच पलने के बावजूद भीकाजी कामा को आम लोगों की चिंता सताती रहती थी। यहां तक कि कई मामलों में उनके विचार अपने पति रुस्तमजी कामा से भी अलग थे।

वे समाज के वंचितों की सेवा को भी अपना दायित्व समझती थीं। यही वजह है कि जब वर्ष 1896 में बॉम्बे में प्लेग की बीमारी फैली तो वे तन-मन-धन से पीड़ितों की मदद करने में लग गईं। इसका नतीजा ये हुआ कि भीकाजी कामा खुद बीमार पड़ गईं और उन्हें इलाज के लिए 1902 में लंदन जाना पड़ा। वहां उन्हें काफी समय रुकना पड़ा और उसी दौरान एक बार उनकी मुलाकात क्रांतिकारी नेता श्यामजी कृष्ण वर्मा से हुई। भीकाजी उनसे बहुत प्रभावित हुईं और तबीयत ठीक होने के बाद भारत जाने का ख्याल छोड़ वहीं पर अन्य क्रांतिकारियों के साथ भारत की आजादी के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन बनाने के काम में जुट गईं। उन्होंने प्रवासी भारतीयों की आजादी की जनजागृति के लिए पुस्तकों और समाचार पत्रों के प्रकाशन का कार्य भी किया। ब्रिटिश सरकार की उन पर पैनी नज़र रहती थी। इसी बीच मैडम कामा 1909 में पेरिस चली गईं जहां से उन्होंने 'होम रूल लीग' की शुरुआत की। उनका लोकप्रिय नारा था- 'भारत आजाद होना चाहिए, भारत एक गणतंत्र होना चाहिए, भारत में एकता

होनी चाहिए'। उन्होंने इस दौरान इंग्लैंड व जर्मनी की यात्रा भी की। तीस साल से ज्यादा तक भीकाजी कामा ने यूरोप और अमेरिका में भाषणों और क्रांतिकारी लेखों के जरिए अपने देश की आजादी के हक की मांग बुलंद की। मैडम कामा ने इस दौर में वीडी सावरकर, एमपीटी आचार्य और हरदयाल समेत कई क्रांतिकारियों के साथ काम किया।

झंडे पर थीं हरी, पीली और लाल पट्टी

1907 में जब मैडम भीकाजी कामा ने देश से बाहर पहली बार स्वाधीन भारत का सपना देखते हुए जो झंडा फहराया था उसमें हरी, पीली और लाल पट्टियां थीं। झंडे में हरी पट्टी पर बने आठ कमल के फूल भारत के आठ प्रांतों को दर्शाते थे। वहीं लाल पट्टी पर सूरज और चांद बना था। सूरज हिन्दू धर्म और चांद इस्लाम का प्रतीक था। ये झंडा अब पुणे की केसरी मराठा लाइब्रेरी की धरोहर है।

'वंदेमातरम्' शब्द सन् 1905 में भारत के बंगाल प्रांत के बंटवारे के कारण देश में उठी राष्ट्रवाद की लहर के दौरान जन-जन में छा गया था। उस समय तक महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका में ही थे, पर बंटवारे से उमड़े गुस्से में बंगाली हिंदुओं ने 'स्वदेशी' को तरजीह देने के लिए विदेशी कपड़ों का बहिष्कार शुरू कर दिया था। बंगाली लेखक बंकिमचंद्र चैटर्जी की किताब 'आनंदमठ' से निकला गीत 'वंदेमातरम्' राष्ट्रवादी आंदोलनकारियों में लोकप्रिय हो गया था। यही वजह है कि जर्मनी में झंडा फहराने के बाद मैडम कामा ने जेनेवा से 'वंदेमातरम्' नाम का 'क्रांतिकारी' जर्नल भी प्रकाशित करना शुरू किया था। इसके मास्टहेड पर नाम के साथ उसी झंडे की छवि छापी जाती रही, जिसे मैडम कामा ने फहराया था।

अंग्रेजों ने उनके भारत प्रवेश पर लगा दी थी रोक

मैडम भीकाजी को अंग्रेज एक खतरनाक क्रान्तिकारी एवं ब्रिटिश शासन का विरोधी मानते थे, इसी कारण उनके भारत प्रवेश पर रोक लगा रखी थी। उनके द्वारा देश में भेजी जा रही विज्ञप्तियों, भाषणों और पर्चों पर भी तत्कालीन अंग्रेज सरकार की नजर रहती थी। फिर भी कामा के पार्सल और चिट्ठियां किसी तरह भारत पहुंचती रहीं। अत्यधिक प्रवास एवं श्रम के चलते मैडम कामा का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा था। वे अपना अंतिम समय अपने देशवासियों के सानिध्य में बिताना चाहती थीं, लेकिन उन्हें अपने वतन आने की इजाजत नहीं थी। बाद में बहुत कोशिशों के बाद आखिरकार 1935 में उन्हें लौटने की अनुमति दे दी गई। उन्हें यहां आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। मैडम कामा इस वक्त तक बहुत बीमार हो चुकी थीं और बिगड़ते स्वास्थ्य के चलते 13 अगस्त 1936 को बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो गई। देश की आजादी के बाद 26 जनवरी 1962 को भारत सरकार ने भीकाजी के अविस्मरणीय योगदान को स्वीकारते हुए उन पर एक डाक टिकट जारी किया। इतना ही नहीं उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए भारत के कई नगरों एवं कस्बों की गलियों एवं सड़कों के नाम मैडम भीकाजी पर रखे गये हैं ताकि भावी पीढ़ी उनके अतुलनीय योगदान से परिचित हो सके।

सुखी जीवन छोड़ चुना था कष्ट का मार्ग

मैडम भीकाजी कामा जिस घराने में जन्मी थीं और जहां उनका विवाह हुआ था, वहां सुख ही सुख थे वे चाहती तो अपनी पूरी जिंदगी आराम से बिना किसी तनाव के बिता सकती थीं, लेकिन उन्होंने देश को आजादी दिलाने का सपना देखते हुए अपने लिए पथरीली राह चुनी। मैडम कामा की आर्थिक स्थिति अच्छी थी, लेकिन लगातार क्रांतिकारियों की मदद करने के कारण उन्हें भी धनाभाव झेलना पड़ा।

मैडम कामा कहा करती थीं- 'हमें हर प्रकार से अंग्रेजों का बहिष्कार करना चाहिए। यदि हम अंग्रेजी सरकार की नौकरी न करें, तो भारत में अंग्रेजों का राज्य करना कठिन हो जाएगा।'

मैडम कामा ने अपने समाचार पत्र के एक अंक में लिखा था- कि वह दिन शीघ्र ही आने वाला है जब भारत स्वतंत्र हो जाएगा और हम संसार के बड़े से बड़े देश की श्रेणी में रखे जायेंगे।

देश को आजादी दिलाने का उनका सपना आखिरकार 15 अगस्त 1947 को साकार हो गया हालांकि वह यह दिन देखने के लिए इस दुनिया में नहीं थीं, लेकिन इसके लिए उन्होंने जो अथक प्रयास किए थे, वे हमेशा इतिहास का हिस्सा रहेंगे।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सामान्य ज्ञान – खेल

1. वर्ष 2017 में मलेशिया मास्टर्स ग्रांप्री गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैंपियन बनी थीं?
(अ) नोजोमी ओकुहारा
(ब) चेन यूफेई
(स) रत्नाचोक इंतानोन
(द) साइना नेहवाल

2. इनमें से किस खिलाड़ी की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने दो बार टी-20 वर्ल्डकप जीता है?
(अ) डेरेन सैमी
(ब) ब्रायन लारा
(स) क्रिस गेल
(द) इनमें से कोई नहीं

3. लुका मोड्रिच किस देश की फुटबॉल टीम के कप्तान हैं?
(अ) ग्रीस (ब) चेक रिपब्लिक
(स) क्रोएशिया (द) स्लोवाकिया

4. इनमें से किस क्रिकेटर को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार नहीं मिला है?
(अ) युवराज सिंह
(ब) महेन्द्र सिंह धोनी
(स) रोहित शर्मा
(द) विराट कोहली

5. सबसे ज्यादा बार मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) राफेल नडाल
(स) स्टान वावरिंका
(द) फोबियो फोगनिनी

6. इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित महिला खिलाड़ी सारिका काले किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) घुड़सवारी (ब) एथेलेटिक्स
(स) खो-खो (द) कबड्डी

7. ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2007 के वन-डे वर्ल्डकप के फाइनल में किस देश को हराकर खिताब जीता था?
(अ) श्रीलंका (ब) पाकिस्तान
(स) भारत (द) वेस्टइंडीज

8. टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने किस वर्ष यूएस ओपन टूर्नामेंट जीता था?
(अ) वर्ष 2010 (ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2013 (द) वर्ष 2016

9. शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) सर्बिया (ब) रूस
(स) यूक्रेन (द) नॉर्वे

10. वर्ष 1930 में राष्ट्रमंडल खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) हैमिल्टन (कनाडा)
(ब) सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)
(स) ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)
(द) मॉन्टरियल (कनाडा)

11. वर्ष 2019 में रशियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस किसने जीती थी?
(अ) सेबेस्टियन वेटल
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) चार्ल्स लेकलर्क
(द) कार्लोस सैंज

12. द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित योगेश मालवीय किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) मलखम्ब (ब) कबड्डी
(स) नौकायन (द) हॉकी

13. पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने वन-डे क्रिकेट में कितने शतक बनाए हैं?
(अ) 20 (ब) 22
(स) 24 (द) 42

14. इस वर्ष कैरिबियाई प्रीमियर लीग का खिताब किस टीम ने जीता है?
(अ) त्रिनबागो नाइट राइडर्स
(ब) सेंट लूसिया जूक्स
(स) बारबाडोस ट्राइडेंट्स
(द) गुयाना एमेजोन वारियर्स

15. अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) फेरेंक पुस्कस
(स) अली देई
(द) सुनील छेत्री

16. भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल किस भार वर्ग में खेलते हैं?
(अ) वेल्टरवेट (ब) फ्लाईवेट
(स) मिडिलवेट (द) हैवीवेट

17. इयॉन मोर्गन इंग्लैंड के अलावा किस देश की राष्ट्रीय टीम से भी खेल चुके हैं?
(अ) नामिबिया (ब) स्कॉटलैंड
(स) नीदरलैंड्स (द) आयरलैंड

18. इनमें से किस वर्ष पी.वी. सिंधु ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में कोई भी पदक नहीं जीता है?
(अ) वर्ष 2016 (ब) वर्ष 2017
(स) वर्ष 2018 (द) वर्ष 2019

19. हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल की गईं लीसा स्थालेकर किस देश के लिए क्रिकेट खेल चुकी हैं?
(अ) भारत (ब) श्रीलंका
(स) इंग्लैंड (द) ऑस्ट्रेलिया

20. पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति ने कुल कितने ग्रैंड स्लैम जीते हैं?
(अ) 8 (ब) 11
(स) 12 (द) 14

21. विराट कोहली किस वर्ष आईसीसी वन-डे प्लेयर ऑफ द ईयर रहे थे?
(अ) वर्ष 2012 (ब) वर्ष 2017
(स) वर्ष 2018 (द) उपर्युक्त सभी

22. वर्ष 2017 में फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?
(अ) सिमोना हालेप
(ब) जेलेना ओस्तापेंको
(स) एश्ले बार्टी
(द) गर्बाइन मुगुरूजा

23. पूर्व दिग्गज फुटबॉलर वेस्ले श्नाइडर किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) इटली
(ब) नीदरलैंड्स
(स) स्पेन
(द) इनमें से कोई नहीं

24. जसपाल सिंह राणा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?
(अ) निशानेबाजी
(ब) तीरंदाजी
(स) क्रिकेट
(द) मुक्केबाजी

25. नाओमी ओसाका ने अब तक कितने ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं?
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (द), 2. (अ), 3. (स), 4. (अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (अ), 8. (ब), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (ब), 14. (अ), 15. (स), 16. (ब), 17. (द), 18. (अ), 19. (द), 20. (स), 21. (द), 22. (ब), 23. (ब), 24. (अ), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

बिना डरे लगातार पढ़ते रहें सफलता जरूर मिलेगी

हौसले की उड़ान

संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2019 में चयनित अभ्यर्थी डॉक्टर असरार अहमद किचलू का साक्षात्कार

खुद को बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं.. महात्मा गांधी का यह कथन मुझे हमेशा प्रेरित करता है। यह कहना है संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2019 की सिविल सेवा परीक्षा में 248वीं रैंक हासिल करने वाले डॉक्टर असरार अहमद किचलू का। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह में रहने वाले डॉक्टर असरार ने एमबीबीएस की इंटर्नशिप के दौरान ही साल 2016 में परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। शुरुआती पढ़ाई जम्मू से करने वाले डॉक्टर असरार ने कहा, इंटर्नशिप में ज्यादा टाइम लगता था, इसलिए यूपीएससी की पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाता। इंटर्नशिप खत्म होने के बाद दिल्ली चला गया। वहां 7 से 8 महीने कोचिंग ली। आइए उनसे जानते हैं कि आखिर उन्होंने किस तरह से यह सफलता हासिल की।

प्रश्न 1- आपने इस क्षेत्र में जाने का मन कब और क्यों बनाया?

जवाब- जब मैं एमबीबीएस कर रहा था तब नहीं सोचा। साल 2016 में इंटर्नशिप के दौरान देखता था कि जो मरीज मेरे पास आ रहे हैं उनकी स्वास्थ्य के अलावा दूसरी भी दिक्कतें हैं। अस्पताल तक आने से लेकर रोड तक की दिक्कत का सामना करते थे। तो मुझे लगा कि इन्हें दूर किया जाना चाहिए। दूसरी वजह थी कि मुझे लगा कि सिर्फ मेडिकल ही नहीं और भी चीजें पढ़नी हैं।

प्रश्न 2- आपने इस परीक्षा में सफल होने के लिए किन-किन पुस्तकों का अध्ययन किया?

जवाब- मैंने तीसरी बार यूपीएससी की परीक्षा दी थी। वैकल्पिक विषय मेडिकल साइंस था। वैकल्पिक विषयों के लिए कॉलेज बुक पढ़ी। इसके अलावा हमारे कुछ सीनियर डॉक्टर्स हैं, जिनके नोट्स ने काफी मदद की। प्रारंभिक परीक्षा के लिए लक्ष्मीकांत की किताब, एनसीईआरटी, आधुनिक इतिहास के लिए स्पेक्ट्रम ने मदद की। मुख्य परीक्षा के लिए अपने बनाए नोट्स के अलावा कोचिंग और ऑनलाइन नोट्स ने मदद की।

प्रश्न 3- इस परीक्षा में सम्मिलित होने की प्रेरणा और सफल होने के लिए सहयोग किनसे मिला?

जवाब- सबसे पहले परिवार और दोस्तों का नाम लूंगा, जिन्होंने हमेशा कहा कि तुम कर सकते हो। इसके अलावा कुछ सीनियर्स हैं, जिनके वीडियो यूट्यूब पर देखकर प्रेरणा मिली। जैसे- डॉक्टर रोमन सैनी का एक वीडियो देखा था। इसके अलावा डॉक्टर अतहर आमिर को देखकर सीखने को मिलता है।

प्रश्न 4 - कम समय में अधिक से अधिक विषयों की तैयारी कैसे की? किन विषयों को ज्यादा समय और महत्व दिया?

जवाब- सबसे ज्यादा आधुनिक भारत और राजनीति को महत्व दिया। इसके अलावा कला और संस्कृति है। करेंट अफेयर्स, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर ध्यान दिया।

प्रश्न 5- यूपीएससी की तैयारी में अखबारों की कितनी भूमिका है? कैसे पढ़ें, कितना पढ़ें?

जवाब- मैं स्तरीय अखबारों की संपादकीय रोज पढ़ता था। इंटरव्यू के लिए मैंने अखबार पढ़े। जो छात्र प्रारंभिक परीक्षा दे रहे हैं उन्हें अखबार पढ़ना चाहिए। शुरू में मुझे अखबार पढ़ने में 3 घंटे लग जाते थे, तो मैंने अपने एक सीनियर जो अभी आईएएस हैं, उनसे सुझाव लिया। उन्होंने बताया, जरूरी नहीं है कि दो अखबार ही पढ़ो। कभी मुख्य परीक्षा या इंटरव्यू में किसी विषय पर दूसरे अखबार का संदर्भ देना पड़ता है। लेकिन पूरे साल के लिए पढ़ना है तो एक अखबार पढ़िए। एक घंटे में पूरा करिए और एक पेज का नोट बनाइए। ताकि साल के आखिर में आपके पास 360 पन्नों का नोट्स हो तो आप आसानी से रिवाइज कर लेंगे। ज्यादा पन्नों का नोट्स होगा तो रिवाइज करने में दिक्कत आएगी।

प्रश्न 6- अक्सर भूल जाने वाले तथ्यों और भ्रम पैदा करने वाली जानकारियों को कैसे याद रखा?

जवाब- इसके दो तीन तरीके हैं। पहला जब आप नोट्स बना रहे हैं तो नोट्स के शुरू में ही फैक्ट्स लिख दीजिए। जब भी आप नोट्स खोलेंगे सबसे पहले फैक्ट्स पर ही नजर पड़ेगी। दूसरा कि उन्हें बार-बार रिवाइज करना जरूरी है। तीसरा जब आप आंसर राइटिंग करेंगे तो उन्हें बार-बार लिखने से याद हो जाएगा। इसके अलावा दोस्तों से ऐसे विषय पर अचानक पूछ लीजिए। इसमें मजा भी आता है और आसानी से याद हो जाता है।

प्रश्न 7- परीक्षा की तैयारी करने में टेक्नोलॉजी की क्या भूमिका है? आप टेक्नोलॉजी पर कितने निर्भर थे?

जवाब- मैंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट डीएक्टिवेट कर दिए थे। लेकिन यूट्यूब की मदद ली। तैयारी के साथ ही मोटिवेशनल वीडियो भी देखे। बहुत सारे सीनियर्स प्रेरित करते हैं कि फेलियर होकर भी क्लियर हो सकता है। फेसबुक का इस्तेमाल करना चाहें तो सही तरीके से कर सकते हैं। जैसे कि सरकारी वेबसाइट है, डब्ल्यूएचओ की वेबसाइट है। उन्हें फॉलो कर सकते हैं। राज्यसभा टीवी की डिबेट से मुख्य परीक्षा में बहुत मदद मिलती है।

प्रश्न 8 - परीक्षा देते समय टाइम मैनेजमेंट (समय प्रबंधन) कैसे किया?

जवाब- मुख्य परीक्षा में आंसर राइटिंग का अभ्यास बहुत मदद करता है। रोज 5 से 6 लोगों के ग्रुप में आंसर राइटिंग का अभ्यास करता था। फिर उनपर चर्चा करते थे। इससे आंसर क्रिप्स होते थे। कुछ कीवर्ड याद रखिए, जैसे कि दो स्टेटमेंट हैं वह एक में ही आ जाए।

प्रश्न 9 - रोज कितने घंटे पढ़ाई करते थे?

जवाब- जैसे-जैसे मैं परीक्षा देता गया, पढ़ने के घंटे भी बढ़े। मेरे पढ़ने का औसत 10 से 12 घंटे था। मुख्य परीक्षा थी तो 5 दिन में 17-17 घंटे पढ़ा। लेकिन जरूरी है हर दिन 10 घंटे पढ़ें। रोज पढ़ें।

प्रश्न 10- जो परीक्षार्थी असफल हो जाते हैं उनको असफलता से उबरने के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे? यदि आप कभी असफल हुए हैं तो उससे कैसे बाहर निकले?

जवाब- यूपीएससी परीक्षा अधिकतर लोग पहली बार में पास कर लेते हैं। लेकिन जो क्लियर नहीं कर पाते उन्हें दिमाग में रखना चाहिए कि फेल होंगे। ऐसा नहीं है कि जो लोग परीक्षा दे रहे हैं उनके कोई कमी है, नहीं। दरअसल, प्रतियोगिता बहुत कड़ी है। सभी चयनित नहीं हो सकते हैं। खुद पर विश्वास रखना होगा। मेरा दूसरी बार में ही चयन हो जाता, लेकिन मैं डरा हुआ था। मुझे लगता था कि मैं क्लियर नहीं कर पाऊंगा। इसकी वजह से मेरा टाइम मैनेजमेंट भी नहीं हो पाया। साथ ही वजह पता होनी चाहिए कि सिविल सेवा में क्यों जाना है?

प्रश्न 11- ग्रामीण परिवेश वाले परीक्षार्थियों को इन परीक्षाओं में कैसी मुश्किलें आती हैं? इनसे निजात कैसे पाई जा सकती है?

जवाब- गांव में रहने वालों के लिए मुश्किल होती है। उन्हें ऑनलाइन एजुकेशन से बहुत मदद मिलेगी। जैसे जम्मू में भी कई ऑनलाइन कोर्स शुरू हो गए हैं, जो फ्री में बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

प्रश्न 12- आपने साक्षात्कार की तैयारी कैसे की और इसकी क्या योजना बनाई?

जवाब - साक्षात्कार के लिए शुरू में दिल्ली में था। लॉकडाउन में साक्षात्कार टल गया। फिर नई तारीख का भी पता नहीं था तो मैं वापस आ गया। वापस आने के बाद कोई मॉक नहीं दे पाया। आखिरी में एकाध ऑनलाइन मॉक दिया। लेकिन मैंने इसका रास्ता निकाला। दोस्तों के साथ हर दिन व्हाट्सएप के जरिए बात करते थे। कॉल करके मॉक स्टाइल में सवाल-जवाब करते थे। करेंट अफेयर्स पर बहुत ज्यादा फोकस रहता था। मुख्य परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद मैंने अपना सारा समय साक्षात्कार की तैयारी में लगा दिया।

प्रश्न 13- "रोज़गार और निर्माण" के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

जवाब- बिना डरे लगातार पढ़ाई करते रहिए। आपको एक न एक दिन सफलता जरूर मिलेगी।

प्रश्न- साक्षात्कार में क्या-क्या सवाल पूछे गए?

जवाब- जैसा साधारण साक्षात्कार होता है। वैसा ही था। उस वक्त हमने मास्क व ग्लव्स पहने थे तो थोड़ी असुविधा हो रही थी, लेकिन सुरक्षा के लिए जरूरी था।

प्रश्न- यूपीएससी ने कोविड में जो व्यवस्था की है वह एक डॉक्टर के नजरिए से सही है या नहीं? फिर पूछा कि क्या चीजें हैं जहां सही करने की संभावना है? यानी मुझे कुछ कमियां भी बतानी थीं।

जवाब- मैंने कहा कि सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। तारीफ के काबिल हैं। हमें किट्स प्रदान की। लेकिन ग्लव्स लगाकर भी लोग यहां-वहां हाथ लगाते हैं। मैंने कहा कि सेनेटाइजर का रोजाना इस्तेमाल करें तो ज्यादा मदद मिलेगी। एक उदाहरण दिया कि जब हम साक्षात्कार के लिए यूपीएससी के बाहर थे, तो कैंडिडेट्स पूरी तरह से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे थे।

प्रश्न- कैपिटल पनिश्मैन्ट पर पूछा। क्या आप इसका समर्थन करते हैं? फिर निर्भया का उदाहरण भी दिया।

जवाब- मेरा जवाब था इसमें जरूरी है कि जल्दी से जल्दी न्याय मिले। क्योंकि 15 साल बाद सजा दें और बहुत बड़ी सजा दें.. यह ज्यादा प्रभावित नहीं करती है। इसके लिए न्यायपालिका और पुलिस में सुधार करना होगा। कुछ केस में कैपिटल पनिश्मैन्ट रख सकते हैं, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है कि न्याय जल्दी मिलना चाहिए। न्याय प्रक्रिया को फास्ट करने की जरूरत है।

परिचय

नाम -	डॉक्टर असरार अहमद किचलू
पिता का नाम -	डॉ. फारूक अहमद किचलू
माता का नाम -	डॉ. वहीदा परवीन
बहन -	डॉ. असरा किचलू
जन्म -	डोडा, जम्मू-कश्मीर
आभार -	माता-पिता और दोस्तों ने हमेशा साथ दिया। इसके अलावा सीनियर्स ने हमेशा प्रेरित किया। मैं इन सभी का आभार व्यक्त करता हूं।
हाईस्कूल -	सेंट पीटर्स हाईस्कूल, जम्मू, मार्क्स 95%
12वीं -	रणबीर हायर सेकेंडरी स्कूल, मार्क्स 88.5%
स्नातक -	एमबीबीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जम्मू, मार्क्स 63%
सबल पक्ष -	सहानुभूति, दृढ़ निश्चय, धीरज, अनुशासन
दुर्बल पक्ष -	अंतर्मुखी, विस्तार उन्मुख
रुचि -	जिम, फिटनेस

साक्षात्कार में अन्य मुद्दों पर पूछे गए सवाल

कोविड के अलावा आयुष मेडिसिन, क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पर सवाल पूछा। हेल्थ केयर, टेली मेडिसिन, ज्यूडिशियल रिफॉर्म में क्या होना चाहिए? पुलिस में क्या रिफॉर्म चाहिए? ऐसे सवाल पूछे गये।

प्रश्न- इस पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए आपके क्या विचार हैं?

जवाब- सिविल सर्विस की सबसे खास बात इसकी विविधता है। डॉक्टर का पेशा भी बहुत अच्छा है, लेकिन यहां पर मौका सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़े हैं, लेकिन सिविल सर्विस में स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा परिवहन, एम्बुलेंस की सुविधा, लोगों के घर में बिजली की सुविधा, स्वास्थ्य को लेकर जरूरी जानकारी आदि सब आप दे सकते हैं। यह विविधता है जो मेडिकल में नहीं मिलेगी।

- विकास कुमार
(साक्षात्कारकर्ता, पत्रकार हैं।)

मध्यप्रदेश में तीन हजार से अधिक शिकायतों का निराकरण

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत कंपनी द्वारा सितम्बर माह के प्रथम पखवाड़े में उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आयोजित 300 शिकायत निवारण शिविरों में 3 हजार 795 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 3 हजार 377 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली शिकायतों के निराकरण के लिए बिजली वितरण कंपनियां संवेदनशील हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि बिजली की मैदानी शिकायतों के हल के लिए ग्रामीण क्षेत्र में हाट बाजार और वितरण केंद्रों पर शिकायतों को हल करने की योजना को प्रत्येक माह अमल में लाया जाएगा।

शिकायत निवारण शिविरों में मुख्यतः विलंब से बिलों का वितरण, बिल प्राप्त न होना, अधिक बिल राशि, मीटर वाचन देरी से होना, गलत रीडिंग होना, ऑनलाइन बिल जनरेट न होना, ऑनलाइन की गई पेमेंट न दिखना, विद्युत प्रदाय, नवीन कनेक्शन, भार वृद्धि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल रीजन के अंतर्गत 185 शिविरों में कुल 2 हजार 498 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 हजार 320 शिकायतों का मौके पर निराकरण कर दिया गया। ग्वालियर रीजन के अंतर्गत 115 शिविरों में कुल 1 हजार 297 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 हजार 57 शिकायतों को मौके पर ही निराकृत कर दिया गया।

गौरतलब है कि इन शिकायत निवारण शिविरों में अधिक बिल राशि की 1 हजार 527, बिल प्राप्त न होने की 214, गलत रीडिंग की 444, नवीन कनेक्शन की 210, भार वृद्धि की 96, विद्युत प्रदाय की 202, देरी से रीडिंग की 17, रीडिंग नहीं लेने की 63, ऑनलाइन संबंधी 47 एवं अन्य 882 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें मौके पर ही हल कर दिया गया। साथ ही 322 कनेक्शनों की 15 लाख 93 हजार की बकाया राजस्व वसूली भी की गई।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री विशेष गढ़पाले ने घरेलू, गैर घरेलू एवं अन्य श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से कहा है कि वे नज़दीकी वितरण केन्द्र अथवा शहरी जोन में जाकर अपनी बिजली शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011
फोन : +91-755-2578801, 02, 03,04, फैक्स : +91-755-2550498
Website : www.peb.mp.gov.in, E-Complain Id : Complain.peb@mp.gov.in

समूह-3 के अन्तर्गत उपयंत्री भर्ती परीक्षा-2020

ऑनलाइन आवेदन-पत्र

आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि : **28.09.2020**	आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: **12.10.2020**
आवेदन पत्र में संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि: **28.09.2020**	आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : **17.10.2020**
परीक्षा दिनांक व दिन	**09 & 10 Dec. 2020**

परीक्षा शुल्क

संविदा पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये	रुपये 500/-
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (केवल म.प्र. के मूल निवासियों के लिये)	रुपये 250/-
	सीधी भर्ती-बैकलॉग	कोई शुल्क नहीं

ऑनलाइन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क रुपये 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रुपये देय होगा।

परीक्षा शहर : भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, नीमच, रतलाम, मंदसौर, सागर, सतना, खंडवा, गुना, दमोह, सीधी, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट।

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय-सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
09-10 Dec. 2020	**प्रथम**	**प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक**	**08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट)**	**प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक (3:00 घंटे)**
	द्वितीय	**दोपहर 12:00 से 1:00 बजे तक**	**01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट)**	**दोपहर 02:00 से 05:00 बजे तक (3:00 घंटे)**

टिप्पणी :-

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं। परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण/सत्यापन पी.ई.बी. द्वारा न किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान संबंधित विभाग द्वारा किया जाता हैं। अतः कम्प्यूटर आधारित online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।
11. सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
12. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिये अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित (नियम पुस्तिका के प्रारूप-4 में) आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक पी.ई.बी. को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को में पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा। पी.ई.बी. को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा।
13. कोविड-19 महामारी के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

म.प्र. माध्यम/98598/44466/2020 **संचालक**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011
फोन : +91-755-2578801, 02, 03, 04, फैक्स : +91-755-2550498
Website : www.peb.mp.gov.in, E-Complain Id : Complain.peb@mp.gov.in

समूह-5 के अन्तर्गत स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 स्टीवर्ड व अन्य पदों की भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

ऑनलाइन आवेदन-पत्र

आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि : **10.10.2020**	आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : **24.10.2020**
आवेदन पत्र में संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि : **10.10.2020**	आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : **29.10.2020**
परीक्षा दिनांक व दिन	**16 Dec. TO 27 Dec. 2020**

परीक्षा शुल्क

सीधी भर्ती/संविदा पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये	रुपये 500/- प्रति प्रश्न पत्र
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (केवल म.प्र. के मूल निवासियों के लिये)	रुपये 250/- प्रति प्रश्न पत्र
	सीधी भर्ती - बैकलॉग	कोई शुल्क नहीं

ऑनलाइन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क रुपये 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रुपये देय होगा।

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय-सारणी

परीक्षा दिनांक	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
16 Dec. TO 27 Dec. 2020	**प्रथम**	**प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक**	**08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट)**	**प्रातः 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे)**
	द्वितीय	**दोपहर 01:00 से 2:00 बजे तक**	**02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनट)**	**दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (2:00 घंटे)**

ऑनलाइन आवेदन-पत्र एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल www.peb.mponline.gov.in के माध्यम से भरे जा सकते हैं।

विशेष निर्देश :-

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं। परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात् विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी. द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अतः कम्प्यूटर आधारित online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।
11. उपरोक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
12. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिये अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित (नियम पुस्तिका के प्रारूप-4 में) आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक पी.ई.बी. को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा। पी.ई.बी. को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा।
13. विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति, (बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया) के अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं होगा। वे अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थी के रूप में परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करें। (ऐसी स्थित में नियम पुस्तिका की बैगा, सहारिया एवं भारिया से संबंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होंगी।
14. कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

म.प्र. माध्यम/98606/44467/2020 **संचालक**

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हर कदम पर .....

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों से बातचीत की।

पढ़ाई और कोचिंग की चिंता मत करना इसकी व्यवस्था सरकार करेगी

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंथर, जिला रीवा की खुशी सिंह ने कला संकाय में 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने खुशी से परिवार के सदस्यों के बारे में पूछा। खुशी ने कहा कि स्कूल पांच किलोमीटर दूर था और साइकिल पर आना-जाना होता था। खुशी आईएएस बनना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे की पढ़ाई और कोचिंग की चिंता मत करना इसकी व्यवस्था सरकार करेगी। श्री चौहान ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और व्यायाम को भी दैनिक जीवन में शामिल करना आवश्यक है।

ये बेटा तो हौसले से उड़ान भर रहा है

उत्कृष्ट विद्यालय मऊगंज रीवा के कृष्ण कुमार केवट के दोनों हाथ नहीं हैं, उन्होंने पैरों से लिखकर 82.8 प्रतिशत अंकों से परीक्षा पास की है। जब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कृष्ण कुमार से जुड़े और उसके बारे में जाना तो मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जुनून की जीत है, तुमने तो नया इतिहास लिख दिया। कृष्ण कुमार ने बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं, अब बुजुर्ग होने के कारण घर का खर्च मुश्किल से चल पाता है। उसने कहा कि वह प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहता है। इस पर श्री चौहान ने कहा कि ये बेटा तो हौसले से उड़ान भर रहा है। मुख्यमंत्री ने कृष्ण कुमार के हाथ लगवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की इसका पूरा खर्च राज्य शासन उठायेगा। श्री चौहान ने कृष्ण कुमार से कहा कि तुम मध्यप्रदेश के बेटे हो पूरी पढ़ाई, कोचिंग और ट्रेनिंग का खर्च मध्यप्रदेश सरकार उठायेगी। साथ ही सरकारी खर्च पर कृत्रिम हाथ भी लगवाएगी।

ये हैं रियल हीरो

कुमारी कीर्ति कुशवाह, अशासकीय प्रियंवदा बिड़ला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतना की छात्रा हैं। जन्म से ही 75 प्रतिशत दृष्टि बाधित हैं। इन्होंने वाणिज्य में 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने कीर्ति से बात करते हुए कहा कि 'ये रियल हीरो हैं,बच्चों को बॉलीवुड की तरफ देखने की जरूरत नहीं है।' कृष्ण कुमार और कीर्ति जैसों से प्रेरणा लें। श्री चौहान ने शंकर नेत्रालय, चेन्नई में कीर्ति का उपचार कराने के निर्देश कलेक्टर सतना को दिए। श्री चौहान ने भिंड के श्री अभिषेक शाक्य से भी बात कर बधाई दी।

सहकारिता से .....

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के साथ ही पशु पालक और मत्स्य पालक भी शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे। श्री चौहान ने कहा कि कोविड-19 ने अर्थव्यवस्था को काफी ध्वस्त भी किया है, लेकिन हम किसान को दिक्कत में नहीं आने देंगे। किसानों के कल्याण के लिए एक साथ बहुत सी योजनाएं लागू की गई हैं। किसान पठानी ब्याज भरने को मजबूर नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेक्स को कृषि अधोसंरचना के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर रीवा, सागर, इंदौर, जबलपुर के दुग्ध संयंत्र और दुग्ध पाउडर निर्माण संयंत्र के लिए पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने संसद में पारित किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) मूल्य आश्वासन और फार्म सेवा अनुबंध अध्यादेश 2020, किसानों का उत्पादन व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन एवं सुविधा) अध्यादेश 2020 के साथ ही अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम अध्यादेश 2020 को किसानों के व्यापक हित में बताते हुए उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग भ्रम पैदा कर इन नए प्रावधानों को किसान विरोधी बताने में लगे हैं।

नए कानून से न मंडियां बंद होंगी और न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोई आंच आएगी। प्रधानमंत्री सदैव किसानों के बड़े हितैषी के रूप में कार्य करते रहे हैं।

बीसीसीआई और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के बीच हुआ करार

अबूधाबी, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किये हैं। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि यह करार भारत और यूएई के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य दोनों देशों के बीच क्रिकेट रिश्ते मजबूत बनाना है। इस करार के बाद अब यूएई भारतीय टीम के टूर्नामेंट की मेजबानी भी कर सकता है। माना जा रहा है कि यूएई अगले वर्ष फरवरी में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट और वन-डे सीरीज की मेजबानी कर सकता है।

तादेज पोगाकार ने जीती टूर डी फ्रांस रेस

पेरिस, स्लोवेनिया के युवा साइक्लिस्ट तादेज पोगाकार ने टूर डी फ्रांस साइक्लिंग रेस जीत ली है। पोगाकार ने 21 स्टेज की इस रेस को 87 घंटे 20 मिनट और 5 सेकेंड में पूरा किया। रेस में स्लोवेनिया के ही प्रिमोज रोग्लिक दूसरे स्थान पर रहे। रेस में ऑस्ट्रेलिया के रिची पोर्टे तीसरे, स्पेन के माइकल लेंडा चौथे तथा एनरिक निकोलाऊ पांचवें स्थान पर रहे। 21 वर्षीय पोगाकार वर्ष 1904 के बाद यह रेस जीतने वाले सबसे युवा साइक्लिस्ट हैं। पोगाकार ने इस रेस के नौवें, पंद्रहवें और बीसवें स्टेज में पहला स्थान हासिल किया था।

डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में बनाया विश्व रिकॉर्ड

रोम, स्वीडन के युवा खिलाड़ी अर्मांड डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। डुप्लांटिस ने रोम में आयोजित डायमंड लीग में 6.15 मीटर जंप कर यह रिकॉर्ड बनाया। पहले यह रिकॉर्ड यूक्रेन के सर्जेई बुबका के नाम था। बुबका ने वर्ष 1994 में 6.14 मीटर जंप लगाई थी। डुप्लांटिस ने इसी वर्ष वर्ल्ड इंडोर टूर में 6.18 मीटर जंप कर इंडोर इवेंट का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डीन जोन्स का निधन

मुंबई, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और जाने-माने क्रिकेट कॉमेंटेटर डीन जोन्स का मुंबई में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। जोन्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कॉमेंट्री के लिये मुंबई में थे। डीन जोन्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिये 52 टेस्ट मैचों में 11 शतक और 14 अर्धशतक सहित 3631 रन बनाये, वहीं 164 वन-डे मैचों में उन्होंने 6068 रन बनाये इनमें 7 शतक और 46 अर्धशतक शामिल हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद जोन्स कॉमेंट्री से जुड़ गये थे।

इटैलियन ओपन

नोवाक जोकोविच ने पांचवीं बार जीता खिताब

रोम, सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने इटैलियन ओपन (रोम मास्टर्स) टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में जोकोविच ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया। जोकोविच ने अपने कॅरियर में पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीता है।

टूर्नामेंट में जोकोविच को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। जोकोविच ने फाइनल में अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में श्वार्ट्जमैन ने जोकोविच को टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन वे मैच को लंबा नहीं खींच सके। पहली बार फाइनल मैच खेल रहे श्वार्ट्जमैन ने पहले सेट में जोकोविच को टक्कर दी। जोकोविच को पहले सेट में जीत के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरे सेट में श्वार्ट्जमैन जोकोविच के सामने चुनौती खड़ी नहीं कर पाये। जोकोविच ने दूसरे सेट को 6-3 से अपने नाम कर खिताब पर कब्जा जमाया।

टूर्नामेंट में श्वार्ट्जमैन का सफर काफी शानदार रहा। श्वार्ट्जमैन ने क्वार्टर फाइनल में नौ बार के विजेता राफेल नडाल को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया तथा सेमीफाइनल में कनाडा के डेनिस शापोवालोव को कड़े मुकाबले में हराया था।

यूएस ओपन को छोड़ दें तो जोकोविच के लिये मौजूदा वर्ष काफी अच्छा रहा है। जोकोविच ने इस वर्ष 32 में से 31 मैचों में जीत दर्ज की है। जोकोविच ने जीत के बाद कहा कि मैं इस जीत से संतुष्ट हूं और गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैं पांचवीं बार यह खिताब जीतने में कामयाब रहा।

- जोकोविच ने पांचवीं बार इटैलियन ओपन जीता है।
- जोकोविच ने वर्ष 2008, 2011, 2014 और 2015 में भी यह खिताब जीता है।
- जोकोविच के टेनिस कॅरियर का यह 36वां मास्टर्स-1000 खिताब है।
- जोकोविच के बाद राफेल नडाल ने सर्वाधिक 35 मास्टर्स-1000 खिताब जीते हैं।
- रोजर फेडरर ने 28 मास्टर्स-1000 खिताब जीते हैं।
- जोकोविच ने इस वर्ष चार टेनिस टूर्नामेंट जीते हैं।
- सिमोना हालेप ने अब तक 22 डब्ल्यूटीए खिताब जीते हैं।
- क्ले कोर्ट पर हालेप का यह नौवां खिताब है।

हालेप भी बनीं चैंपियन

इटैलियन ओपन के महिला एकल वर्ग में सिमोना हालेप ने खिताब पर कब्जा किया।

महिला एकल वर्ग के फाइनल में सिमोना हालेप के सामने गत चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा की चुनौती थी। सिमोना ने मैच का पहला सेट 6-0 से आसानी से जीत लिया था। दूसरे सेट में भी हालेप 2-1 से आगे थीं, तभी चोट के कारण प्लिस्कोवा मैच से हट गईं। यह इस वर्ष सिमोना हालेप का तीसरा खिताब है। उन्होंने इस वर्ष दुबई ओपन और प्राग ओपन भी जीते हैं।

खेलो इंडिया में मध्यप्रदेश की तीन खेल अकादमियों का चयन

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य की तीन खेल अकादमियों का चयन खेलो इंडिया के तहत किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, रोइंग तथा हॉकी अकादमी में अब देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की तीन खेल अकादमियों का खेलो इंडिया के तहत चयन एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में खेलों के विभिन्न आयामों पर काम हो रहा है।

पूरे देश में एक हजार खेलो इंडिया सेंटर की होगी स्थापना

खेलो इंडिया योजना में खेलों के विकास के लिये खेलो इंडिया लघु केंद्र की योजना प्रारंभ की जा रही है। योजना के अंतर्गत पूरे देश में एक हजार केंद्र स्थापित किये जायेंगे। इसमें ओलिंपिक में खेले जाने वाले 14 खेल यथा तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, साइक्लिंग, फेंसिंग, हॉकी, जूडो, रोइंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल-टेनिस, वेट लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल एवं पारंपरिक खेल शामिल हैं।

भारतीय हॉकी टीम के कोच सिरीलो ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच क्रिस सिरीलो ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सिरीलो ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है। सिरीलो कोरोना महामारी के कारण जून में ऑस्ट्रेलिया लौट गये थे। इसके बाद सिरीलो हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में भी शामिल नहीं हुये थे। इसके बाद से उनके पद छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं। सिरीलो अपने जमाने के दिग्गज ड्रेग फ्लिकर माने जाते हैं। उन्होंने कई मैचों में यादगार प्रदर्शन किया है।

खेल मंत्रालय छह राज्यों में स्थापित करेगा खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया योजना के तहत छह राज्यों में खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससी) स्थापित करने का निर्णय लिया है। मेघालय, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, असम और सिक्किम को खेलो इंडिया के दूसरे चरण के लिये चुना गया है।

केंद्रीय खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ये 6 नये खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र देश में एक मजबूत खेल ढांचा विकसित करने की दिशा में एक और कदम है। यह आने वाले वर्षों में ओलिंपिक खेलों में भारत के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। हम आने वाले दिनों में और अधिक अत्याधुनिक केंद्रों को इस सूची में जोड़ने की दिशा में कार्यरत हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि एथलीटों को उनके विशिष्ट खेल में उच्चतम स्तर का प्रशिक्षण दिया जा सके। इसके साथ ही यह

प्रशिक्षण केंद्र देश में सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करते हैं।

इससे पहले, इस वर्ष के आरंभ में खेल मंत्रालय ने पहले चरण में कर्नाटक, ओडिशा, केरल, तेलंगाना और पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड सहित आठ केंद्रों की पहचान की थी। उनके मौजूदा केंद्रों को खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससी) में अपग्रेड किया जायेगा।

प्राथमिक खेलों में उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं, केंद्र में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और इनसे निकले चैंपियंस के आधार पर इन केंद्रों का चुनाव किया गया है। प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा इन खेल केंद्रों का चयन किया गया था। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सर्वोत्तम खेल अवसंरचना की उपलब्धता वाले खेल केंद्रों की पहचान करने के लिये कहा गया था, जिन्हें विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ खेल केंद्रों में विकसित किया जा सके।

सरकार मौजूदा केंद्र को केआईएससीई में उन्नत करने के लिये इन केंद्रों में अभ्यास किये जाने वाले खेल विषयों के लिये खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहायता के लिये एक 'वायबिलिटी गैप फंडिंग' का विस्तार करेगी। सरकार खेल उपकरण, विशेषज्ञ कोच और उच्च प्रदर्शन की आवश्यकता के अंतराल को भी समाप्त करेगी।

आईटीएफ ने फेड कप का नाम बिली जीन किंग कप किया

लंदन, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने महिलाओं के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट फेड कप का नाम बदलकर बिली जीन किंग कप किया है। आईटीएफ ने यह निर्णय अमेरिका की महान महिला टेनिस खिलाड़ी बिली जीन किंग के सम्मान में लिया है। आईटीएफ ने कहा कि यह पहला बड़ा वैश्विक टीम टूर्नामेंट होगा, जो एक महिला खिलाड़ी के नाम पर है। आईटीएफ ने कहा कि बिली जीन किंग ने समानता और सामाजिक न्याय के लिये आजीवन लड़ाई लड़ी है। बिली जीन किंग ने अपने टेनिस कॅरियर में कुल 39 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, इनमें 12 एकल, 16 महिला युगल तथा 11 मिश्रित युगल खिताब हैं। बिली सात बार फेड कप जीतने वाली अमेरिकी टीम का हिस्सा रही हैं। इनमें से चार बार वे कप्तान थीं। उल्लेखनीय है कि फेड कप की शुरुआत वर्ष 1963 में हुई थी। अमेरिका ने सबसे ज्यादा 18 बार यह खिताब जीता है।

मारपीट के कारण नेमार पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध

पेरिस, फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के खिलाड़ी नेमार जूनियर को फ्रांस के फुटबॉल टूर्नामेंट लीग-I में दो मैचों के लिये प्रतिबंधित किया गया है। नेमार ने लीग में मार्सिले के खिलाफ मैच के दौरान विपक्षी टीम के अल्वारो गोंजालेज को थप्पड़ मार दिया था। फ्रेंच पेशेवर फुटबॉल अनुशासन आयोग ने इस मामले में कई खिलाड़ियों पर कार्रवाई की है। आयोग ने पीएसजी के नेमार और लिएंड्रो पेरेडेज पर दो-दो मैच एवं लेविन कुरजावा पर छह मैच का प्रतिबंध लगाया तथा मार्सिले के जोर्डन अमावी पर तीन और डेरियो बेनेड्ट्टो पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया है।

ओलिंपिक चैंपियन क्रोउजर ने शॉट पुट में बनाया रिकॉर्ड

जागरेब, अमेरिका के ओलिंपिक चैंपियन रेयान क्रोउजर ने क्रोएशिया में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड मीटिंग में नया मीट रिकॉर्ड बनाया है। क्रोउजर ने शॉट पुट स्पर्धा में 22.74 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। यह इस प्रतियोगिता का रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रोउजर के ही नाम था। क्रोउजर ने वर्ष 2016 में इस प्रतियोगिता में 22.28 मीटर थ्रो कर रिकॉर्ड बनाया था।

मैनचेस्टर सिटी ने ईपीएल में बनाया रिकॉर्ड

लंदन, इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के वर्ष 2020-21 सीजन की शुरुआत जीत के साथ की। मैनचेस्टर सिटी ने अपने पहले मैच में वोल्स को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी के लिये केविन डी ब्रुएन, फिलिप फोडेन और गेब्रिएल जीसस ने गोल किये। इस जीत के साथ ही मैनचेस्टर सिटी ने लगातार 10 सीजन में ओपनिंग मैच जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया है। उल्लेखनीय है कि मैनचेस्टर सिटी अब तक 6 बार ईपीएल का खिताब जीत चुकी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

बिहार विधानसभा चुनाव 2020
चुनाव कार्यक्रम घोषित

भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि कोविड काल में तीन चरणों में चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण का चुनाव 28 अक्टूबर को, दूसरे चरण का तीन नवंबर और तीसरे चरण का चुनाव सात नवंबर को कराया जाएगा। चुनावों के नतीजों का ऐलान 10 नवंबर को किया जाएगा। गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा सीटों की संख्या 243 है, इनमें से पहले चरण में 71, दूसरे चरण में 94 और तीसरे चरण में 78 सीटों के लिये मतदान होगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री का संबोधन

पुराने ढांचे के साथ आज की चुनौतियों से नहीं निपट सकते

संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन

- **बहुपक्षीय सुधार की है आवश्यकता।**
- **जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के ध्वज तले शांति और विकास के कार्यों को बेहतर किया, उनको अर्पित की गई श्रद्धांजलि।**

दिया। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि पचहत्तर वर्ष पहले युद्ध की विभीषिका से एक नई उम्मीद पैदा हुई। मानव इतिहास में पहली बार पूरी दुनिया के लिए एक संस्था बनाई गई थी। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एक संस्थापक हस्ताक्षरकर्ता के रूप में भारत उस महान दृष्टिकोण का हिस्सा था। इसने भारत के अपने दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम' को प्रतिबिंबित किया, जो पूरी सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखता है।

संयुक्त राष्ट्र के कारण आज हमारी दुनिया बेहतर जगह बन पाई है। हम उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के ध्वज तले शांति और विकास के कार्यों को बेहतर किया है। इसमें संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन भी शामिल है, जहां भारत का अग्रणी योगदान रहा है।

हालांकि हमने काफी कुछ हासिल किया है, लेकिन मूल मिशन अब भी अधूरा रह गया है। हम आज जिस दूरगामी घोषणा-पत्र को अपना रहे हैं, इससे पता चलता है कि इन क्षेत्रों में अभी भी काफी काम करने की जरूरत है जैसे संघर्ष को रोकने में, विकास सुनिश्चित करने में, जलवायु परिवर्तन को रोकने में, असमानताओं को कम करने में और डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने में। इस घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र में सुधार की आवश्यकता को भी स्वीकार किया गया है।

हम पुराने ढांचे के साथ आज की चुनौतियों से नहीं निपट सकते। संयुक्त राष्ट्र व्यापक सुधार के बिना विश्वास संबंधी संकट से जूझ रहा है। आज की परस्पर संबद्ध दुनिया के लिये हमें एक ऐसे बहुपक्षीय सुधार की आवश्यकता है, जो आज की वास्तविकताओं को दर्शाता हो, सभी हितधारकों को आवाज देता हो, समकालीन चुनौतियों को दूर करता हो और मानव कल्याण पर ध्यान केंद्रित करता हो। भारत इस दिशा में अन्य सभी देशों के साथ काम करने के लिये तत्पर है।

ब्रेक्जिट बिल

राजनयिक क्लूनी ने पद छोड़ा

ब्रेक्जिट बिल के विरोध में ब्रिटेन की राजनयिक और पेशे से बैरिस्टर अमल क्लूनी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्लूनी ने यह फैसला सरकार के विरोध में किया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा है कि वे बहुत सोच समझ कर अपना पद छोड़ रही हैं। बैरिस्टर क्लूनी के पास मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय कानून की विशेषज्ञता है।

उनकी नियुक्ति अप्रैल 2019 में इस पद पर की गई थी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये कहा कि मीडिया की आजादी और ब्रेक्जिट के विरोध में वे अपना पद छोड़ रही हैं।

अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि ब्रिटिश सरकार के मीडिया की आजादी से संबंधित खेदजनक सुझावों के कारण पद छोड़ रही हैं।

ज्ञात रहे कि अमल क्लूनी अमेरिका

और लंदन में प्रैक्टिस करने वाली क्वालीफाइड वकील हैं। उन्होंने वर्ष 2002 में न्यूयॉर्क में प्रैक्टिस की थी और वह इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस और द इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में भी काम कर चुकी हैं। ज्ञात रहे कि ब्रिटेन 31 जनवरी 2020 को ईयू से अलग हो चुका है।

एक नवम्बर 2020 से

विश्वविद्यालयों की इस सत्र की कक्षाएं होंगी शुरू

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने निर्देश दिये हैं कि इस वर्ष का शैक्षणिक सत्र 1 नवंबर से देश भर में शुरू हो

- **सभी विश्वविद्यालय 31 अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे।**
- **इस सत्र में शैक्षणिक कैलेंडर तय समय पर पूरा करेंगे।**

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

जायेगा। स्नातक और परा-स्नातक की प्रथम वर्ष की पढ़ाई के लिये प्रवेश प्रक्रिया और परीक्षा कार्यक्रम की कार्य सूची को भी जारी कर दिया गया है। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों की पहली परीक्षा मार्च 2021 के दूसरे हफ्ते में होगी। ज्ञात रहे कि कोरोना संक्रमण के चलते मार्च 20 से बंद पड़े विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने को लेकर यूजीसी ने प्रोफेसर आर.सी. कुहाड़ की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। जिसकी सिफारिश के बाद ये निर्णय लिये गये हैं। यूजीसी ने इससे पहले इसी कमेटी के सुझावों के आधार पर अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को लेकर निर्देश जारी किये थे। जिसमें सभी विश्वविद्यालयों को 30 सितम्बर तक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं कराना अनिवार्य था। इसे लेकर हुआ विवाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही सुलझा था। इसी बीच यूजीसी ने नई गाइडलाइन में सभी विश्वविद्यालयों से 18 नवम्बर 2020 तक हर हाल में रिजल्ट घोषित करने को कहा है।

भोपाल सहित पांच ट्रिपल आईटी को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा

भोपाल सहित देश के पांच ट्रिपल आईटी को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिलाने वाले विधेयक को राज्यसभा से मंजूरी मिल गई है।

लोकसभा में यह विधेयक पिछले सत्र में पास हो गया था। अब ये संस्थान भी अन्य ट्रिपल आईटी की तरह ही डिग्री और नये कोर्स शुरू कर सकेंगे। ये नये पांच संस्थान सूरत, भोपाल, भागलपुर, अगरतला और रायचूर में हैं।

गौरतलब है कि अब तक देश में 20 ट्रिपल आईटी में से 15 को ही राष्ट्रीय महत्व का दर्जा मिला था।

दक्षिण फिलीपींस और पापुआ गिनी में भूकंप के जोरदार झटके

दक्षिणी फिलीपींस के प्रांत सुरिगाओ डेल सुर और पापुआ गिनी के पैंगुना शहर से कुछ दूरी पर भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजी एंड ज्वालामुखी (फिवोलक्स) ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई है। भूकंप का केन्द्र 77 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। ज्ञात रहे कि फिलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके 'रिंग ऑफ फॉयर' होने के कारण जल्दी-जल्दी आते हैं। वहीं दूसरी ओर पापुआ गिनी के पैंगुना शहर से पश्चिम में 185 किलोमीटर दूर भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी



भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार इस भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 5.0 मापी गई है। सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केन्द्र 6.6131 डिग्री तीव्रता अक्षांश और 153.8302 डिग्री पूर्वी देशांतर में 10 किलोमीटर की गहराई में था।

जकार्ता में बाढ़ ने मचाई तबाही

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता जहां एक ओर कोरोना संक्रमण से जूझ रही है, वहीं दूसरी तरफ यहां बाढ़ और भूस्खलन ने बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक पश्चिम जावा प्रांत के सुकाबुमी जिले में आई बाढ़ ने अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। बचावकर्मियों ने तुरंत ही आपदा राहत के साथ ही मुसलाधार बारिश से बचाने के लिये लगभग 210 परिवारों को शेल्टर होम पहुंचाया। जिले में भारी बारिश और भूस्खलन से 9 बस क्षतिग्रस्त हुईं और 10 पुल डूब गये।

अमेरिका ने ईरान पर लगाये प्रतिबंध

अमेरिका ने एक नये आदेश के अनुसार ईरान पर कुछ नये प्रतिबंधों को लागू कर दिया है और कहा है कि ईरान का साथ देने वालों के खिलाफ भी अमेरिका सख्त रहेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार अमेरिका प्रशासन ईरान की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल और पारंपरिक हथियारों को रोकने के लिये हर उपकरण का उपयोग करेगा।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने एक बयान में कहा कि ईरान पर

संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध अब अनिश्चित काल के लिये फिर से लागू किये गये हैं और यह तब तक लागू रहेंगे जब तक ईरान अपने व्यवहार में बदलाव नहीं करता है।

ईरान की मदद करने वालों की संपत्ति यूएस में होगी सीज

अमेरिका ने घोषणा की है कि ईरान की मदद करने वाले लोगों की अमेरिका में स्थित संपत्तियों को सीज कर दिया जायेगा।

- **अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान से पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति, बिक्री या सहायता करने वाले लोगों की संपत्ति को यूएस में ब्लॉक किया जायेगा।**

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भी ईरान को हथियारों की आपूर्ति या फिर आर्थिक सेवाएं

प्रदान की हैं उन सभी को अमेरिका में स्थायी संपत्तियों से वंचित किया जायेगा। ज्ञात रहे कि अमेरिका ने यह प्रतिबंध अपने एक शीर्ष अधिकारी की ओर से दिये गये उस बयान के बाद लगाया है, जिसमें कहा गया था कि ईरान बहुत जल्द ही इस साल के आखिर तक परमाणु हथियार बना सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि प्रतिबंधों के बावजूद ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को जारी रख सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।